ऋ०मं०१ सू०१२० ।

अश्विनौदेवते, औशिजोदैर्घतमसः कक्षीवानृषिः ।

विनियोगः-

१—९ । आदितो नवर्चो घर्माभिष्टवे विनियुक्ताः (आ० ४।६।३)
शिष्टाणां लैङ्गिकः ।

सूक्त का भाषार्थ ।

हे अश्विनो ! आप को कौनसा यज्ञ रुचता है ? कौन (ऐसा भाग्यशाली है जो) आप को प्रसन्न करने में तत्पर है, (मुझ जैसा) अज्ञ कैसे आप की सेवा करे ? । १ । अज्ञानी इन्हीं विद्वान (अश्विनों) से (स्तुति और पूजा करने की विधि को) पूछे, इनसे दूसरा (अर्थात् मनुष्य) अज्ञ है, सचमुच मरणधर्मी (मनुष्य) के लिये यही कोट (की न्याईं आश्रय दाता) हैं । २ । ऐसे विद्वानों को हम बुलाते हैं, वे आप हम को स्तुति का भजन बतावें * आप का भक्त हवि देता हुआ आप को अत्यन्त नमस्कार करता है । ३ । हे तेजस्वी (अश्विनो !) मैं बालक की न्याईं देवताओं से अद्भुत वषट्कार से † किये हुए (होम का तत्व) पूछता हूं, (हे देवो !) आप दोनों (हम से) अधिक बल वाले से हमारी रक्षा करें, प्रचण्ड (शत्रु) से हमें बचावें ।४। हे अश्विनो ! जो वाणी भृगु जैसे (महात्मा)

---

* अर्थात् स्तुति के भजन बनाने की शक्ति हम को देवें, जैसे मंत्रद्रष्टा ऋषियों को दी थी ।

† दर्श पौर्णमास आदि इष्टियों में मंत्र पढ़ कर अन्त में 'वौ३षट्' ऐसा बोल कर अग्नि में आहुति डाली जाती है । इसका नाम वषट्कार है ॥

घोषा के पुत्र * में सजती है और जिस वाणी से पञ्चवंशी (कक्षीवान) आप को पूजता है, वह वाणी सफल हो, जैसे उद्योगी विद्वान (सफलमनोरथ होता है) ।५। हे अश्विनो! आप मुझ पंछी † के स्तोत्र को सुनो, सचमुच मैं ही आप के लिये कूका हूं, हे सौन्दर्य्य के स्वामी! आप (अन्धों को) आंखें देने वाले हो ।६। आप ही महत्त्व के देने वाले हो, आप ही महत्त्व के छीनने वाले हो, हे धन वालो, ऐसे आप हमारे सुरक्षक बनो और पाप चींतने वाले चोर से हम को बचाओ ।७। हमें किसी वैरी के हाथ मत सौंपो, स्तनों द्वारा पालने वाली हमारी गौएँ बछड़ों से वियुक्त होकर घर से बाहर किसी अयोग्य स्थानमें न जावें ।८। आपके भक्त अपने मित्र-वर्ग के पोषण के लिये आप को दोहन करें, आप हमें बलयुक्त धन (की प्राप्ति) के लिये योग्य करें, आप हमें गौओं से युक्त अन्न (की प्राप्ति) के लिये योग्य बनावें ।९। मैंने बहुत अन्न के स्वामी अश्विनों के रथ को जो बिना घोड़ों के चलता है पालिया है, मैं उस (रथ) से बहुत कामनाएँ प्राप्त करूंगा ।१०। हे धन से पूर्ण (रथ)! तू मुझे विस्तारयुक्त कर, इस सुख के भंडार रथ को (अश्विनदेव) मनुष्यों की ओर सोम पीने के स्थान में ले जाते हैं ।११। अब मैं (दुष्ट) स्वप्न से खिन्न हूं और उस धनी से जो भोग नहीं करता, ये दोनों शीघ्र नष्ट होंगे ॥१२॥

---

* घोषा कक्षीवान की पुत्री और ऋ० १०।३९,४० की द्रष्टा ऋषि है, घोषा का पुत्र सुहस्त्य ऋ० १०,४१का द्रष्टा है।

† ऋषि अपने आप को पंछी कहते हैं, जिस की कूक यह स्तोत्र है।

अश्विनौदेवते निचृद्गायत्रीछन्दः ।८।७।८

का राधद्धोत्राऽश्विनावा कोवां जोषउभयोः । कथाविधात्यप्रचेताः ॥ १ ॥

का	कः	कौन
राधत्	रोचते (लेटयडागमः)	भाता है
होत्रा	यज्ञः (निघं० ३।१७)	यज्ञ
अश्विना	हे अश्विनौ !	हे अश्विदेवो
वाम्	युवाभ्याम्	तुम दोनों के लिये
कः	कः	कौन
वाम्	युवयोः	तुम्हारे
जोषे	प्रीणने	प्रसन्न करने में

उभयोः	उभयोः	दोनों के
कथा	कथम् (प्रकारवचने था प्रत्ययः किमःकादेशश्च)	कैसे
विधाति	परिचरेत् (निघं०३।५,लेट्यडागमः)	सेवा करे
अप्रऽचेताः	अज्ञः	न जानने वाला

संस्कृतार्थः।

हे अश्विनौ ! को यज्ञः युवाभ्यां रोचते ? उभयोर्युवयोः प्रीणने कः (तत्परः?,) अज्ञः (युवाम्) कथं परिचरेत् ? ॥ १ ॥

भाषार्थः।

हे अश्विनो ! कौनसा यज्ञ आपको भाता है ? आप को प्रसन्न करनेमें कौन (तत्पर है?) न जानने वाला कैसे (आप की) सेवा करे ? ॥१॥

अश्विनौदेवते विराट्ककुप्छन्दः ।८।११।७

विद्वांसाविद्दुरःपृच्छे दविद्वानि-

त्थाऽपरोअचेताः । नूचिन्नुमर्तं अक्रौ ॥ २ ॥

विद्वांसौ	विद्वांसौ	दोनों विद्वानों को
इत्	एव	ही
दुरः	द्वाराणि,स्तुति-परिचरणयो-रुपायान्इत्यर्थः	द्वारों को अर्थात् स्तुति और पूजा के उपायों को
पृच्छेत्	पृच्छेत्	पूछे
अविद्वान्	अजानन्	न जानता हुआ
इत्था	आभ्याम्	इन दोनों से
अपरः	अन्यः	दूसरा
अचेताः	अज्ञः	अज्ञ
नु	नु+	—

चित्	नु+चित्, किं न	क्या नहीं
नु	खलु	सचमुच
मर्ते	मरणधर्मणे (क्विप्)	मरण धर्मी के लिये
अक्रौ	प्राकारौ (निघं०४।३)	कोट

संस्कृतार्थः ।

अजानन् (मनुष्यः एतौ) विद्वांसौ एव स्तुति-पूजनयोरुपायान् पृच्छेत्, आभ्याम् अन्यः अज्ञः (अस्ति,) किम् (एतौ) मरणधर्मणे प्राकारौ न ? ॥२॥

भाषार्थः ।

न जानता हुआ (मनुष्य इन) विद्वानों से ही स्तुति और पूजा के उपायों को पूछे इनसे दूसरा अज्ञानी (है,) क्या (ये) मरणधर्मी के लिये कोट नहीं (हैं ?) ॥ २ ॥

अश्विनौदेवते काविराट्छन्दः । ९।१२।९

ताविद्वांसाहवामहेवां तानोवि-

विद्वांसामन्मवोचेतमद्य । प्रार्चद्दयमानोयुवाकुः ॥ ३ ॥

ता	तौ	उन दोनों को
विद्वांसा	विद्वांसौ (विभक्तेरात्वम्)	विद्वानों को
हवामहे	आह्वयामः	हम बुलाते हैं
वाम्	युवाम्	तुम दोनों को
ता	तौ	वे दोनों
नः	अस्मभ्यम्	हमारे लिये
विद्वांसा	विद्वांसौ	विद्वान
मन्म	स्तुतिगीतम् (आ० को०)	स्तुति के भजन को
वोचेतम्	कथयतम्	बताओ

अद्य	अद्य	आज
प्र	प्र +	—
आर्चत्	प्र+आर्चत्, सुतरां नमस्करोति (लडर्थेलङ्)	अत्यन्त नमस्कार करता है
दयमानः	(हविः) ददानः	(हवि)देता हुआ
यवाकुः	युवां कामयमानः (कमेर्डुः,प्रत्यय;अविभक्तावपि व्यत्ययेन युवादेशः आत्वंच)	आपकी कामना करता हुआ

संस्कृतार्थः ।

विद्वांसौ तौ युवाम्(वयम्)आह्वयामः,तौ विद्वांसौ (युवाम्) अस्मभ्यं स्तुतिगीतं कथयतम्, अद्य युवयोरभिलाषुकः (हविः) प्रयच्छन् (सन्) सुतरां नमस्करोति ॥३॥

भाषार्थः ।

उन आप विद्वानों को हम बुलाते हैं, वे विद्वान आप हमारेलिये स्तुति के गीत को बनावें, आज आपका अभिलाषी (हवि) देता हुआ खूब नमस्कार करता है ॥ ३ ॥

अश्विनौदेवते नष्टरूपाछन्दः ।९।१०।१३।

विपृच्छामिपाक्याऽइनदेवान्

वषट्कृतस्याऽअद्भुतस्यदस्रा । पातंच

सह्यसीयुवंचरभ्यसीनः ॥ ४ ॥

वि	वि+	–
पृच्छामि	वि+पृच्छामि	पूछता हूं
पाक्या	बालः (सुपामितिविभक्तेर्डा)	बालक
न	इव	की न्याईं
देवान्	देवान्	देवताओं को
वषट्ऽकृतस्य	वषट्कृतस्य	वषट्कार किये हुए के
अद्भुतस्य	अद्भुतस्य	अद्भुत के

दस्रा	हे उग्रो !	हे उग्रो
पातम्	रक्षतम्	बचाओ
च	(पूरणः)	–
सह्यसः	बलवत्तरात्	अधिक बलवान से
युवम्	युवाम्	तुम दोनों
च	च	और
रभ्यसः	प्रचण्डात्	प्रचंड से
नः	अस्मान्	हम को

संस्कृतार्थः ।

हे उग्रो ! (अश्विनौ !) अहं देवान् बाल इव अद्भुतस्य वषट्कृतस्य (होमस्य विषये) पृच्छामि, युवाम् अस्मान् बलवत्तरात् प्रचण्डाच्च (मनुष्यात्) रक्षतम् ॥ ४ ॥

भाषार्थः ।

हे उग्र (अश्विनो !) मैं देवताओं से बालक

की न्याईं अद्भुत वषट्कार किये हुए (होम के विषय में) पूंछता हूं, आप हम को अधिक बलवाले से और प्रचंड (मनुष्य) से बचावें॥ ४ ॥

यज्ञ में जो वषट्कार उच्चारण करके हवि दी जाती है, उसका रहस्य बालक बन कर देवताओं से पूछने से ही समझ में आ सकता है युक्तियों से नहीं।

अश्विनौदेवते तनुशिराछन्दः ।११।११।६

प्रयाघोषेभृगवाणेनशोभे ययावाचायजतिपज्रियोवाम् । प्रैषयुर्न विद्वान् ॥ ५ ॥

प्र	प्र-(गच्छतु)	आगे बढे
या	या	जो
घोषे	घोषायाः पुत्रे (सा० भा०)	घोषा के पुत्र में
भृगवाणे	भृगुरिवाऽऽचरणं कुर्वाणे (क्यिपिसति न्यायेन लटःशानच्)	भृगुकी न्याईं आचरण करनेवालेमें

न	इव	मानो
शोभे	शोभते ('लोपस्तः'इति तलोपः)	शोभता है
यया	यया	जिस से
वाचा	वाचा	वाणी से
यजति	यजति	यजन करता है
पञ्जियः	पञ्चवंशीयः	पञ्चवंशी
वाम्	युवाम्	तुम दोनों को
प्र	(पूरणः)	–
इषऽयुः	उद्युक्तः	उद्योगी
न	इव	की न्याईं
विद्वान्	विद्वान्	विद्वान्

संस्कृतार्थः ।

या (वाणी) भृगुरिवाऽऽचरणं कुर्वाणे घोषायाः

पुत्रे शोभते इव, यया (च) वाचा पज्रवंशीयो युवां यजति, (सा वाणी) उद्युक्तो विद्वान् इव प्र-(भवतु) ॥ ५ ॥

भावार्थः ।

जो (वाणी) भृगु की न्याईं आचरण करने वाले घोषा के पुत्र में मानो शोभित होती है (और) जिस वाणी से पज्रवंशी आपका यजन करता है (वह वाणी) उद्योगी विद्वानकी न्याईं प्रभाव युक्त हो॥५॥

पज्रवंशी कक्षीवान कहते हैं कि जैसे उद्योगी विद्वान अपने कर्म्मों में कृतकृत्य होता है इसी प्रकार मेरी वाणी सिद्ध-मनोरथ हो ।

अश्विनौदेवते, अक्षरसङ्ख्ययोष्णिक्छन्दः।१०।१०।८

श्रुतंगायत्रंतक्वानस्या ऽहंचि-
द्धिरिभाश्विनावाम् । आचीशुभ-
स्पतीदन् ॥ ६ ॥

श्रुतम्	श्रृणुतम् (विकरणस्य लुक्)	सुनो

गायत्रम्	स्तोत्रम् (सा० भा०)	स्तोत्र को
तक्ववानस्य	पक्षिणः (भा० को०)	पंछी के
अहम्	अहम्	मैं
चित्	एव	ही
हि	खलु	सचमुच
रिरिभ	कूजितवानस्मि (रेभृशब्दे)	कूका हूं
अश्विना	हे अश्विनौ !	हे अश्विदेवो
वाम्	युवाभ्याम्	तुम दोनों के लिये
आ	खलु	सचमुच
अक्षी०	चक्षुषी	नेत्रों को
शुभः	सौन्दर्य्यस्य (क्रिय)	सौन्दर्य्य के

पती०	हे स्वामिनौ !	हे स्वामियो
दन्	दातारौ	देने वाले

संस्कृतार्थः ।

हे सौन्दर्य्यस्य स्वामिनौ ! अश्विनौ ! (युवाम्) पक्षिणः (मम) स्तोत्रं शृणुतम्, अहमेव युवाभ्यां कूजितवानस्मिखलु,(युवामन्धेभ्यः) चक्षुषी दातारौ खलु (स्थः) ॥ ६ ॥

भाषार्थः ।

हे सौंदर्य के स्वामी अश्विनो ! आप (मुझ)पक्षी के स्तोत्र को सुनो,सचमुच मैं ही आपके लिये कूका हूं, आप सचमुच (अंधों को) आंखें देने वाले हो ॥ ६ ॥

अश्विनौदेवते विष्टारबृहतीछन्दः ।८।१०।१०।८

युवंह्यास्तंमहोरन् युवंवायन्निन-
रततंसतम् । तानोवसूसुगोपास्यातं
पातंनोवृकादघायोः ॥ ७ ॥

युवम्	युवाम्	तुम दोनों
हि	खलु	सचमुच
आस्तम्	आस्तम् (असभुवि)	हुए हो
महः	महत्त्वस्य	महत्त्व के
दन्	रातारौ (रादाने 'दन्' इतिवदस्य प्रक्रिया, सुपामिति विभक्तेःसुः)	देने वाले
युवम्	युवाम्	तुम दोनों
वा	वा	अथवा
यत्	यौ (सुपामिति विभक्तेर्लुक्)	जो
निःऽअततं सतम्	निराकर्तारौ आस्तम् (तसि कम्पने धा०को०)	हटाने वाले हुए हो

ता	तौ (विभक्तेरात्वम्)	वे दोनों
नः	अस्माकम्	हमारे
वसू०	हे धनवन्तौ! (आ० को०)	हे धनवालो
सुऽगोपा	सुरक्षकौ (विभक्तेरात्वम्)	अत्यन्त रक्षक
स्यातम्	भवतम्	हों
पातम्	रक्षतम्	रक्षा करो
नः	अस्मान्	हम को
तकात्	चौरात् (निघं ६।२४]	चोर से
अघऽयोः	पापमिच्छतः (क्यचि सत्युःप्रत्ययः)	पापकी कामना वाले से

संस्कृतार्थः ।

हे धनवन्तौ ! अश्विनौ ! (यौ) युवां महत्त्वस्य दातारौ खलु आस्तम्, यौ वा युवां निराकर्तारौ आस्तम्, तौ (युवाम्) अस्माकं सुरक्षकौ भवतम्, पापमिच्छतः चौरात् (च) अस्मान् रक्षतम् ॥ ७ ॥

भाषार्थः।

हे धनवाले (अश्विनो!) (जो) आप सचमुच महत्त्व के देने वाले हो, अथवा जो आप हरने वाले हो, वे आप हमारे अत्यन्त रक्षक बनो (और) हमें पापी चोर से बचाओ ॥ ७ ॥

अश्विनौदेवते कृतिश्छन्दः । १२।१२।८

माकस्मैधातमभ्यमिचिणे नो माकुचानोगृहेभ्योधेनवोगुः । स्तना-भुजोअशिश्वीः ॥ ८ ॥

मा	मा	मत
कस्मै	कस्मै	किसा के लिये
धातम्	अभि+धातम्, अवस्थापयतम्	सौंपो
अभि	अभि+	–

अमित्रिणो	शत्रवे	शत्रु के ताईं
नः	अस्मान्	हम को
मा	मा	मत
अकुत्र	अयोग्यस्थानम्	अयोग्य स्थान को
नः	अस्माकम्	हमारी
गृहेभ्यः	गृहेभ्यः	घरों से
धेनवः	गावः	गौएँ
गुः	गच्छन्तु (लोडर्थे लुङ् धडमाव:)	जावें
स्तनऽभुजः	स्तनैर्भुञ्जन्ति पालयन्तीति ता (भुजपालने क्विप्)	स्तनों से पालने वालीं
अशिश्वीः	शिशुभिर्वियुक्ताः (सत्यः) (मत्वर्थीय ईकार)	बछड़ों से बिछड़ी (हुईं)

संस्कृतार्थः।

(हे अश्विनौ ! युवाम्) अस्मान् कस्मैचिद् शत्रवे माऽवस्थापतम्, स्तनैः पालयित्र्योऽस्मदीयाः गावो वत्सैर्वियुक्ताः (सत्यः) गृहेभ्यः (अन्यत्र) अयोग्यस्थानं मा गच्छन्तु ॥ ८ ॥

भाषार्थः।

हे (अश्विनो !) आप हमें किसी शत्रु के ताईं मत सौंपो, स्तनों से पालने वाली हमारी गौएं बछड़ों से बिछड़ कर घरोंसे (दूसरी जगह) अयोग्य स्थान में न जावें॥ ८॥

अश्विनौदेवते विराट्छन्दः । ११।११।११

दुहीयन्मिचधितयेयुवाकुराये चनोमिमीतंवाजवत्यै । इषेचनो मिमीतंधेनुमत्यै ॥ ९ ॥

दुहीयन्	दुह्युः (दुहेर्लिङि शस्यरन्, छान्दसो रेफस्यपकारः)	दोहन करें

मित्रऽधितये	मित्राणां पोषणार्थम् (डुधाञ् धारणपोषणयोः)	मित्रों के पालने के लिये
युवाकु	युवां कामयमाना (सुपामिति विभक्तेर्लुक्)	तुम्हारी कामना करने वाले
राये	धनाय	धन के लिये
च	च	और
नः	अस्मान्	हम को
मिमीतम्	योग्यान् कुरुतम्	योग्य करो
वाजऽवत्यै	बलयुक्ताय	बल से युक्त के लिये
इषे	अन्नाय	अन्न के लिये
च	च	और
नः	अस्मान्	हम को

मिमीतम्	योग्यान् कुरुतम्	तैय्यार करा
धेनुऽमत्यै	गोभिर्युक्ताय	गौओं से युक्त के लिये

संस्कृतार्थः।

(हे अश्विनौ !) युवांकामयमानाः (स्तोतारः) मित्राणां पोषणार्थम् (युवाम्) दुह्यः, (युवाम्) अस्मान् बलयुक्ताय धनाय योग्यान्कुरुतम्, अस्मान् गोभिर्युक्तायाऽन्नाय (च) योग्यान्कुरुतम् ॥ ९ ॥

भाषार्थः ।

(हे अश्विनो !) आपकी कामना करने वाले (स्तोता) मित्रों के पालने के लिये (आपको) दोहन करें, आप हमें बल से युक्त धनके लिये योग्य कर, (और) हमें गौओं से युक्त अन्न के लिये योग्य करें ॥ ९ ॥

अश्विनौदेवते गायत्रीछन्दः ।८।८।८

अश्विनोरसनंरथं मनश्वंवाजि-

नीवतोः । तेनाहंभूरिचाकन ।१०।

अश्विनोः	अश्विनोः	अश्विनों के
असनम्	प्राप्तवानस्मि	मैंने पा लिया है
रथम्	रथम्	रथ को
अनश्वम्	अश्वैर्विनैव गन्तुं समर्थम्	घोड़ों के बिना ही चलने वाल को
वाजिनीऽवतोः	बहुलान्नयोः	बहुत अन्नवालों के
तेन	तेन	उसके द्वारा
अहम्	अहम्	मैं
भूरि	प्रभूतम्	बहुत को
चाकन	कामये (कनीकान्तो लिटिरूपम्)	कामना करताहूं

संस्कृतार्थः।

(अहम्) बहुलान्नयोरश्विनोः अश्वैर्विनैव गन्तुं

समर्थं) रथं प्राप्तवानस्मि, तेनाऽहं प्रभूतम्(धनम्) कामये ॥ १० ॥

भावार्थः ।

मैंने बहुत अन्न वाले अश्विनों के घोड़ों से विना ही चलने वाले रथ को पा लिया है, उसके द्वारा मैं बहुत (धन) की कामना करता हूं ॥ १० ॥

जो अश्विनों का प्रकाशमय रूप है वही रथ है, उस को मैंने पा लिया है अर्थात उसका सहारा पकड़ लिया है ।

अश्विनौदेवते गायत्रीछन्दः ।८।८।८

अयंसमहमातनू ह्यातेजनाँअनु ।

सोमपेयंसुखोरथः ॥ ११ ॥

अयम्	अयम्	यह
समह	हे धनसहित ! (घस्य हस्वं छान्दसम्)	हे धन से युक्त
मा	माम्	मुझ को

तनु	विस्तारय	विस्तार युक्त कर
उह्यते	प्राप्यते (वह प्रापणे कर्म्मणि लेट्याडागमः,दीर्घश्छान्दसः)	प्राप्त कराया जाता है
जनान्	जनान्	मनुष्यों को
अनु	प्रति	की ओर
सोमऽपेयम्	सोमपानयोग्यं स्थानम्	सोम पीने योग्य स्थान को
सुऽखः	सुखरूपः	सुखरूप
रथः	रथः	रथ

संस्कृतार्थः ।

हे धन सहित! (रथ!) अयम् (त्वम्)मां विस्तारय, (अयम्) सुखरूपो रथः (अश्विभ्याम्) जनान् प्रति सोमपानयोग्यं स्थानं नीयते ॥ ११ ॥

भाषार्थः ।

हे धन से युक्त (रथ!) यह (तू)मुझे विस्तार

युक्त कर (इस) सुखरूप रथ को (अश्विन) मनुष्यों की ओर सोम पीने के योग्य स्थान में ले जाते हैं ॥ ११ ॥

अश्विनौदेवते गायत्रीछन्दः ।८।८।८।

अधस्वप्नस्यनिर्विदेऽभुञ्जतश्चरितः । उभावस्मिंनश्यतः । १२ ॥

अध	अथ	अब
स्वप्नस्य	स्वप्नात् (पञ्चम्यर्थे षष्ठी)	स्वप्न से
निः	निः+	–
विदे	निः+विदे,निर्विण्णोऽस्मि	खिन्न हूं
अभुञ्जतः	अभुञ्जतः	भोग न करने वाले से
च	च	और

रेवतः	धनवतः	धनवान से
उभा	उभौ	दोनों
ता	तौ	वे
क्षिप्रम्	क्षिप्रम् (सा०भा०	शीघ्र
नश्यतः	नश्यतः	नष्ट होंगे

भाषार्थः ।

(अहम्) इदानीं स्वप्नाद्, अभुञ्जतो धनिनश्च निर्विण्णोऽस्मि तावुभौ क्षिप्रं नश्यतः ।१२।

संस्कृतार्थः ।

मैं अब स्वप्न से और भोग न करने वाले धनी से खिन्न हूं वे दोनों शीघ्र नष्ट होंगे ॥ १२ ॥

इति विंशत्युत्तरशततमं सूक्तम् ॥

ऋ०मं०१सू०१२१।

इन्द्रोदेवता कक्षीवानृषिः।

विनियोगो लैङ्गिकः।

सूक्त का भाषार्थ।

हम अंगिरावंशियों की स्तुति को हमारे रक्षक इन्द्र कब सुनेंगे ? जब हम घर के सब मनुष्य उन का ध्यान करेंगे तब वह अवश्य हमारी पूजा को स्वीकार करने के लिये लंबे कदमों से पधारेंगे।१। वही यशस्वीवीर ऊपरके आकाश को थांमे हुए हैं,वही पृथिवी को सींच कर अन्न पशु और धन को हमारे लिये उत्पन्न करते हैं, वे मनुष्य पशु वृक्ष आदि प्रजा को और सूर्य्य की पत्नी हमारी माता पृथिवी को उत्पन्न करके कृपादृष्टि से देख रहे हैं।२। भात समय के राजा आलस्य रहित इन्द्र अंगिरावंश के प्राचीन पुरुषार्थियों के बुलाने पर प्रतिदिन पहुंचतेथे,ये सौ अरब हीरे जो आकाश में जगमगाते हैं उसी ने बनाए हैं और उसी ने पशु और मनुष्यों के लिये आकाश को थामा हुआ है। ३। हे इन्द्र ! जब आप भक्तों के अर्पण किये हुए सोम से मद युक्त होकर तीन लोक वाले अपने वज्रसे मनुष्यों के साथ द्रोह करने वाले अन्धकार रूपी गुफाके द्वारों को तोडकर खोलतेहो तब सृष्टिक्रम के चलानेके लिये रांभती हुई दिनरूपी गौएँ एक एक करके बाहर निकलती हैं। ४। हे इन्द्र ! जब सब के माता पिता आकाश और पृथिवी ने आपको सृष्टि का असीम बल भेंट किया और मनुष्यों ने अग्निहोत्र द्वारा अमृत के दोहन करने वाली गौ का पवित्र दूध आप के प्रति अर्पण किया।५। तब उषा का प्रकाश बढते २ सूर्य्य का उदय हुआ, अब हम देवताओं की इस विजय पर हर्षित हों, इस सूर्य्य की किरणरूपी

हवियों को ही स्रुवे से सींचते हुए चन्द्रमा * भक्तों के पास प्राप्त होते हैं ।६। हे इन्द्र ! यह आप ही के पुरुषार्थ का फल है कि देवताओं के यज्ञ के निमित्त पशु बांधने का यूप बनाने के लिये चमकीली धार वाली कुल्हाड़ी चल रही है, गाडीवान रात्रि से पहिले घर पहुंचने के लिये बैलों को हांक रहे हैं, गोपाल गौओं को चरा रहे हैं और कर्मठ लोग शीघ्रता से अपना काम कर रहे हैं जिससे अन्धकार के फैलने से पहले कार्य समाप्त होजाए, इन सब कर्मों की सम्भावना इसीलिये है कि आप प्रतिदिन दिन को उत्पन्न करते हो ।७। हे इन्द्र ! जब चार महीने लंबी रात्रि रूप कूए ने प्रकाश को गड़प कर लिया† तब आप उससे युद्ध करते हुए महान आकाश से प्रकाश के आठ महीने रूप आठ घोड़ों को लाए, और आप का अनुमोदन करने के लिये मनुष्यों ने सुनहरी रंग का सोम निचोड़ा और उस को दूध से प्रबल करके आपके ताईं अर्पण किया ।८। हे इन्द्र ! कर्मकुशल त्वष्टा के दिये हुए विद्युतरूपी लोहे के वज्र को जब आपने अपने भक्त कुत्स की रक्षा के लिये आकाश से छोड़ा, तब अनावृष्टिरूप असुर चारों ओर से शस्त्रों से घिर गया, और प्रजा के हितकारी कुत्स के लिये वृष्टि हुई ।९। हे वज्रधारी इन्द्र ! जलों के चोर उस वृत्र की ओर सूर्य्य के छिपने से पहिले विद्युत रूपी वज्र को फैंको, और अनावृष्टि रूप शुष्ण के जमे हुए बल को उखाड़ कर आकाश से निकालो ।१०। हे इन्द्र ! अत्यन्त बल वाले आकाश और पृथिवी भी जो विना पहियों के चलते हैं आपके इस कर्म पर प्रफुल्लित

---

* चन्द्रमा की किरणें सूर्य्य की ही किरणें हैं जो चन्द्रमा पर गिर कर फिर हमारे पास पहुंचती हैं ।

† यह वृत्तांत उस समय का है कि जब आर्य्यजाति उत्तरमेरु के समीपस्थ देशों में रहती थी।

होते हैं कि आपने उस सूअर वृत्र को जो नदिओं में रहता था वज्र से मार कर सुला दिया‡ ।११। हे मनुष्यों के हितकारी इन्द्र! आप अत्यन्त वेग वाले वायु के घोडों से जुड़े हुए रथ पर सवार हों, और जो कवि के पुत्र उशना ऋषि ने स्तुति के बल से आप के लिये वज्र घडा है उस को वृत्र पर चलाने के लिये तीक्ष्ण करो ।१२। हे इन्द्र! जब आपने अपने भक्त पतश के लिये युद्धमें लंबा दिन करने के निमित्त सूर्य्य के घोड़ों को थाम दिया था तब सूर्य्य का घोडा पहिये को न चला सका, फिर आप ने पतश के यज्ञहीन शत्रुओं का नब्बे नदियों के पार गढे में जा पटका ।१३।हे वज्री! इन्द्र! आप इस दरिद्रता से हम लोगों को छुडावें यह जो पाप का रूप हमारे समीप बना रहता है, आप हमें रथ घोड़े और धन से युक्त बल को दें जिस से हम अन्नवान यशस्वी और सच्ची वाणी वाले बनें ।१४। हे बल प्रताप और धन के मूल! इन्द्र! आप की वह दयाबुद्धि जो हम पर थी क्षीण न हो, अन्न हमारे चारों ओर हो, हे स्वामी! हम को गौओं में सांझा दो जिस से हम स्तुति के योग्य बन कर आप के साथ मोद करने वाले बनें ।१५।

---

‡ अर्थात् शरदृतु में धूलीरूप वृत्र को सुला कर नदियों का जल स्वच्छ किया।

इन्द्रोदेवता निचृत्त्रिष्टुप्छन्दः ॥१०।११।११।११।

कदित्थानॄंःपाचंदेवयतां श्रवद्
गिरोअङ्गिरसांतुरण्यन्। प्रयदानड्
विशआहर्म्यस्योरुक्रंसतेअध्वरेय-
ज्ञः ॥ १ ॥

कत्	कदा	कब
इत्था	खलु (आ० को०)	सचमुच
नॄन्	नरान्	नरों को
पाचम्	पाता (पारक्षणे, ताच्छीलिकस्तृन्, व्यत्ययेन सोरमादेशः)	रक्षा करने वाला
देवऽयताम्	देवकामानाम्	देवभक्तों की
श्रवत्	श्रोष्यति (लेट्यडागमः)	सुनेगा

गिरः	स्तुतीः	स्तुतियों को
अङ्गिरसाम्	अङ्गिरसाम्	अंगिराओं की
तुरण्यन्	त्वरांकुर्वन् (तुरण त्वरायाम्)	शीघ्रता करताहुआ
प्र	प्र +	--
यत्	यदा	जब
आनट्	प्र + आनट् व्याप्नोति (निघं० २।१८)	व्याप्त होता है
विश्वः	प्रजाः	प्रजाओं को
आ	सर्वतः	सब ओर से
हर्म्यस्य	गृहिणः (हर्म्यशब्दादर्शआदित्वादच्)	गृहस्थ की
उरु	विपुलम्	चौड़े

क्रंसते	क्रमते (लेट्याडागमेसिप्)	कदम उठाता है
अध्वरे	यज्ञे	यज्ञ में
यजत्रः	यष्टव्यः	पूजनीय

संस्कृतार्थः ।

नराणां रक्षकः (इन्द्रः) त्वरयन् (सन्) कदाखलु देवकामानाम् अङ्गिरसां स्तुतीः श्रोष्यति ? यष्टव्यः (सः) यदा गृहिणः प्रजाः सर्वतो व्याप्नोति (तदा) यज्ञे विपुलतया क्रामति ॥ १ ॥

भाषार्थः ।

नरों के रक्षक (इन्द्र) शीघ्रता करते हुए सचमुच कब देवभक्त अंगिराओं की स्तुतियों को सुनेंगे ? (वह) पूज्य जब गृहस्थ की प्रजाओं को सब ओर-से व्याप्त हो जाएंगे (तब) यज्ञ में चौड़े कदम उठाएँगे ॥ १ ॥

मंत्र के पूर्वार्द्ध में प्रश्न है कि इन्द्र हम अंगिरावंशियों की स्तुति को कब सुनेंगे, उत्तरार्द्ध में उत्तर है कि जब वह पूज्य घर के सारे मनुष्यों के मन में व्याप्त हो जाएँगे, तब चौड़े कदम से शीघ्र यज्ञ में आएँगे और हमारी स्तुतियों को सुनेंगे ॥

इन्द्रोदेवता त्रिष्टुप्छन्दः ।११।११।११।११।

स्तम्भीद्द्यांसधरुणंप्रुषाय

द्दभुर्वाजायद्रविणंनरोगोः । अनु

स्वजांमहिषश्चक्षत्रां मेनामश्वस्य

परिमातरंगोः ॥ २ ॥

स्तम्भीत्	स्तब्धवान्	थांभा है
द्द	(पूरणः)	—
द्याम्	द्युलोकम्	द्युलोक को
सः	सः	उस ने
धरुणम्	धारयितारम् (पृथिवीलोकम्)	पृथिवीलोक को
प्रुषायत्	सिक्तवान् (प्रुषसेचने लटयडागमः, इना प्रायपस्य आयआदेशश्छान्दसः)	सींचा

ऋभुः	मेधावी (निघं० ३।१५)	बुद्धिमान
वाजाय	अन्नाय	अन्न के लिये
द्रविणम्	धनाय (सुपामिति विभक्तेःसुः)	धन के लिये
नरः	वीरः	वीर
गोः	गवे (चतुर्थ्यर्थे षष्ठी)	गौ के लिये
अनु	अनु+	–
स्वऽजाम्	स्वत उत्पन्नाम्	अपने आप से उत्पन्न हुई को
महिषः	महान् (निघं० ३।३)	महान्
चक्षत	अनु+चक्षत,अनुकम्पया दृष्टवान् (चष्टिः पश्यतिकर्म्मा निघं० ३।११)	कृपा से देखा
प्राम्	प्रजाम्	प्रजा को

मेनाम्	पत्नीम्	पत्नी को
अश्वस्य	अश्वस्य	घोड़े की
परि	परितः	सब ओर से
मातरम्	मातरम्	माता को
गोः	पृथिवीम् (द्वितीयार्थे षष्ठी)	पृथिवी को

संस्कृतार्थः ।

मेधावी स वीरः द्युलोकं स्तब्धवान् अन्नार्थं गवामर्थं धनार्थम् (च) पृथिवीलोकं सिक्तवान्, महान् (सः) स्वतःउत्पन्नां प्रजाम् अश्वस्य पत्नीरूपां मातरं पृथिवीम् (च) अनुकम्पया दृष्टवान् ॥ २ ॥

भाषार्थः ।

बुद्धिमान उस वीर ने द्युलोक को थांभा (और) अन्न के लिये, गौओं (और) धन के लिये पृथिवी लोक को सींचा, (उस) महान ने अपने आप से उत्पन्न हुई प्रजा को (और) अश्व की स्त्रीरूप पृथिवी माता को कृपादृष्टि से देखा ॥ २ ॥

'अश्व' सूर्य है और उसकी स्त्री पृथिवी है जो हम सब की माता है ॥

इन्द्रोदेवता त्रिष्टुप्छन्दः ।११।११।११।११

नक्षद्धवमरुणीः पूर्व्यंराट् तुरोविशाम-
ङ्गिरसामनुद्यून् । तक्षद्वज्रंनियुतं
तस्तम्भद्द्यां चतुष्पदेनर्य्यायद्वि-
पादे ॥ ३॥

नक्षत्	प्राप्तवान् (नक्षगतौ)	पहुंचताथा
हवम्	आह्वानम्	पुकार को
अरुणीः	उषसाम् (पूर्वसवर्णदीर्घः)	उषाओं का
पूर्व्यम्	पुरातनम्	प्राचीन को
राट्	राजा (राजतेःक्विप्)	राजा
तुरः	अनलसः	आलस्य से रहित

विशाम्	प्रजानाम्	प्रजाओं के
अङ्गिरसाम्	अङ्गिरसाम्	अंगिराओं के
अनु	अनु+	–
द्यून्	अनु+द्यून्, अनुदिनम्	प्रतिदिन
तक्षत्	निर्मितवान् (अडभावः)	बनाया
वज्रम्	हीरकान् (सुपामितिविभक्तेःसुः)	हीरों को
निऽयुतम्	शतार्बुदम् (ओ०को०)	सौ अरब को
तस्तम्भत्	स्तम्भितवान्	थांभा
द्याम्	द्युलोकम्	द्युलोक को
चतुःपदे	चतुष्पदे	चुपाए के लिये
नृभ्यः	मानुषाय	मानुष के लिये

द्विऽपादे	द्विपदे	दुपाए के लिये

संस्कृतार्थः।

उषसां राजा अनलसः (इन्द्रः) प्रतिदिनम् अङ्गिरोवंशीयानां प्रजानां पुरातनमाह्वानम् (प्रति) प्राप्तवान्, (सः) शतार्बुदं हीरकान् निर्मितवान् चतुष्पदे मानुषाय द्विपदे(च) द्युलोकं स्तम्भितवान् ॥३॥

भाषार्थः।

उषाओं के राजा आलस्यहीन (इन्द्र) प्रतिदिन अंगिरावंशी प्रजाओं के पूर्वकाल में बुलाने पर पहुंचते थे, (उसने) सौ अरब हीरे बनाए (और) चुपायों (और) मानुष दुपाओं के लिये द्युलोक को थांभा ॥ ३ ॥

सौ अरब हीरे अर्थात् तारागण।

इन्द्रोदेवता त्रिष्टुप्छन्दः।११।११।११।११

अस्यमदेस्वर्यदाऋताया ऽपी-

वृतमुस्रियाणामनीकम्। यद्वप्रसर्गेचि-

कक्कुमिवर्त दपद्रुहोमानुषस्यदुरो-
वः ॥ ४ ॥

अस्य	अस्य	इस के
मदे	मदे	मद में
स्वर्यम्	रेभमाणम् (स्वृ शब्दे, यत् प्रत्ययः संज्ञापूर्वकस्य विधेरनित्यत्वाद् वृद्ध्यभावः	रांभते हुए को
दाः	दत्तवानसि (अडभावः)	तूने दिया है
ऋताय	ऋताय	ऋत के लिये
अपिऽव्रतम्	निगूढम्	छिपे हुए को
उस्रियाणाम्	गवाम् (निघं० २।११)	गौओं के
अनीकम्	समूहम्	झुंड को

यत्	यदा	जब
ह	खलु	सचमुच
प्रऽसर्गे	आघाते	प्रहार में
त्रिऽककुप्	त्रिशिखरोपेतः	तीन नोक वाला
निऽवर्तत्	नितरांवर्तते (लेटयडागमः)	प्रवृत्त होता है
अप	अप+	–
द्रुहः	द्रोहकर्त्रीणि	द्रोह करनेवालोंको
मानुषस्य	मनोः सम्बन्धिनः	मनु संबंधी के
दरः	द्वाराणि	द्वारों को
वः०	अप + वः, अपावृणोति, उद्घाटयतीत्यर्थः (लडर्थे लुङ्यडभावः च्लेर्लुक्, गुणे हल्ङ्याद्विलोपः)	खोल देता है

संस्कृतार्थः ।

(हे इन्द्र ! त्वम्) अस्य (सोमस्य) मदे ऋताय रेभमाणं निगूढं गवां समूहं दत्तवानसि, यदा खलु त्रिशिखरोपेतः (वज्रः) आघाते प्रवर्त्तते (तदा सः) मनोः सम्बन्धिन्याः (प्रजायाः) द्रोहकर्त्रीणि द्वाराणि उद्घाटयति ॥ ४ ॥

भावार्थः ।

(हे इन्द्र !) आपने इस (सोम) के मद में ऋत के लिये गौओं के झुंड को दिया है, जब तीन नोक वाला (वज्र) सचमुच वध करने में प्रवृत्त होता है (तब वह) मनु की (प्रजाओं) के साथ द्रोह करने वाले द्वारों को खोल देता है ॥ ४ ॥

रांभती हुई गौएँ दिन हैं जिन को पणि छिपा कर रखता है, इन गौओं को इन्द्र ऋत अर्थात् सृष्टिक्रम के चलाने के लिये अपने तीन नोक वाले वज्र से पणि की गुफाओं के द्वारों को तोड कर निकालते हैं और शीतऋतु की लम्बी रात्रि के पश्चात् फिर दिन रूपी गौएँ एक एक करके बाहर निकलती हैं ॥

इन्द्रो देवता त्रिष्टुप्छन्दः ।११।११।११।११

तुभ्यं पयो यत्पितरावनीतां राधः सुरेतस्तुरणे भुरण्यू । शुचि यत्ते रेक्ण-

आयजन्त सवर्दुघायाःपयउस्रि-
यायाः ॥ ५ ॥

तुभ्यम्	तुभ्यम्	तेरे लिये
पयः	बलम् (आ० को०)	बल को
यत्	यदा	जब
पितरौ	पितरौ	माता (और) पिता
अनीताम्	आनीतवन्तौ (लडिशपोलुक्)	लाए
राधः	उपहारम् (आ० को०)	भेट को
सुरेतः	सुवीर्ययुक्तम्	सुन्दर वीर्य से युक्त को
तुरणे	त्वरोपेताय (तुरण त्वरायां क्विप्)	शीघ्रकारी के लिये
भरण्यू०	धारयित्र्यौ (भुरण धारणे, औणादिक उप्रत्ययः)	धारण करने वाले

शुचि	शुद्धम्	पवित्र को
यत्	यदा	जब
ते	तुभ्यम्	तेरे लिये
रेक्णः	धनम् (निघं०२।१०)	धन को
आ	आ+	—
अयजन्त	आ+अयजन्त, अर्पितवन्तः	अर्पण किया
सवःऽदुघायाः	अमृतस्य दोग्ध्याः (सा०भा०)	अमृत के दोहने वाली के
पयः	पयः	दूध को
उस्रियायाः	गोः	गौ के

सरलार्थः।

(हे इन्द्र!) क्षिप्रकारिणे तुभ्यं यदा धारयित्र्यौ (द्यावापृथिव्यौ) सुवीर्य्योपेतं बलरूपम् उपहारम्

आनीतवन्तौ,यदा(च मनुष्याः)अमृतस्य दोग्ध्र्याःगोः पवित्रं पयोरूपंधनं तुभ्यम् अर्पितवन्तः ॥ ५ ॥

भाषार्थः ।

(हे इन्द्र !) शीघ्रकारी आप के लिये जब धारण करने वाले माता (और) पिता (द्यौ और पृथिवी) सुन्दर वीर्य्य से युक्त बलरूप भेट को लाए (और) जब (मनुष्यों ने) अमृत के दोहने वाली गौ के पवित्र दुग्धरूप धन को आप के ताईं अर्पण किया ॥ ५ ॥

इस का संबंध अगले मंत्र के साथ है ।

मंत्र के उत्तरार्द्ध में अग्निहोत्र की ओर सूचना है, सृष्टि की आसुरी शक्तियाँ जगत में अन्धकार को फैलाना चाहती हैं, और देवता मनुष्य के हितकारक प्रकाश को उत्पन्न करना चाहते हैं, देवताओं के इस प्रयत्न में मनुष्य भी अग्निहोत्र द्वारा सहायता कर सकता है ॥

इन्द्रोदेवता त्रिष्टुप्छन्दः ।११।११।११।११

अधप्रजज्ञेतरणिर्ममत्तु प्रवोच्यस्याउषसोनसूरः।इन्द्र्येभिराष्टस्वेदुहव्यैः स्रुवेणसिञ्चन्जरणाभिधाम ॥ ६ ॥

अध	तदानीम्	तब
प्र	प्र+	–
जज्ञे	प्र+जज्ञे,प्रादुर्बभूव	प्रकट हुआ
तरणिः	शीघ्रगामी (निघं० २।१५)	शीघ्रगामी
ममत्तु	मादयतु (मदीहर्षेमन्तर्भावित-ण्यर्थादस्माद् विकरणस्य श्लुश्छान्दसः)	हर्ष से युक्त करे
प्र	प्र+	–
रोचि	प्र+रोचि,प्रदीप्तोऽभूत् (रुच दीप्तौ लुङि व्यत्ययेन च्लेश्चिणादेशः)	प्रदीप्त हो गया
अस्याः	अस्याः	इस से
उषसः	उषसः	उषा से

न	इव	मानो
सूरः	सूर्य्यः	सूर्य्य
इन्दुः	सोमः	सोम
येभिः	यैः	जिन से
आष्ट	प्राप्नोति	प्राप्त होता है
स्वऽइदु-हव्यैः	स्वतोदीप्तैर्हव्यैः (अिन्धीदीप्तौ, पृषोदरादित्वाद्रूपसिद्धिः)	अपने आप चमकतीहुई हवियों से
स्रुवेण	स्रुवेण	स्रुव के द्वारा
सिञ्चन्	सिञ्चन्	सींचता हुआ
जरणा	स्तोतॄणाम् (जरतिःस्तुतिकर्म्मा निघं० ३।१४ विभक्तेराकारः)	स्तुति करने वालों के
अभि-	प्रति	की ओर

धाम	स्थानम्	स्थान को

संस्कृतार्थः।

तदा शीघ्रगामी सूर्य्यः अस्या उषसः प्रदीप्तइव प्रादुर्बभूव(अयमस्मान्) मादयतु, यैः स्वतः प्रदीप्तैः हव्यैः स्रुवेण सिञ्चन् सोमः स्तोतॄणां स्थानं प्रति प्राप्नोति ॥ ६ ॥

भाषार्थः।

तब शीघ्रगामी सूर्य्य मानो इस उषा से प्रदीप्त होकर प्रकट हुआ (यह हमें) हर्षित करे, जिन स्वयं चमकती हुई हवियों से स्रुव के द्वारा सींचता हुआ चन्द्रमा भक्तों के स्थान को प्राप्त होता है ॥ ६ ॥

इस की पूर्ति पिछले मंत्रसे है।

सूर्य्य का उदय होना देवताओं की विजय का सूचक है, इस लिये हमें प्रत्येक सूर्य्यउदय पर हर्षित होना चाहिये।

स्वयं चमकती हुई हवियाँ सूर्य्यकी किरणें हैं जो चन्द्रमापर गिर कर चन्द्ररश्मिरूप से हमारे पास आती है,मानो इन को स्रुवे से सींचता हुआ चन्द्रमा हमारे स्थान को प्राप्त होता है।

इन्द्रोदेवता त्रिष्टुप्छन्दः ।११।११।११।११

स्विध्मायद्वनधितिरपस्यात

सूरोअध्वरेपरिरोधनागोः । यद्वप्र-
भासिक्लृप्तऽयाँअनुद्यून्नर्विशेपप्रिव-
पेतुराय ॥ ७ ॥

सऽइध्मा	सुदीप्यमाना	खूब चमकतीहुई
यत्	यत्	जो
वनऽधितिः	वृक्षादनी (आ० को०)	कुल्हाड़ी
अपस्यात्	कर्म्मोद्युक्ताभवति (अपइति कर्म नाम निघं० २।१ क्यचि सति लेटयडागमः)	कर्म्ममें तत्पर होती है
सूरः	विदुषः (षष्ठ्याःसुः)	विद्वान के
अध्वरे	यज्ञे	यज्ञ में

परि	परि+	–
रोधना	परि+रोधना,बन्धनाय (चतुर्थ्याः डा)	बांधने के लिये
गोः	पशोः	पशु के
यत्	यत्	जो
ह	खलु	सचमुच
प्रऽभासि	अनु+प्रभासि, अनुदिनं प्रदीपयसि (अन्तर्भावितण्यर्थ)	तू प्रतिदिन प्रकाशित करता है
कृत्व्यान्	कर्म्मयोग्यान् (कृत्वीति कर्मनाम निघं० २।१ तत्रसाधुरितिवत्)	कर्म्म करने में योग्यों को
अनु	अनु +	–
द्यून्	दिवसान्	दिनों को

अनविशे	अनसा शकटेन प्रविशते (विशतेःक्विपिसति 'अहरादीनां-'इति वार्तिकेन सकारस्य रेफादेशः)	गाडीवान केलिये
पशुऽइषे	पशूनां प्रेरकाय (इषगतौ, अन्तर्भावितण्यर्थादस्मात् क्विप्)	पशुओं के हांकने वाले के लिये
तुराय	त्वरमाणाय	शीघ्रता करते हुए के लिये

संस्कृतार्थ :।

हे इन्द्र ! यद् विदुषो यज्ञे पशोर्बन्धनाय सुदीप्यमाना वृक्षादनी कर्मोद्युक्ता भवति, यत् (च) खलु शकटेन प्राप्नुवते, पशुवाहकाय, त्वरमाणाय (च) कर्मयोग्यान् दिवसान् अनुदिनं प्रदीपयास (तत् तवैव वीर्य्यस्य फलम्) ॥ ७ ॥

भाषार्थः ।

हे इन्द्र ! जो विद्वान के यज्ञ में पशु के बांधने के लिये खूब चमकने वाली कुल्हाड़ी अपना काम करती है, (और) जो सचमुच गाडीवान के लिये, पशु हांकने वाले के लिये(और) शीघ्रता करने वाले

के लिये काम करने योग्य दिनों को प्रतिदिन प्रकाशित करते हो(वह आपके ही वीर्यका फल है)॥७॥

कुल्हाड़ी अपना काम करती है अर्थात् यूप बनाने के लिये वृक्ष को काटती है ॥

इन्द्रोदेवता भुरिक्त्रिष्टुप्छन्दः ।१२।११।११।११

अष्टा महो दिव आदो हरीइह द्युम्नासाहमभियोधानउत्सम्। हरिं यत्ते मन्दिनं दुक्षन्वृधे गोरभसमद्रिभिर्वाताप्यम् ॥ ८ ॥

अष्टा	अष्टौ (विभक्तेरात्वम्)	आठ
महः	महतः	महान से
दिवः	द्युलोकात्	द्युलोक से
आदः	आनीतवानसि (आ०को०)	तू लाया है

हरी॰	अश्वान् (वचनव्यत्ययः)	घोड़ों को
इह	इह	यहां
द्युम्नऽसहम्	प्रकाशस्याऽभिभवितारम्	प्रकाश के दबाने वाले को
अभि	प्रति	की ओर
योधानः	युध्यमानः	युद्ध करता हुआ
उत्सम्	कूपम्	कूए को
हरिम्	हरिद्वर्णम्	सुनहरी रंग वाले को
यत्	यदा	जब
ते	तुभ्यम्	तेरे लिये
मन्दिनम्	मदकारकम्	मद करने वाले को
धुक्षन्	अधुक्षन् (गडभावः)	दोहा

वृधे	वृद्धयै	वृद्धि के लिये
गोऽरभसम्	पयसा प्रबलीकृतम्	दूध से बलयुक्त किये हुए को
अद्रिऽभिः	पाषाणैः	पत्थरों से
वाताप्यम्	सोमरसम् (आ०को०)	सोमरस को

संस्कृतार्थः ।

(हे इन्द्र ! त्वम्) प्रकाशस्य अभिभवितारं कूपं प्रति युध्यमानः (सन्) महतो द्युलोकाद् अष्टाश्वान् आनीतवानसि, यदा (मनुष्याः) तुभ्यं हरिद्वर्णं, पयसा प्रबलीकृतं, मदकारकम् (च) सोमरसं पाषाणैः दुग्धवन्तः ॥ ८ ॥

भाषार्थः ।

(हे इन्द्र !) प्रकाश के दबाने वाले कूप के प्रति युद्ध करते हुए आप महान द्युलोक से आठ घोडों को लाए जब (मनुष्यों ने) आप के लिये सुनहरी रंगवाले, दूध से बल युक्त किये हुए (और) मदकारक सोमरस को पत्थरों से दोहा ॥ ८ ॥

(१) प्रकाश के दबाने वाला कूप उत्तर देशों की चार महीने की लंबी शीतकाल की रात्रि है ॥

(२) आठ घोड़े प्रकाश के आठ महीने हैं ॥

इन्द्रोदेवता त्रिष्टुप्छन्दः ।११।११।११।११

त्वमायसंप्रतिवर्तयोगो दिवोअ-
श्मानमुपनीतमृभ्वा। कुत्सायय-
चपुरुहूतवन्वञ् चक्रुष्णमन्तःप-
रियासिबध्वैः । ९ ।

त्वम्	त्वम्	तू ने
आयसम्	लोहमयम्	लोहे वाले को
प्रति	प्रति+	—
वर्तयः	प्रति+वर्तयः, विसृष्टवानसि (लङ्यडभावः)	फैंका
गोः	गवादिपशूपलक्षितस्य चर्मणः	चमड़े के
दिवः	द्युलोकात्	द्युलोक से

अश्मानम्	वज्रम्	वज्र को
उपऽनीतम्	प्रापितम्	लाए हुए को
ऋभ्वा	कर्मकुशलेन (त्वष्ट्रा)	काम में चतुर (त्वष्टा) के द्वारा
कुत्साय	कुत्साय	कुत्स के लिये
यत्र	यस्मिन् (काले)	जब
पुरुऽहूत	हेबहुभिराहूत !	हे बहुतों से बुलाए हुए
वृन्वन्	रक्षांकुर्वन् (यास्कः)	रक्षा करता हुआ
शुष्णम्	शुष्णम्	शुष्ण को
अनन्तैः	अनन्तैः	अनेकों से
परिऽयासि	परिगतवानसि (लडर्थेलट्)	तूने घेर लिया है
वधैः	हननसाधनैः (आयुधैः)	शस्त्रों से

संस्कृतार्थः ।

हे बहुभिराहूत ! (इन्द्र !) त्वं कर्मकुशलेन (त्वष्ट्रा) आनीतं लोहमयं वज्रं चर्मणः (सकाशेन) द्युलोकाद् विसृष्टवानसि यदा कुत्साय रक्षां कुर्वन् अनन्तैरायुधैः शुष्णं परिगतवानसि ॥ ९ ॥

भावार्थः ।

हे बहुतों से बुलाए हुए (इन्द्र !)आपने काम में चतुर (त्वष्टा) से लाए हुए लोहे के वज्र को चर्म के द्वारा द्युलोक से फैंका जब कुत्स के लिये रक्षा करते हुए आपने शुष्ण को अनेक शस्त्रों से घेर लिया ॥ ९ ॥

(१) वज्र को छोड़ने के लिये हाथ में चर्म पहना जाता है ॥

(२) शुष्ण पृथिवी को सुकाने वाला अनावृष्टि रूप असुर है।

इन्द्रोदेवता त्रिष्टुप्छन्दः ।११।११।११।११

पुरायत्सूरस्तमसोअपीतेस्तमद्विवःफलिगंहेतिमस्य । शुष्णस्य चित्परिहितंयदोजो दिवस्परिसुग्रथितंतदादः ।१० ।

पुरा	पूर्वम्	पहिले
यत्	यावत्	जबतक
सूरः	सूर्य्यस्य (षष्ठ्याः सुः)	सूर्य्य के
तमसः	अन्धकारेण (तृतीयार्थे षष्ठी)	अंधकार के द्वारा
अपिऽइतेः	लयात् (आ०को०)	लय से
तम्	तम्	उस को
अद्रिऽवः	हे वज्रिन्!	हे वज्रधारी
फलिऽगम्	वृत्रम् (प्रति) (निघं० १।१०)	वृत्र (की ओर)
हेतिम्	वज्रम् (निघं० २।२०)	वज्र को
अस्य	प्रक्षिप (असुक्षेपणे)	फेंको
शुष्णस्य	शुष्णस्य	शुष्ण का

चित्	(पूरणः)	–
परिऽहितम्	व्याप्तम्	व्याप्त
यत्	यत्	जो
ओजः	बलम्	बल
दिवः	द्युलोकस्य	द्युलोक के
परि	उपरि	ऊपर
सुऽग्रथितम्	संघट्टितम्	गठा हुआ
तत्	तत्	उस को
आ	आ+	–
अदः०	आ+अदः, सर्वतो-विदारय (दृविदारणे;लोडर्थे लङि विकरणस्य लुक्)	सब ओर से तोड़ो

संस्कृतार्थः।

हे वज्रिन्! (इन्द्र !) अन्धकारेण सूर्यस्य

लयात्पूर्वं यावत् (तावत्) तं वृत्रम् (प्रति) वज्रं प्रक्षिप, दिव उपरि यद् संघट्टितं शुष्णस्य व्याप्तं बलम् (चाऽस्ति) तत् सर्वतो विदारय ॥ १० ॥

भाषार्थः ।

हे वज्रधारी (इन्द्र !) अन्धकार द्वारा सूर्य्य के लय होने से पहले२ उस वृत्र की (ओर) वज्र को फैंको, (और) द्यौके ऊपर जो गठा हुआ शुष्ण का व्याप्त बल (है) उसको सब ओर से तोड़ो ॥ १० ॥

फलिग, शुष्ण, ये दोनों अनावृष्टि रूप असुरों के कल्पित नाम हैं ।

इन्द्रोदेवता त्रिष्टुप्छन्दः ।११।११।११।११

अनुत्वामहीपाजसीअचक्रे द्यावाक्षामामदतामिन्द्रकर्म्मन् । त्वं वृत्रमाशयानंसिरासु महीवज्रेणसिष्वपोवराहुम् । ११ ।

अनु	अनु-(सृत्य)	साथ २
त्वा	त्वाम्	तुझ को
मही०	महत्यौ (सुपामिति विभक्तेःसुः)	बड़ीं
पाजसी०	बलवत्यौ	बल वालीं
अचक्रे०	चक्ररहिते	पहियों से रहित
द्यावाक्षामा	द्यावापृथिव्यौ	द्यौ (और) पृथिवी
मदताम्	मदयुक्तेऽभवताम् (व्यत्ययेन शप्, अड-भावः)	मद से युक्त हुई हैं
इन्द्र	हे इन्द्र !	हे इन्द्र
कर्म्मन्	कर्म्मणि (सुपामिति सप्तम्यालुक्)	कर्म्म में
त्वम्	त्वम्	तू ने
वृत्रम्	वृत्रम्	वृत्र को

आऽशयानम्	निवसन्तम् (आ०को०)	रहने वाले को
सिरासु	नदीषु (निघं० १।१३)	नदियों में
महः	महता (तृतीयार्थे षष्ठी)	महान से
वज्रेण	वज्रेण	वज्र से
सिस्वपः	स्वापितवानसि (अडभावः)	सुलादिया है
वराहुम्	वराहसदृशम्	वराह जैसे को

संस्कृतार्थः ।

हे इन्द्र! (तव)कर्म्मणि चक्ररहिते महत्यौ बलवत्यौ द्यावापृथिव्यौ त्वामनुसृत्य मदयुक्तेऽभवताम्, त्वं नदीषु निवसन्तं वराहसदृशं वृत्रं महता वज्रेण (हत्वा) स्वापितवानसि । ११ ।

भाषार्थः ।

हे इन्द्र ! (आप के) कर्म पर बिना पहियों वाले बड़े बलवान द्यौ (और) पृथिवी आप के साथ मद से युक्त हुए हैं, आपने नदियां में रहने वाले वराह तुल्य वृत्र को महान वज्र से(मारकर)सुलादियाहै।११।

इन्द्रोदेवता निचृत्त्रिष्टुप्छन्दः ।१०।११।११।११

त्वमिन्द्रनृर्यो याँ अवो नॄन् तिष्ठावातस्य सुयुजो वहिष्ठान् । यं ते काव्य उशना मन्दिनं दाद् हृच्छ्रणं पार्यं ततक्षवज्रम् ॥ १२ ॥

त्वम्	त्वम्	तू
इन्द्र	हे इन्द्र !	हे इन्द्र
नर्यः	नृभ्योहितः	मनुष्यों के लिये हितकारी
यान्	यान्	जिन को
अवः	रक्षसि (लेट्यडागमः)	रक्षा करते हो
नॄन्	नरान्	नरों को

तिष्ठ	आरोह (आडोलोपश्छान्दसः)	चढो
वातस्य	वायोः	वायु के
सुऽयुजः	सुयुक्तान्	सुन्दर जुड़े हुओंको
वहिष्ठान्	अतिवोढॄन्	खूब लेचलने वालों को
यम्	यम्	जिस को
ते	तुभ्यम्	तेरे लिये
काव्यः	कवेःपुत्रः	कवि के पुत्र ने
उशना	उशना	उशना ने
मन्दिनम्	मदकरम्	मदकारी को
दात्	दत्तवान् (अडभावः)	दिया है
वृत्रऽहनम्	वृत्रस्य हन्तारम्	वृत्रकेमारनेवालेक।

पाट्र्यम्	(शत्रूणाम्)पारणे-ऽतिक्रमणे समर्थम्	(शत्रुओं के) उलांघने में समर्थ को
ततक्ष	तनूकुरु (लोडर्थेलिट्)	पैनाओ
वज्रम्	वज्रम्	वज्र को

संस्कृतार्थः।

हे इन्द्र!नृभ्योहितस्त्वं यान्नरान् रक्षसि (तान्) अतिवोढ्रून्, वायोः सुयुक्तान् (अश्वान्) आरोह, (अपिच) कवेःपुत्रः उशना वृत्रस्य हन्तारम् (शत्रून्) अतिक्रमितुं समर्थं मदकरं यं वज्रं तुभ्यं दत्तवान् (तम्) तनूकुरु।१२।

भाषार्थः।

हे इन्द्र ! मनुष्यों के हितकारी आप जिन नरों की रक्षा करते हो (उन) खूब ले चलने वाले वायु के सुन्दर जुड़े हुए (घोड़ों) पर चढो (और) कवि के पुत्र उशना ने जो वृत्र के मारने वाला (और शत्रुओं के) उलांघने में समर्थ मदकारी वज्र आप को दिया है (उस को) पैनाओ ।१२।

इन्द्रोदेवता त्रिष्टुप्छन्दः।११।११।११।११

त्वंसूरोहरितोरामयोनॄन् भर-
च्चक्रमेतशोनायमिन्द्र। प्रास्यपारं
नवतिंनाव्यानां मपिकर्तमवर्तयोऽ-
यज्यून् ॥ १३ ॥

त्वम्	त्वम्	तू ने
सूरः	सूर्य्यस्य (षष्ठ्याः सुः)	सूर्य्य के
हरितः	हरिद्वर्णान्	सुनहरी रंग वालों को
रमयः	उपरमितवानसि (अडभावउपसर्गा-भावश्च)	रोका है
नॄन्	नरान्	नरों को
भरत्	वोढुमशकत् (अडभावः)	लेचलसका

चक्रम्	चक्रम्	पहिये को
एतशः	एतशः	एतश
न	न	नहीं
अयम्	अयम्	यह
इन्द्र	हे इन्द्र !	हे इन्द्र
प्रऽअस्य	प्रक्षिप्य	फेंक कर
पारम्	पारम्	पार
नवतिम्	नवतिम्	नव्वे को
नाव्यानाम्	नावातार्य्याणाम् (नदीनाम्)	नदियों के
अपि	अपि	भी
कर्तम्	गर्तम् (गस्यकत्वं छान्दसम्)	गढे को
अवर्तयः	प्रापितवानसि	पहुंचाया है

अयज्यून्	यजनरहितान्	यज्ञ न करने वालों को

संस्कृतार्थः।

हे इन्द्र ! त्वं सूर्य्यस्य हरिद्वर्णानश्वान् उपरमितवानसि, अयम् एतशः (सूर्य्यरथस्य) चक्रं वोढुं नाऽशकत् (त्वम्) यजनरहितान् नवतेर्नदीनां पारे प्रक्षिप्य गर्तं प्रापितवानसि ॥ १३ ॥

भाषार्थः।

हे इन्द्र! आपने सूर्य्य के सुनहरी घोड़ों को रोक दिया, यह एतश (सूर्य्य के रथ के) पहिये को न ले चल सका, आपने यज्ञ न करने वालों को नव्वे नदियोंके पार फैंक कर गढे में पहुंचाया है ॥१३॥

एतश सूर्य्य के घोड़े का नाम है, और इन्द्र के उस भक्त का नाम भी है जिस के लिये इन्द्र ने सूर्य्य के रथ को ठैरा कर युद्ध के लिये दिन को लंबा कर दिया था देखो २।१२।५

इन्द्रोदेवता त्रिष्टुप्छन्दः ।११।११।११।११।

त्वंनोअस्याइन्द्रदुर्हणायाः पा

हिवज्रिवोदुरितादभीके । प्रनोवा-

जानुष्यो ३ अश्ववुध्या निषेयन्धि
श्रवसेसूनृतायै ॥ १४ ॥

त्वम्	त्वम्	तू
नः	अस्मान्	हम को
अस्याः	अस्याः	इस से
इन्द्र	हे इन्द्र !	हे इन्द्र
दुःऽहनायाः	दुःखेनहन्तव्यायाः (दरिद्रतायाः) (हन्तेःकर्म्मणिखल् प्रत्ययः)	दरिद्रता से
पाहि	पाहि	रक्षा कर
वज्रिऽवः	हे वज्रिन् !	हे वज्रवाले
दुःऽइतात्	पापात्	पाप से

अभीके	समीपे	समीप में
प्र	प्र+	–
नः	अस्मभ्यम्	हमारे लिये
वाजान्	बलानि	बलों को
रथ्यः	रथयुक्तानि (छन्दसिवनिपौ,इति मत्वर्थीयईकारः)	रथ सहितों को
अश्वऽ बुध्यान्	अश्वाः (विद्यमानत्वेन) बोद्धव्यायेषुतानि	जिनमें घोड़ों का होना निश्चित हो उन को
इषे	अन्नार्थम्	अन्न के लिये
यन्धि	प्र+यन्धि, प्रयच्छ (विकरणस्यलुक्)	दे
श्रवसे	यशसे	यश के लिये
सूनृतायै	प्रियसत्यात्मिकायै वाण्यै	प्यारी (और)सच्ची वाणी के लिये

संस्कृतार्थः।

हे वज्रिन् ! इन्द्र ! त्वमस्मान् समीपे (वर्तमानात्)अस्माद् दारिद्र्यरूपात् पापाद् रक्ष, अन्नार्थं यशसे प्रियसत्यात्मिकायै वाण्यै (च) रथयुक्तानि, अश्वबोधकानि (च) बलानि अस्मभ्यं प्रयच्छ ॥१४॥

भाषार्थः।

हे वज्रवाले इन्द्र ! आप हमें इस समीपवर्ती दारिद्र्यरूप पाप से बचावें, अन्न के लिये, यश के लिये (और) प्यारी (और) सच्ची वाणी के लिये रथ से युक्त (और) अश्वों के बोध कराने वाले बलों को हमारे ताईं दें ॥ १४ ॥

इन्द्रोदेवता त्रिष्टुप्छन्दः।११।११।११।११

मासाते अस्मत्सुमतिर्विदसद्

वाजप्रमहःसमिषोवरन्त । आनो

भजमघवन्गोष्वर्यो मंहिष्ठास्ते

सधमादःस्याम ।१५।

मा	मा	मत
सा	सा	वह
ते	त्वदीया	तेरी
अस्मत्	अस्मासु (सप्तम्यालुक्)	हममें
सुऽमतिः	अनुग्रहात्मिका बुद्धिः	दयाबुद्धि
वि	वि+	–
दसत्	वि+दसत्, उपक्षीयताम् (दसुउपक्षये, लोडर्थे लुङ्)	क्षीण हो
वाजऽप्रमहः	वाजैर्बलैःप्रकृष्टं महस्तेजो यस्य तथोक्तस्तत्सम्बुद्धौ	हे बलों के कारण प्रतापशाली
सम्	सम्+	–

इषः	अन्नानि	अन्न
वरन्त	सम् + वरन्त, संवृण्वन्तु, (वृञ्वरणे व्यत्ययेन) शप्)	चारों ओर हो
आ	आ+	–
नः	अस्मान्	हम को
भज	आ + भज, भागिनःकुरु	भागी बनाओ
मघऽवन्	हे धनवन् !	हे धनवाले
गोषु	गोषु	गौओं में,
अश्व्यः	स्वामी	स्वामी
मंहिष्ठाः	अतिस्तोतव्याः	अत्यन्त स्तुतिके योग्य
ते	तव	तेरे
सधऽमादः	सहमाद्यन्तः (क्विप्)	साथ मोद करने वाले

स्याम	स्याम	हम होवें

संस्कृतार्थः ।

हे बलैस्तेजस्विन् ! धनवन् ! (इन्द्र !) सा त्वदीया दयात्मिका बुद्धिरस्मासु मा उपक्षीयताम्, अन्नानि अस्मान् संवृणवन्तु, स्वामी त्वम् गोषु अस्मान् भागिनः कुरु, (वयम्) अतिस्तोतव्याः (सन्तः) तव सहमादिनो भवेम ॥१५॥

भाषार्थः ।

हे बलोंके कारण प्रतापशाली ! धन वाले (इन्द्र !) वह आप की दयाबुद्धि हम में क्षीण न हो, अन्न हमारे चारों ओर हों, स्वामी आप गौओं में हम को भागी बनावें, हम अत्यन्त स्तुति के योग्य हुए २ आप के साथ मोद करने-वाले हों ॥ १५ ॥

इत्येकविंशत्यधिकशततमं सूक्तम् ॥

ऋ०मं०१ सू० १२२ ।

विश्वेदेवादेवताः कक्षीवानृषिः ।

विनियोगोलैङ्गिकः ।

सूक्त का भावार्थ ।

हे मरुतो ! आप जो क्रोध करके शीघ्र दयालु होजाते हो ऐसे आपके लिये हम दानीरुद्र को हवि अर्पण करते हैं जिस में आपका भी भाग है, मैं रुद्र के साथ मरुतों की स्तुति इस लिये करता हूं कि वे आकाश और पृथिवी के बाणधारी वीरों की न्याईं सदा हमारी रक्षा में तत्पर रहते हैं । १ । दिन और रात्रिदेवता भक्त की पहिली पुकार पर ही पत्नी की न्याईं तुरन्त उत्तर देती हैं, वे भिन्न प्रकार से जानी जाती हैं, एक तो धूएँ जैसे बुने हुए वस्त्रों को पहनती है, दूसरी सूर्य्य की शोभा से सिंगरी हुई ऐसी सुन्दर प्रतीत होती है मानो सोने के आभूषण पहने हुए हैं । २ । भ्रमण करने वाले सूर्य्य का दर्शन हमें मदयुक्त करे, वर्षा करने वाले वायु का स्पर्श हमें मदयुक्त करे, बल के अभिमानीदेवता इन्द्र और महत्त्व के आदर्शरूप पर्वत हमारे उत्साह को बढ़ावें, यह सब देवता हम को धन देने की इच्छा करें ।३। उशिक का पुत्र* मेरे लिये अश्विनों को बुलावे, जो आकर मेरी हवि को खावें, मेरी रक्षा करें और मुझे यश से उज्ज्वल करें, हे आर्य्यगण ! जलों के पुत्र अग्नि का अर्चन करो, और भक्त की माता पृथिवी और पिता आकाश को ध्याओ ।४। हे आर्य्यजन ! तुम्हारे लिये उशिक का पुत्र इन्द्र को पुकारता है जैसे पूर्-

---

* उशिक का पुत्र स्वयं इस मन्त्र का द्रष्टा ऋषि है ।

समय में घोषा ने पति की प्राप्ति के लिये पुकारा था, धनों के बांटने वाले पूषादेव की उदारता को जानता हुआ मैं अग्नि की धनराशि का वर्णन करता हूं। ५। हे मित्र और वरुण! मेरी इस पुकार को सुनो, घर घर में जो आर्य्यजन आपको बुलाते हैं उन सब की पुकार को सुनो, हमारा सिन्धुनद जिस का दान प्रसिद्ध है, जो हमारे खेतों को सींच कर हरे भरे करता है और जो खूब सुनने वाला है जलों के साथ हमारी पुकार को सुने। ६। हे मित्र और वरुण! मैं आपके उस दान की प्रशंसा करता हूं जो आपने मुझे यज्ञ में सौ गौएँ दिलाईं और प्रसिद्ध रथी राजा प्रियरथ को तत्काल पुष्टि दी और वह पुष्टि उसके लिये चिरस्थाई हुई। ७। मैं उस बड़े धनी देवजन के दान की स्तुति करताहूं, हम आर्य्यमनुष्य वीर पुत्रों वाले हुए२ इकट्ठे मिलकर धन को भोगें, देवताओं ने अंगिरावंशियों को बहुत अन्न दिया है और मुझे घोड़े रथ और धन का स्वामी बनाया है। ८। हे मित्र और वरुण! जो मनुष्य सब के साथ द्रोह करता हुआ टेढ़ी चाल से चलता है और आपके साथ द्वेष करता हुआ सोम को नहीं निचोड़ता† उस के हृदय में नाश का मूल यक्ष्मा रोग स्थापन होता है। ‡ और जो मनुष्य दैवीनियम के अनुकूल सत्य पर चलता हुआ स्तुति की वाणियों से आपको प्राप्त होता है। ९। वह मनुष्य देवताओं से प्रेरित होकर अत्यन्त बलवान यशस्वी त्यागशील और सदा शूरवीर होता है, वह

---

† अभिप्राय यह है कि जो नास्तिक बुद्धि रखता हुआ किसी प्रकार से ईश्वर का पूजन नहीं करता।

‡ अर्थात कुछ काल के अनन्तर वह समूल नष्ट हो जाता है॥

युद्ध में निःशंक होकर जाता है और अपने से बड़े से भी नहीं डरता। १०। हे आनन्द के देने वालो! अमर राजाओ! आप अब आकर स्तुति करने वाले भक्त की पुकार को सुनो, आकाश में वेग से चलते हुए आप रथी की पुकार को सुन कर उसे युद्ध में जिता कर धन दिलाते हो, जिससे आपका यश बढ़े। ११। देवताओं ने कहा है कि जो सोम निचोड़ कर यज्ञ में हमें बुलायगा हम उसके लिये बल को लेकर आवेंगे, यश और धन का समूह जिन में स्थिर है ऐसे देवता हमारे यज्ञ में आकर हमसे अर्पण किये हुए अन्न को सेवन करें। १२। जब दस चमसों में सोम को उठाए हुए ऋत्विज लोग आहुति देने के लिये अग्नि की ओर जाते हैं तब हम हर्ष से युक्त होते हैं, जिन के घोड़े और रासें इच्छानुकूल हों वह हम क्या करें, घोड़े मालिक हैं और वीरों को जय के लिये स्वयं युद्ध की ओर प्रेरण करते हैं। १३। जिसके सोने के कान और रत्नों से जड़ी हुई ग्रीवा है उस धनरूप सूर्य्यको देवता हमें देवें, आर्य्य की स्तुति से तत्काल आने वाली उषाएँ स्तुति करने वाले और हवि देने वाले दोनों से प्रेम करें। १४। हे मित्र और वरुण! मुझे राजा मशर्शार ने चार और राजा आयवस ने तीन नई उमर के घोड़े दान किये हैं, मुझ पर अनुग्रह रूपी आपका लंबा रथ चमका है जिस के किरणों के डंडे हैं और जिस का सूर्य्यजैसा प्रकाश है। १५।

विश्वेदेवादेवताः, त्रिष्टुप्छन्दः। ११।११।११।११

प्रवःपान्तंरघुमन्यवोऽन्धो यज्ञं रुद्रायमीळ्हुषेभरध्वम्। दिवोअ-

स्तोष्यसुरस्यवीरैरिषुध्येवमरुतो रोदस्योः ॥ १ ॥

प्र	प्र+	–
वः	युष्मान्	तुम्हें
पान्तम्	पालयन्तम्	पालते हुए को
रघुऽमन्यवः	हेलघुक्रोधाः !	हे शीघ्रगामी क्रोधवाले
अन्धः	अन्नम् (निघं०२।७)	अन्न को
यज्ञम्	यज्ञम्	यज्ञ को
रुद्राय	रुद्राय	रुद्र के लिये
मीळ्हुषे	दानिने	दानी के लिये
भरध्वम्	प्र+भरध्वम्, सम्पादयामः (पुरुषव्यत्ययः)	हम संपादन करते हैं

दिवः	द्युलोकस्य	द्युलोक के
अस्तोषि	स्तौमि (लडर्थे छान्दसो लुङ्)	स्तुति करता हूं
असुरस्य	प्राणवतः	प्राणवान के
वीरैः	वीरैः	वीरों के साथ
इषुध्याऽइव	इषूणांधारकाइव (गुणाभावे यणादेशः, विभक्तेरात्वम्)	बाणोंके धारण करनेवालोंकीन्याइ
मरुतः	मरुतः	मरुत
रोदस्योः	द्यावापृथिव्योः (निघं०)	द्यौ (और) पृथिवी के

संस्कृतार्थः ।

हे लघुक्रोधाः ! (मरुतः !) युष्माकं पालयितारम् अन्नरूपं यज्ञम् (वयम्) दानिने रुद्राय सम्पादयामः, (अहम्) प्राणवतो द्युलोकस्य वीरैः सह(रुद्रम्) स्तौमि (यतस्ते) द्यावापृथिव्योर्बाणानां धारयितारइव (सन्ति) ॥ १ ॥

भाषार्थः।

हे शीघ्रगामी क्रोध वाले (मरुतो!) आपके पालने वाले अन्नरूप यज्ञ को हम दानी रुद्र के लिये संपादन करते हैं, मैं प्राणवान द्युलोक के वीरोंके साथ (रुद्रकी) स्तुति करता हूं (क्योंकि वे) द्यौ (और) पृथिवी के बाण धारण करने वालों की न्याईं (हैं) ॥ १॥

विश्वेदेवादेवताः, त्रिष्टुप्छन्दः ।११।११।११।११

पत्नीवपूर्वहूतिंवावृधध्या उषा-
सानक्तापुरुधाविदाने । स्तरीनाऽ
त्कंव्युतंवसाना सूर्य्यस्यश्रियासुह-
शीहिरण्यैः ॥ २ ॥

पत्नीऽइव	पत्नीव	पत्नी की न्याईं
पूर्वऽहूतिम्	पूर्वाह्वानम्	पहिली पुकार को

वव्रधध्यै	वक्तुम् (वृधुभाषणेतुमर्थेशध्यै प्रत्ययः)	बोलने के लिये
उषसानक्ता	अहोरात्रिदेवते (उभयत्रविभक्तेरात्वम्)	दिन (और) रात्रि देवता
पुरुधा	भिन्नप्रकारेण	भिन्न प्रकार से
विदाने०	ज्ञायमाने (व्यत्ययेनाऽऽत्मनेपदे सति विदेः कर्म्मणि लटः शानच्)	जानी जाती हुई
स्तरीः	धूम्रः (आ०को०)	धूआँ
न	इव	की न्याईं
अत्कम्	वस्त्रम् (आ० को०)	वस्त्र को
विऽउतम्	व्यूतम्	बुने हुए को
वसाना	परिदधाना	पहिनती हुई

सूर्य्यस्य	सूर्य्यस्य	सूर्य्य की
श्रिया	शोभया	शोभा से
सुऽदृशी	शोभनंदृश्यमाना	सुन्दर दीखती हुई
हिरण्यैः	स्वर्णालङ्कारैः	सोनेकेअलंकारोंसे

संस्कृतार्थः ।

भिन्नप्रकारेण ज्ञायमाने अहोरात्रिदेवते पत्नीव पूर्वाह्णाने वक्तुम् (स्पृहयेते,) (एका) धूम्र इव व्यूतं वस्त्रं परिदधाना (आस्ते,द्वितीया तु) सूर्य्यस्य शोभया स्वर्णालङ्कारैः सुदृश्यमाना (विद्यते) ॥ २ ॥

भाषार्थः ।

दिन (और) रात्रि देवता जो भिन्न प्रकार से जानी जाती हैं पत्नी की न्याईं पहली पुकार पर बोलने के लिये (उत्सुक होती हैं,) एक धूएँ की न्याईं बुने हुए वस्त्र को पहिने हुए(हैं,और दूसरी)सूर्य्य की शोभा द्वारा सोने के भूषणों से सुन्दर दीखती(है) ॥२॥

विश्वेदेवादेवता निचृत्त्रिष्टुप्छन्दः ।११।११।११।११

समत्तुनःपरिज्मावसर्हा समत्तु

वातोअपांवृषण्वान्। शिशीतमिन्द्रा-
पर्वतायुवंन स्तन्नोविश्वेवरिवस्य-
न्तुदेवाः॥ ३॥

मम्त्तु	मादयतु (मदीहर्षे, अन्तर्भावितण्यर्थाल्लोटि विकरणस्य श्लुश्छान्दसः)	मद से युक्त करे
नः	अस्मान्	हम को
परिऽज्मा	परितोगन्ता (सूर्य्यः)	भ्रमण करने वाला(सूर्य्य)
वसर्हा	वासरस्यगमयिता (सा०भा०)	दिनके प्राप्त कराने वाला
मम्त्तु	मादयतु	मद से युक्त करे
वातः	वायुः	वायु
अपाम्	अपाम्	जलों के

वृषण्वान्	वर्षणवान्	बरसाने वाला
शिशीतम्	तीक्ष्णीकुरुतम, उत्तेजयतमित्यर्थः	उत्तेजित करो
इन्द्रापर्वता	हे इन्द्रापर्वतौ !	हे इन्द्र (और) पर्वत
युवम्	युवाम्	तुम दोनों
नः	अस्मान्	हम को
तत्	ते (विभक्तेर्लुक्)	वे
नः	अस्मभ्यम्	हमारे लिये
विश्वे	सर्वे	सब
वरिवस्यन्तु	धनंदातुमिच्छन्तु (वरिवइतिधननाम, निघं० २।१० तस्मात्क्यच्प्रत्ययः)	धन देने की इच्छा करें
देवाः	देवाः	देवता

संस्कृतार्थः।

वासरस्य गमयिता परितोगन्ता (सूर्य्यः) अस्मान् मादयतु, अपां वर्षिता वायुः (च)मादयतु, हे इन्द्रापर्वतौ! युवाम् अस्मानुत्तेजयतम्, एते सर्वे देवा अस्मभ्यं धनं दातुमिच्छन्तु॥ ३॥

भाषार्थः।

दिनके प्राप्त कराने वाला (और) चारों ओर भ्रमण करने वाला(सूर्य्य) हमें मद से युक्त करे(और) जलोंके बरसाने वाला वायु मद से युक्त करे,हे इन्द्र (और)पर्वत! आप हमें उत्तेजित करें,ये सब देवता हमारे लिये धन देने की इच्छा करें॥ ३॥

विश्वेदेवादेवताः, त्रिष्टुप्छन्दः।११।११।११।११।

उतत्यामेयशसाप्रवेतनायै व्यन्तापान्तौशिजोहुवध्यै। प्रवोनपातमपांक्षणुध्वं प्रमातरारास्पनस्यायोः।४।

वर्षण्वान्	वर्षणवान्	बरसाने वाला
शिशीतम्	तीक्ष्णीकुरुतम, उत्तेजयतमित्यर्थः	उत्तेजित करो
इन्द्रापर्वता	हे इन्द्रापर्वतौ !	हे इन्द्र (और) पर्वत
युवम्	युवाम्	तुम दोनों
नः	अस्मान्	हम को
तत्	ते (विभक्तेर्लुक्)	वे
नः	अस्मभ्यम्	हमारे लिये
विश्वे	सर्वे	सब
वरिवस्यन्तु	धनंदातुमिच्छन्तु (वरिवइतिधननाम, निघं० २।१० तस्मात्क्यच्प्रत्ययः)	धन देने की इच्छा करें
देवाः	देवाः	देवता

नपातम्	पुत्रम्	पुत्र को
अपाम्	अपाम्	जलों के
कृणुध्वम्	प्र+कृणुध्वम्, अर्चयत (आ०को०)	पूजो
प्र	प्र+(कृणुध्वम्) अर्चयत	पूजो
मातरा	मातरौ (विभक्तेरात्वम्)	माताओं को
रास्पिनस्य	स्तोतुः (निघं०४।३)	स्तोता के
आयोः	मनुष्यस्य (निघं० २।३)	मनुष्य के

संस्कृतार्थः ।

अपिच उशिजः पुत्रो यशसा ममोज्ज्वलनार्थम् (हविः) भक्षयन्तौ रक्षन्तौ (चाऽश्विनौ) आह्वयितुम् (प्रवृत्तो भवत्) (हे आर्य्याः !) यूयम् अपां पुत्रम् अर्चयत, स्तोतुर्मनुष्यस्य मातरौ (द्यावापृथिव्यौ च) अर्चयत ॥ ४ ॥

भाषार्थः ।

और उशिक् का पुत्र यशसे मेरे उज्ज्वल होने के

उत	अपिच	और
त्या	तौ (विभक्तेरात्वम्)	उन दोनों को
मे	मम	मे
यशसा	यशसा	यश से
श्वेतनाये	उज्ज्वलनार्थम्	उज्वल होने के लिये
व्यन्ता	व्यदन्तौ, [हविः] भक्षयन्तौ (दकारलोपश्छान्दसः)	[हवि] भक्षण करने वालों को
पान्ता	पान्तौ	रक्षाकरनेवालों को
औशिजः	उशिजःपुत्रः	उशिक का पुत्र
हुवध्ये	आह्वयितुम् (तुमर्थेशध्यै)	बुलाने के लिये
प्र	प्र+	–
वः	यूयम् (प्रथमार्थेद्वितीया)	तुम सब

औशिजः	उशिजः पुत्रः	उशिक् का पुत्र
हुवध्यै	आ + हुवध्यै, आह्वयितुम्	बुलाने के लिये
घोषाऽइव	घोषेव	घोषा की न्याईं
शंसम्	आह्वानम्	पुकार को
अर्जुनस्य	अर्जुनस्य	अर्जुन की
नंशे	प्राप्तये	प्राप्ति के लिये
प्र	प्र+	—
वः	युष्मदर्थम्	आपके लिये
पूषणे	पूषणम् (द्वितीयार्थेचतुर्थी)	पूषा को
दावने	दानितम्	दानी को
आ	आ+	

लिये उन (हवि) खानेवाले (और) रक्षा करने वाले (अश्विनों) को बुलाने में (प्रवृत्तहो) (हे आर्य्यों !)तुम जलों के पुत्र की पूजा करो (और) स्तोता मनुष्य की माताओं (द्यौ और पृथिवी) की पूजा करो ॥ ४ ॥

विश्वेदेवादेवताः, त्रिष्टुप्छन्दः ।११।११।११।११

आवोरुवण्युमौशिजोहुवध्यै घोषेवृशंसमर्जुनस्यनंशे । प्रवःपूष्णे दावनआँअच्छा वोचेयवसुतातिमग्नेः । ५ ।

आ	आ +	–
वः	युष्मदर्थम्	आप के लिये
रुवण्युम्	गर्जितारम्	गरजने वाले को

औशिजः	उशिजः पुत्रः	उशिक् का पुत्र
हुवध्यै	आ + हुवध्यै, आह्वयितुम्	बुलाने के लिये
घोषाऽइव	घोषेव	घोषा की न्याईं
शंसम्	आह्वानम्	पुकार को
अर्जुनस्य	अर्जुनस्य	अर्जुन की
नंशे	प्राप्तये	प्राप्ति के लिये
प्र	प्र+	
वः	युष्मदर्थम्	आपके लिये
पूष्णे	पूषणम् (द्वितीयार्थेचतुर्थी)	पूषा को
दावने	दानिनम्	दानी को
आ	आ+	

अच्छ	आ + अच्छ, अभिलक्ष्य	लक्ष रख कर
वोचेय	प्र + वोचेय, प्रवक्ष्मि (लडर्थे लिङ्)	कथन करता हूं
वसुऽतातिम्	धनराशिम् (तातिल् प्रत्ययः)	धनराशि को
अग्नेः	अग्नेः	अग्नि की

संस्कृतार्थः ।

(हे आर्य्याः!) उशिजः पुत्रो युष्मदर्थं गर्जितारम् (इन्द्रम्)आह्वयितुम् (प्रवृत्तो भवति) यथा घोषा अर्जुनस्य प्राप्तये आह्वानम् (कृतवती) (अहम्) युष्मदर्थं दानिनं पूषणम्अभिलक्ष्य अग्नेर्धनराशिंवर्णयामि॥५॥

भाषार्थः ।

(हे आर्यगण!) उशिक् का पुत्र आपके लिये गर्जनेवाले (इन्द्र)को बुलानेके लिये (प्रवृत्त होता है) जैसे घोषा ने अर्जुन की प्राप्ति के लिये बुलाया था, मैं आप के लिये दानी पूषा को लक्ष में रख कर अग्नि की धनराशि का वर्णन करता हूं ॥ ५ ॥

घोषा ने पति की प्राप्ति के लिये(इन्द्र को)बुलाया था, सम्भव है कि अर्जुन उस के पति का नाम हो ।

विश्वेदेवादेवताः,त्रिष्टुप्छन्दः ।११।११।११।११

श्रुतंमेमित्रावरुणाहवेमो तश्रुतं सदनेविश्वतःसीम् । श्रोतुनःश्रोतुरातिःसुश्रोतुःसुक्षेत्रासिन्धुरद्भिः ।६।

श्रुतम्	शृणुतम् (विकरणस्यलुक्)	सुनो
मे	मम	मेरी
मित्रावरुणा	हे मित्रावरुणौ !	हे मित्र (और) वरुण
हवा	आह्वानानि (शेर्लोपः)	पुकारों को
इमा	इमानि (,,)	इन को
उत	अपिच	और भी
श्रुतम्	शृणुतम्	सुनो
सदने	गृहे	घर में

विश्वतः	सर्वतः	सब ओर से
सीम्	(पूरणः)	–
श्रोतु	शृणोतु	सुने
नः	अस्माकम्	हमारे
श्रोतुऽरातिः	प्रसिद्धदानः	प्रसिद्ध दानी
सुऽश्रोतुः	सुश्रोता (औणादिकं रूपम्)	खूब सुनने वाला
सुऽक्षेत्रा	सुक्षेत्रः (विभक्तेराल्वम्)	सुन्दर खेतों वाला
सिन्धुः	सिन्धुः	सिन्धु
अत्ऽभिः	अद्भिःसह	जलों के साथ

संस्कृतार्थः ।

हे मित्रावरुणौ!(युवाम्)इमानि मदीयानि आह्वानानि शृणुतं, गृहे(च)विश्वतः (आह्वानानि) शृणुतम्, प्रसिद्धदानः, सुश्रोता, सुक्षेत्रः (च)सिन्धुः अद्भिः सह अस्मान् शृणोतु ॥ ६ ॥

भाषार्थः ।

हे मित्र (और) वरुण ! आप इन मेरी पुकारों को सुनो,(और)घर में सब ओर से (पुकारों को) सुनो, प्रसिद्धदानी, खूब सुनने वाला (और) सुन्दर खेतों वाला सिन्धु जलों के साथ हम को सुने ॥ ६ ॥

विश्वेदेवादेवताः, त्रिष्टुप्छन्दः ।११।११।११।११

स्तुषे सा वां वरुण मित्र राति र्गवां शता पृक्षयामेषु पज्रे । श्रुतरथे प्रियरथे दधानाः सद्यः पुष्टिं निरुन्धानासो अग्मन् । ७ ।

स्तुषे	स्तुवे (व्यत्ययेन मध्यमः)	स्तुति करता हूं
सा	तत् (विभक्तेःसुः)	उस को
वाम्	युवयोः	तुम दोनों के

वरुण	हे वरुण !	हे वरुण
मित्र	हे मित्र !	हे मित्र
रातिः	दानम् (विभक्तेःसुः)	दान को
गवाम्	गवाम्	गौओं का
शता	शतम् (विभक्तेराल्वम्)	सैंकड़ा
पृक्षऽयामेषु	पृक्षाणामन्नानां यामः नियमनं येषुतथोक्तेषु (यज्ञेषु) (पृक्षइत्यन्ननाम निघं०२।७)	अन्न से युक्त हुए (यज्ञों) में
पज्रे	पज्रवंशीये	पज्रवंशी में
श्रुतऽरथे	प्रसिद्धरथोपेते	प्रसिद्धरथवाले में
प्रियऽरथे	प्रियरथे	प्रियरथ में

दधानाः	धारयन्तः	धारण करते हुए
सद्यः	तत्कालम्	तत्काल
पुष्टिम्	पुष्टिम्	पुष्टि को
निऽरुन्धानासः	स्थिरीकुर्वन्तः (जसोऽसुगागमः)	स्थिर करते हुए
अगमन्	प्राप्नुवन्	पहुंचे

संस्कृतार्थः ।

हे वरुण ! हे मित्र ! (अहम्) युवयोः तद् दानं स्तुवे (यद् देवाः) यज्ञेषु पञ्चवंशीये (मयि) गवांशतं, प्रसिद्धरथोपेते प्रियरथे (च) सद्यः पुष्टिं दधानाः स्थिरीकुर्वन्तः (च) प्राप्तवन्तः ॥७॥

भाषार्थः ।

हे वरुण!हे मित्र! मैं आपके उस दानकी स्तुति करता हूं जो यज्ञों के बीच(देवता)(मुझ)पञ्चवंशीमें सौ गौओं को (और) प्रसिद्ध रथ वाले (राजा) प्रियरथ में तत्काल पुष्टि को धारण (और) स्थिर करते हुए पहुंचे ॥ ७॥

विश्वेदेवादेवताः,त्रिष्टुप्छन्दः।११।११।११।११

अस्यस्तुषेमहिमघस्यराधः स-
चासनेमनहुषःसुवीराः। जनीयः
पज्रेभ्योवाजिनीवा नश्वावतोरथि-
नोमह्यंसरिः ।८।

अस्य	अस्य	इस के
स्तुषे	स्तुवे (व्यत्ययेन मध्यमः)	स्तुति करता हूं
महिऽमघस्य	महाधनिन.	महाधनी के
राधः	दानम् (आ०को०)	दान को
सचा	सह (भूत्वा)	इकट्ठे (होकर)
सनेम	सम्भजेम	हम भोगें

ऋ०सं० ६९,७० अङ्कयोः शुद्धयशुद्धिपत्रम्।

पृ०	पं०	अशुद्धम्	शुद्धम्
३१०५	९	यवम्	युवाम्
,,	१३	जार्य्यं	जीर्य्यं
३१०६	१	का	को
३१०७	१६	तुग्राय	तुग्राय
३१०८	१	प	पू
३१०९	१०	रीति	रीतियों
३११०	९	सम	समु
३१११	८	हेवारौ!	हेवीरौ!
३११३	२	अरु	अमु
३११६	१	देवा	देवो
३११९	१७	ष्ण्या	ष्ण्या
,,	,,	युवा	युवा
३१२२	१५	अधे	अधे
अतीवमेधावी गृहेगृहेपुरोहितः सोऽग्निः कौटिल्यरहितं यज्ञम् (ध्यानेन) पश्यति, बुद्ध्या यज्ञं पश्यति, (सः) मेधावी प्रार्थयमानाय विश्वानि जातानि बुद्ध्या स्पर्शयति,यतः घृतंसेवमानः (हविषाम्) वोढा, बुद्धिमानतिथिः प्रादुरभूत् ॥ ४ ॥

भाषार्थः ।

अत्यन्त बुद्धिमान, घर घरमें पुरोहित वह अग्नि कुटिलता से रहित यज्ञ को (ध्यान से) देखते हैं,बुद्धि से यज्ञ को देखते हैं, वह मेधावी प्रार्थना करने वाले के लिये सब उत्पन्नमात्र को बुद्धि द्वारा स्पर्श कराते हैं, जिस से घी को सेवन करने वाले (हवियों के) पहुंचाने वाले बुद्धिमान अतिथि उत्पन्न हुए हैं ॥ ४ ॥

अग्निर्देवता, अत्यष्टिश्छन्दः ।१२।१२।८।८।७।१२।८

क्रत्वायदस्यतविषीषुपृञ्चतेग्ने-

रवेणमरुतांनभोज्येषिरायनभोज्या।

सहिष्मादानमिन्वति वसूनांचम-

ज्मना। सनस्चासतेदुरितादभि-

क्षुतःशंसादघादभिक्षुतः।५।

क्रत्वा	यज्ञेन	यज्ञ से
यत्	यदा	जब
अस्य	अस्य	इस के
तविषीषु	बलेषु (निघं०२।९)	बलों में
पृञ्चते	मिश्रयन्ति (पृची सम्पर्के)	मिलाते हैं
अग्नेः	अग्नेः	

अवेन	प्रेम्णा (भा०को०)	प्रेम से
मरुताम्	मरुताम्	मरुतों के
न	इव	की न्याईं
भोज्या	भक्ष्याणि [हवींषि] (शेर्लोपः)	भक्षण करने योग्य [हावयाँ]
इषिराय	इच्छायुक्ताय (निघं० ४।३)	कामना वाले के लिये
न	इव	की न्याईं
भोज्या	भक्ष्याणि	भक्षण करने योग्य
सः	सः	वह
हि	खलु	सचमुच
स्म	[पूरणः]	–
दानम्	दानम्	दान को

इन्वति	प्रेरयति	प्रेरण करता है
वसूनाम्	धनानाम्	धनों के
च	[पूरणः]	–
मज्मना	बलेन (निघं० २।९)	बल से
सः	सः	वह
नः	अस्मान्	हम को
त्रासते	त्रायते (यस्य सत्वं छान्दसम्)	रक्षा करता है
दुःऽइतात्	पापात्	पाप से
अभिऽइतः	कुटिलस्य (आ०को०)	कुटिल के
शंसात्	परिवादात्	कलंक से
अघात्	कुकर्मणः	कुकर्म से
अभिऽइतः	कुटिलस्य	कुटिल के

संस्कृतार्थः ।

यदा मनुष्याः अस्याग्नेः बलेषु प्रीत्या यज्ञेन मरुताम् [बलम्] इव भोज्यानि [हवींषि] मिश्रयन्ति, यथा इच्छायुक्ताय भोज्यानि (दीयन्ते,) स दानं खलु प्रेरयति, धनानां बलेन (च) अस्मान् कुटिलस्य पापात् कुटिलस्य कुकर्मणः परिवादात् [च] त्रायते ॥ ५ ॥

भाषार्थः ।

जब मनुष्य इस अग्नि के बलों में प्रेम से यज्ञ-द्वारा मरुतोंके (बल) की न्याईं खाने योग्य (हवियाँ) मिलाते हैं, जैसे कामना करनेवाले के लिये भोजन (दिये जाते हैं,) तब वह सचमुच दान को प्रेरण करते हैं, हम को कुटिलता करने वाले के पाप से कुटिलता करने वाले के कुकर्म से (और) कलंक से बचाते हैं ॥ ५ ॥

अग्निर्देवता, अत्यष्टिश्छन्दः १।१।८।८।८।१।८

विश्वो विहाया अरतिर्वसुर्दधे हस्ते दक्षिणे तरणिर्न शिश्रथ च्छ्रवस्ययानशिश्रथत्। विश्वस्माद्रुदिषु-

ऊहिषे	आ+ऊहिषे, नयति (लडर्थेलिटि पचन-व्यत्ययः)	ले जाता है
विश्वस्मै	सर्वस्मै	सब के लिये
इत्	एव	ही
सुऽकृते	सुकर्म्मणे	शुभ कर्म करने वाले के लिये
वारम्	वरणीयम् (धनम्)	वरनेयोग्य (धन) को
ऋणवति	प्रापयति (निघं०२।१४ गति कर्मा)	प्राप्त कराता है
अग्निः	अग्निः	अग्नि
रा	द्वाराणि (शेर्लोपः)	द्वारों को
वि	वि +	—
ऋणवति	वि + ऋणवति, समुद्घाटयति	चौड़े खोल देता है

संस्कृतार्थः ।

विश्वास्मको महेश्वरोऽग्निर्दक्षिणेहस्ते धनं

धारयति, परोपकारीव (च) त्यजति यथा (धनी) यशइच्छया त्यजति, सर्वस्मै एव प्रार्थयमानाय देवेषु हव्यं नयति, सर्वस्मै सुकर्म्मणे वरणीयम् (धनम्) प्रापयति, द्वाराणि (च) समुद्घाटयति ॥ ६ ॥

भावार्थः ।

सब के रूप, महान ईश्वर अग्नि दहिने हाथ में धन को धारण करते हैं, (और) परोपकारी की न्याईं छोड़ते हैं, जैसे (धनी) यश की इच्छासे छोड़ता है, वह सब प्रार्थना करने वालों के लिये देवताओं में हवि लेजाते हैं, सब सुकर्म करने वालों के लिये बरने योग्य (धन)को प्राप्त कराते हैं (और) द्वारों को चौड़ा खोल देते हैं ॥ ६ ॥

अग्निर्देवता, अत्यष्टिश्छन्दः ।१२।१२।८।८।८।१२।८

समानुषेवृजनेशंतमोहितोऽग्नि-

र्यज्ञेषुजेन्योनविश्पतिः प्रियोयज्ञेषु

विश्पतिःसहव्यामानुषाणा मिळा

कृतानिपत्यते । सनस्चासतेवरुण-

स्यधूर्तेर्मृहोदेवस्यधूर्तेः ॥ ७ ॥

सः	सः	वह
मानुषे	मनुष्यसम्बन्धिनि	मनुष्य संबंधी में
व्रजने	प्राचीरे (भा० पां०)	घेरे में
शम्ऽतमः	अत्यन्तं सुखरूपः	अत्यन्त सुखरूप
हितः	स्थापितः	स्थापन किया गया
अग्निः	अग्निः	अग्नि
यज्ञेषु	यज्ञेषु	यज्ञों में
जेन्यः	जयशीलः	जीतने वाला
न	इव	की न्याईं
विश्पतिः	राजा	राजा

प्रियः	प्रियः	प्यारा
यज्ञेषु	यज्ञेषु	यज्ञों में
विश्पतिः	राजा	राजा
सः	सः	वह
हव्या	हव्यानि (शेलोपः)	हवियों को
मानुषाणाम्	मनुष्याणाम्	मनुष्यों की
इळा	स्तुत्या सह	स्तुति के साथ
कृतानि	कृतानि	की हुइयों को
पत्यते	ईष्टे (निघं०२।२१)	स्वामी है
सः	सः	वह
नः	अस्मान्	हम को

त्रासते	त्रायते (यस्यसत्वम्)	रक्षा करता है
वरुणस्य	वरुणस्य	वरुण की
धूर्तेः	हिंसातः	हिंसा से
महः	महतः	महान की
देवस्य	देवस्य	देव की
धूर्तेः	हिंसातः	हिंसा से

संस्कृतार्थः।

सोऽग्निर्मनुष्यसम्बन्धिनि प्राचीरे जयशीलोराजेव अत्यन्तं सुखरूपः (सन्) यज्ञेषुस्थापितः, यज्ञेषुप्रियोराजेव (स्थापितः,)सः स्तुत्या सह कृतानि मनुष्याणां हव्यानि ईष्टे, सोऽस्मान् वरुणस्य हिंसातः त्रायते, महतो देवस्य हिंसातः(त्रायते) ॥७॥

भाषार्थः।

वह अग्नि मनुष्यों के घेरे में जयशील राजा की न्याईं अत्यन्त सुखरूप हुए २ यज्ञों में स्थापन

किये गए हैं, यज्ञों में प्रिय राजा की न्याईं स्थापन किये गए हैं, वह स्तुति के साथ की हुई मनुष्यों की हवियों के स्वामी हैं, वह हमें वरुण की हिंसा से बचाते हैं, महान देवता की हिंसा से बचाते हैं॥ ७॥

अग्निर्देवता, अत्यष्टिश्छन्दः ।१२।१२।८।८।८।१२।८।

अग्निंहोतारमीळतेवसुधितिं प्रियंचेतिष्ठमरतिंन्येरिरे हव्यवाहं न्येरिरे। विश्वायुंविश्ववेदसं होतारंयजतंकविम्। देवासोरण्वमवसेवसूयवो गीर्भीरण्वंवसूयवः ॥ ८॥

अग्निम्	अग्निम्	अग्नि को
होतारम्	होतारम्	होता को

ईळते	पूजयन्ति	पूजते हैं
वसुऽधितिम्	धनस्यधारयितारम्	धन के धारण करने वाले को
प्रियम्	प्रियम्	प्यारे को
चेतिष्ठम्	अतिचेतनाशीलम् (चेतृ छन्दा दिष्टनितृलोपः)	अत्यन्प चेतन को
अरतिम्	ईश्वरम्	ईश्वर को
नि	नि+	–
एरिरे	नि+एरिरे,समीपं प्राप्तवन्तः,	समीप पहुंचे हैं
हव्यऽवाहम्	हविषां वोढारम्	हवियोंके लेजाने वाले को
नि	नि+	–
एरिरे	नि+एरिरे समीपंप्राप्तवन्ता (इरगतौ)	समीप पहुंचे हैं

विश्वऽ आयुम्	सर्वेषां जीवन-रूपम्	सब के जीवन रूप को
विश्वऽ-वेदसम्	सर्वधनोपेतम्	सम्पूर्ण धनों वाले को
होतारम्	होतारम्	होता को
यजतम्	यजनीयम्	यजन करने योग्य को
कविम्	मेधाविनम्	बुद्धिमान को
देवासः	देवाः (जसोऽसुगागमः)	देवता
रघवम्	रमणीयम्	रमणीय को
अवसे	रक्षाऽर्थम्	रक्षा के लिये
वसुऽयवः	धनकामाः	धन की कामना वाले
गीःऽभिः	स्तुतिभिः	स्तुतियों से

रयवम्	रमणीयम्	रमणीय को
वसुऽयवः	धनकामाः	धनकी कामना वाले

संस्कृतार्थः ।

(मनुष्याः) होतारं धनस्यधारयितारं प्रियम् अत्यन्तंचेतनाशीलम् (विश्वस्य)स्वामिनम् (च)अग्निं पूजयन्ति,(तत्-)समीपम्(च)प्राप्तवन्तः,हविषोवोढारं नितरांप्राप्तवन्तः,सर्वेषांजीवनरूपं सर्वधनोपेतं होतारं यजनीयं मेधाविनं रमणीयम्(चाऽग्निम्) धनकामाः देवाःरक्षार्थम् (समीपं प्राप्तवन्तः,) धनकामाः (देवाः) रमणीयम् (अग्निम्) स्तुत्या [प्राप्तवन्तः] ॥८॥

भाषार्थः ।

[मनुष्य] होता, धनके धारण करने वाले, प्यारे, अत्यन्त चेतन [और सब के] स्वामी अग्नि को पूजते हैं, [और उसके] समीप पहुंचे हैं, हवियों के लेजाने वाले [के समीप पहुंचे हैं,] सब के जीवन रूप, सब धनों वाले,होता,यजन करने योग्य, बुद्धिमान (और) रमणीय (अग्नि)को धनकी कामना वाले देवता रक्षा के लिये[समीप पहुंचे हैं]धन का कामना वालेदेवता स्तुतियों से समीप पहुंचे हैं ॥८॥

इत्यष्टाविंशत्युत्तरशततमं सूक्तम्।

ऋ०मं०१ सू०१२९।

इन्द्रोदेवता, परुच्छेपऋषिः।

विनियोगः-

१-११। एतत्सूक्तं दशरात्रस्य षष्ठेऽहनि मरुत्वतीयशस्त्रे विनियुक्तम्। (आ० ८।११४।)

सूक्त का भावार्थ।

हे बल वाले इन्द्र! आप हमारी पूजा को ग्रहण करने के लिये जिस अपने रथ को आगे बढ़ाते हो, हे दोष रहित! जिस को आप आगे बढ़ाते हो, उस को तत्काल हमारी रक्षा में नियुक्त करो, और आपकी इच्छा हो कि हमारा बल बढ़े, हे दोषरहित और शीघ्रकारी! आप हम कवियों की वाणी को बुद्धिमानों की वाणी की न्याईं सुनो। १। हे इन्द्र! जो आप युद्ध की ललकारके समय वीरों से स्तुति किये जाकर बलयुक्त किये जाने योग्य हो, जय के लिये शूरवीरों से बलयुक्त किये जाने योग्य हो, जो आप शूरवीरों के साथ प्रकाश के जीतने वाले हो और बुद्धिमानों को यज्ञ के लिये प्रेरण करते हो, उस बलवान आप को ऐश्वर्यवान आराधन करते हैं जैसे युद्ध के लिये वेगवान घोड़े को। २। हे वीर! गरजने वाले धर्मरूप बादल को आप ही फुलाते हो, आप ही प्रत्येक विरोधी मनुष्य को हटाते हो, विरोधी मनुष्य का परित्याग करते हो, हे इन्द्र! मैं उस प्रसिद्ध स्तोत्र को आपके लिये उच्चारण करता हूं, स्वयं यश वाले रुद्र के लिये मित्र और वरुण के लिये और द्यौ के लिये

---

२ "शूरवीरों के साथ प्रकाश के जीतने वाले" अर्थात इस तामसी दस्युओं के देश में सतोगुणी आर्य्यजाति की सभ्यता का प्रकाश फैलाने वाले।

उच्चारण करता हूं, अत्यन्त दयालु वरुण के लिये विख्यात स्तोत्र-को उच्चारण करता हूं ।३। हे आर्य्यगण! आप की रक्षा के लिये हम अपनेसखा सब के जीवनरूप और प्रबल सहायक इन्द्र की कामना करते हैं, युद्ध में प्रबल सहायक इन्द्र की कामना करते हैं, हे इन्द्र! आप सब युद्धों में रक्षा के लिये हमें स्तोत्र उच्चारण करने के लिये प्रेरण करो, आप से शत्रु नहीं बच सकता जिस को आप घेर लेते हो, जिन सब शत्रुओं को आप घेर लेते हो।४। हे उग्र! प्रत्येक शत्रु के घमंड को नीचा करो, जलती हुई लकड़ियों से मानो नीचा करो और हम को अपनी रक्षाओं से पहले की न्याईं रस्ता दिखाओ, हे शूर! आप निष्पाप जाने गए हो, इसलिये भगवैया बनकर मनुष्य के सब पापों को दूर करके उस की रक्षा करते हो,वह आप हमारे समीप ठैर कर हमारे नेता बनो।५। जो बलवान सोम सब से बुलाने योग्य इन्द्र की न्याईं स्तोत्र को प्रेरण करता है, राक्षसों के मारने वाले स्तोत्र को प्रेरण करता है, मैं उस से यह प्रार्थना करूं कि वह निन्दक की दुष्टबुद्धि को वध करने के शस्त्रों द्वारा हम से दूर हटावे और पाप की प्रशंसा करने वाला अत्यन्त नीचे गिरे और अणु की न्याईं नष्ट हो ।६। हे धनवान इन्द्र! हम ध्यान युक्तवाणी द्वारा यह वर माँगे, धन और बड़ी वीरताको माँगें,रमणीय और बड़ी वीरता वाले धन को माँगें, कठिनता से मनाने योग्य इन्द्र को सुन्दर स्तोत्रों से और हवियों द्वारा प्रसन्न करें, पूजने योग्य को प्रबल पुकारों से प्रसन्न करें ।७। हे आर्य्यगण! जो इन्द्र यश की इच्छा से हमारे और आपके समान रक्षक हैं,वह दुष्ट चित्त वाले विरोधियों को दूर हटाने में तत्पर हों, दुष्ट चित्त वालों के चोर डालनेमें तत्पर हों, जो वज्र राक्षसों ने हमारी ओर फेंका है वह स्वयं उन्हीं को मारनेके लिये लौटे,हम तक न पहुंचे,फेंका हुआ शक्तिअस्त्र हम तक न पहुंचे।८। हे इन्द्र! आप हमारे पास बहुत धन लेकर आवें,विघ्न-

रहित मार्ग से आवें, राक्षसरहित मार्ग से आवें, हम घर से दूर हों वा समीप, दोनों अवस्थाओं में आप हमारे साथ रहें, आप दूर और समीपमें अपनी रक्षाओं द्वारा हमारा पालन करें, सदा रक्षाओं द्वारा पालन करें ।९। हे सबसे अधिक बली ! पालन कर्ता ! रक्षक ! मरण रहित ! इन्द्र ! आप हमारे पास तारने वाले धन को लेकर आवें, मित्र की न्याईं रक्षाके लिये आने वाले आप का बल बढ़े, हे प्रत्येक वीर के रक्षक ! वज्रधारी ! हमसे अन्य किसी दूसरे को पीड़ित करो, हे वज्री ! जो हम को पीड़ा देना चाहता है उसको पीड़ित करो ।१०। हे इन्द्र ! आप जो बहुत स्तुति किये गयेहैं और पाप चीतनों वालों को नीचे गिराने वाले हैं,आप जो देवता होकर पाप चींतने वालोंको नीचे गिराते हैं, आप जो पापी राक्षस के मारने वाले और मुझ सरीखे स्तोता की रक्षा करने वाले हैं, ऐसे आप हमें पीड़ा से बचावें, हे धन वाले ! इसीलिये आप को पिता ने जना है, हे धन वाले ! राक्षसों के मारने वाले आप को जना है ॥ ११ ॥

इन्द्रोदेवता,अत्यष्टिश्छन्दः।११।१२।७।८।८।१४।८

यंत्वंरथमिन्द्रमेधसातये पाका सन्तमिषिरप्रणयसि प्रानवद्यनयसि। सद्यश्चित्तमभिष्टये करोवशश्च वाजिनम् । सोस्माकमनवद्यतूतुजानवेधसा मिमांवाचंनवेधसाम्।१।

यम्	यम्	जिस को
त्वम्	त्वम्	तू
रथम्	रथम्	रथ को
इन्द्र	हे इन्द्र !	हे इन्द्र
मेधऽसातये	यज्ञस्य प्राप्तये (आ०को०)	यज्ञ की प्राप्ति के लिये
अपाका	पश्चादवस्थितम् (आ०को०,सुपामितिविभक्तेरात्वम्)	पीछे ठैरे हुए को
सन्तम्	सन्तम्	हुए २ को
इषिर	बलवन् ! (आ०को०)	हे बलवान्
प्रऽनयसि	अग्रेनयसि	आगे ले जाते हो
प्र	प्र+	–
अनवद्य	हे अनिन्द्य !	हे निन्दा से रहित

नयसि	प्र + नयसि, अग्रे नयसि	आगे ले जाते हो
सद्यः	सद्यः	तत्काल
चित्	एव	ही
तम्	तम्	उस को
अभिष्टये	रक्षायै (आ०को०)	रक्षा के लिये
करः	कुरु (लेटि व्यत्ययेन शप्)	करो
वशः	कामयस्व (लेटयडागमः)	इच्छा करो
च	च	और
वाजिनम्	बलम् (आ०को०)	बल को
सः	सः	वह
अस्माकम्	अस्माकम्	हमारी

अनवद्य	हे दोषरहित !	हे दोष से रहित
तूतुजान	हे त्वरमाण (निघं०२।१५)	हे शीघ्रकारी
वेधसाम्	कवीनाम् (आ०को०)	कवियों की
इमाम्	इमाम्	इस को
वाचम्	वाचम्	वाणी को
न	इव	की न्याईं
वेधसाम्	मेधाविनाम्	बुद्धिमानों की

संस्कृतार्थः ।

हे बलवन्! इन्द्र ! त्वम् (अस्मद्-) यज्ञस्य प्राप्तये पश्चादवस्थितं यम् (निज-) रथम् अग्रे नयसि, हे अनिन्द्य ! (यं त्वम्) अग्रे नयसि,तं सद्यः (अस्मत्-) रक्षायै कुरु, (अस्मदर्थम्)बलम् (च)कामयस्व,हे दोषरहित ! त्वरमाण ! (इन्द्र !) सः(त्वम्)अस्माकं कवीनाम् इमां वाचं मेधाविनाम् (वाचम्) इव(शृणु) ॥१॥

भाषार्थः ।

हे बलवान इन्द्र ! आप (हमारे) यज्ञकी प्राप्ति के लिये पीछे ठैरे हुए जिस (अपने) रथ को आगे बढ़ाते हो, हे निन्दा से रहित ! जिसको (आप) आगे बढाते हो, उसको तत्काल हमारी रक्षा के लिये करो (और)हमारे लिये बल की कामना करो, हेदोषसे रहित ! शाघ्रकारी (इन्द्र !) वह (आप) हम कवियों की इस वाणी को बुद्धिमानोंकी (वाणी की) न्याईं(सुनो)॥१॥

इन्द्रोदेवता, अत्यष्टिश्छन्दः ।१२।१२।८।८।८।१२।८

सःश्रुधियःस्मापृतनासुकासु-

चि हृक्षाय्यइन्द्रभरहूतयेनृभि रसि

प्रतूर्तयेनृभिः । यःशूरःस्वः१ःसनिता

योविप्रैर्वाजंतरुता । तमीशानासइर-

धन्तवाजिनं पृक्षमत्यंनवाजिनम्।२।

सः	सः	वह
श्रुधि	शृणु	सुनो
यः	यः	जो
स्म	(पूरणः)	–
पृतनासु	संग्रामेषु (निघं०२।१७)	युद्धों में
कासु	कासु + चित् सर्वेष्वपि	सब में
चित्	+चित्	–
दृढाय्यः	बलीकार्य्यः	बलयुक्त करने योग्य
इन्द्र	हे इन्द्र !	हे इन्द्र
भरऽहूतये	संग्रामसम्बन्धिन-आह्वानाऽर्थम् (भरहूतिसंग्राम नाम निघं०२।१७)	युद्ध की पुकार के लिये

नृऽभिः	वीरः	वीरों के साथ
असि	असि	तू है
प्रऽतूर्तये	जयाय	जय के लिये
नृऽभिः	नरः	नरों के साथ
यः	यः	जो
शूरः	शूरैः	शरवीरों के साथ
स्वः०	प्रकाशम्	प्रकाश को
सनिता	जेता	जीतने वाला
यः	यः	जो
विप्रैः	मेधाविभिः	बुद्धिमानोंके साथ
वाजम्	यज्ञम्	यज्ञ को

तरुता	प्रेरयिता (ईकारस्योकारश्छान्दसः)	प्रेरण करनेवाला
तम्	तम्	उस को
ईशानासः	ऐश्वर्य्यवन्तः (जसोऽसुगागमः)	ऐश्वर्य्यवाले
इरधन्त	आराधयन्ति (इरध्आराधने कण्ड्वादेराकृतिगणत्वाच्छान्दसंरूपम्)	आराधना करते हैं
वाजिनम्	बलवन्तम्	बलवान को
पृत्सु	युद्धार्थम् (निघं०२।१७चतुर्थ्यर्थे द्वितीया)	युद्ध के लिये
अत्यम्	अश्वम् (निघं० १।१४)	घोड़े को
न	इव	जैसे
वाजिनम्	वेगवन्तम्	वेग वाले को

संस्कृतार्थः ।

हे इन्द्र ! सः (त्वम्) शृणु, यः (त्वम्) सर्वेष्वपि युद्धेषु सङ्ग्रामसम्बन्धिन आह्वानार्थं वीरैः प्रबलीकार्य्यः जयार्थं नरैः(प्रबली कर्तव्यः)असि,शूरैः प्रकाशस्य

जेता (असि,) यः(च त्वम्) मेधाविभिर्यज्ञस्य प्रेरयिता (असि,) तं बलवन्तम् (त्वाम्) ऐश्वर्यवन्तो युद्धाय वेगवन्तम् अश्वमिव आराधयन्ति ॥ २॥

भाषार्थः ।

हे इन्द्र ! वह आप सुनें, जो आप सब युद्धों में संग्राम की पुकार के लिये बलयुक्त करने योग्य (हैं) जय के लिये नरों से (बल युक्त करने योग्य) हैं, जो (आप) शूरवीरों के साथ प्रकाश के जीतने वाले हैं (और) जो (आप) बुद्धिमानों के द्वारा यज्ञ के प्रेरण करने वाले हैं, उस बलवान (आप को) ऐश्वर्यवान आराधन करते हैं जैसे युद्ध के लिये वेग-वाले घोड़े को (आराधन करते हैं) ॥ २ ॥

इन्द्रोदेवता, अत्यष्टिश्छन्दः । १२।१२।८।८।८।१२।८,

दस्मोहिष्माहपणंपिन्वसित्वचं

कञ्चिद्यावीररुंशूरमर्त्यंपरिहणा-

ञ्चिमर्त्यम् । इन्द्रोततुभ्यंतद्दिवे-

तद्रद्रायस्वयशसे । मिचायवोचंवरु-
णायसप्रथः सुमृळीकायसप्रथः । ३।

दस्मः	अद्भुतः	अद्भुत
हि	एव	ही
स्म	(पूरणः)	–
वृषणम्	वर्षणशीलम्	बरसने वाले को
पिन्वसि	आप्याययसि	फुलाते हो
त्वचम्	चर्म	चर्म को
कम्	कम्+चित्.प्रत्ये-(आ०को०) कम्	प्रत्येक को
चित्	+चित्	–
यावीः	पृथक्करोषि (यु अमिश्रणे लडर्थे लुङ्यडभावः)	अलग करदेते हो

अरुम्	शत्रुम् (आ०को०)	शत्रु को
शूर	हे शूर !	हे शूरवीर
मर्त्यम्	मनुष्यम्	मनुष्य को
परिऽह्वयसि	परित्यजसि	परित्याग करते हो
मर्त्यम्	मनुष्यम्	मनुष्य को
इन्द्र	हे इन्द्र	हे इन्द्र
उत	च	और
तुभ्यम्	तुभ्यम्	तेरे लिये
तत्	तत्	उस को
दिवे	दिवे	द्यौ के लिये
तत्	तत्	उस को

रुद्राय	रुद्राय	रुद्र के लिये
स्वऽयशसे	स्वतोयशास्विने	स्वयं यशस्वी के लिये
मित्राय	मित्राय	मित्र के लिये
वोचम्	ब्रवीमि (लडर्थे लुङ्यडभावः)	कहता हूं
वरुणाय	वरुणाय	वरुण के लिये
सऽप्रथः	प्रथितम्	विख्यात को
सुऽमृळीकाय	अतिकृपालवे	अत्यन्त कृपालु के लिये
सऽप्रथः	प्रथितम्	विख्यात को

संस्कृतार्थः।

हे शूर ! अद्भुतः (त्वम्) एव वर्षणशीलं चर्म्म-आप्याययसि,(त्वम्) प्रत्येकं विरोधिनं मनुष्यं पृथक्करोषि, (विरोधिनम्) मनुष्यं परित्यजसि, हे इन्द्र ! (अहम्) तुभ्यं, दिवे, स्वतोयशस्विने रुद्राय,मित्राय,

।रुणाय च सुप्रख्यातम् (तत् स्तोत्रम्) ब्रवीमि, अतिकृपालवे(वरुणाय)सुप्रख्यातम्(स्तोत्रं ब्रवीमि)।३।

भावार्थः।

हे शूरवीर ! अद्भुत आप ही बरसने वाले चर्म को फुलाते हो,आप प्रत्येक विरोधी मनुष्य को अलग करते हो,प्रत्येक (विरोधी) मनुष्य का परित्याग करते हो, हे इन्द्र ! मैं आपके लिये,द्यौके लिये,स्वयं यशवाले रुद्र के लिये,मित्र के लिये और वरुण के लिये विख्यात उस (स्तोत्र) को कहता हूं, अत्यन्त कृपालु (वरुण) के लिये विख्यात (स्तोत्र) को (कहता हूं) ॥ ३ ॥

इन्द्रोदेवता, अत्यष्टिश्छन्दः।१२।१२।८।८।८।१२।८

अस्माकंवइन्द्रमुश्मसीष्टये स-
खायंविश्वायुंप्रासहंयुजं वाजेषुप्रास-
हंयुजम् । अस्माकंब्रह्मोतये वापृत्सु-
षुकासुचित् । नहित्वाशत्रुःस्तरते
स्तृणोषियं विश्वंशत्रुंस्तृणोषियम्।४।

स्तरते	तरति	उलांघता है
स्तृणोषि	आच्छादयसि	ढक लेते हो
यम्	यम्	जिस को
विश्वम्	सर्वम्	सब को
शत्रुम्	शत्रुजातम् (जातावेकवचनम्)	शत्रुओं को
स्तृणोषि	आच्छादयसि	ढक लेते हो
यम्	यम्	जिस को

संस्कृतार्थः ।

(हे आर्याः! वयम्) युष्मद्रक्षार्थम् अस्मत्सखायं सर्वेषां जीवनभूतं प्रबलं सहचरम् इन्द्रं कामयामहे, युद्धेषु प्रबलं सहचरम् (इन्द्रं कामयामहे) (हे इन्द्र! त्वम्) सर्वेषु युद्धेषु रक्षार्थम् अस्माकं स्तोत्रं प्रेरय, त्वां शत्रुर्नतरति यम् (त्वम्) आच्छादयसि, यं सर्वं शत्रुजातमाच्छादयसि ॥ ४ ॥

भाषार्थः।

(हे आर्यो!) आप की रक्षा के लिये, हम अपने सखा, सब के जीवन रूप, प्रबल साथी इन्द्र की कामना करते हैं, युद्ध में प्रबल साथी (इन्द्रकी कामना करते हैं) (हे इन्द्र!) आप सब युद्धों में रक्षा के लिये हमारे स्तोत्र को प्रेरण करो, आप को शत्रु नहीं उलांघ सकता जिसको (आप) आच्छादन कर लेते हो, जिस सब शत्रुसमूह को आप आच्छादन कर लेते हो ॥ ४ ॥

इन्द्रोदेवता,विराडत्यष्टिश्छन्दः।१२।१२।८।७।८।१२।७

निषूनमातिमतिंकयस्यचित्ते-
जिष्ठाभिररणिभिर्नोतिभिरुग्राभि-
रुग्रोतिभिः। नेषिणोयथापुरानेनाः
शूरमन्यसे। विश्वानिपूरोरपपर्षिव-
ङ्गिरासावङ्गिर्नोअच्छ ॥ ५ ॥

अस्माकम्	अस्माकम्	हमारे
वः	युष्माकम्	तुम्हारी
इन्द्रम्	इन्द्रम्	इन्द्र को
उश्मसि	कामयामहे (वशकान्तौ मस-इकारागमः)	हम कामना करते हैं
इष्टये	रक्षार्थम्	रक्षा के लिये
सखायम्	मित्रम्	मित्र को
विश्वऽ आयुम्	सर्वेषांजीवनभूतम्	सब के जीवन रूप को
प्रऽसहम्	प्रबलम्	खूब बलवान को
युजं	सहचरम्	साथी को
वाजेषु	संग्रामेषु (निघं० २।१०)	यज्ञों में

प्र॒ऽसह॑म्	प्रबलम्	प्रबल को
यु॒जम्	सहचरम्	साथी को
अ॒स्माक॑म्	अस्माकम्	हमारे
ब्रह्म	स्तोत्रम्	स्तोत्र को
ऊ॒तये॑	रक्षार्थम्	रक्षा के लिये
अव	प्रेरय (आ॰को॰)	प्रेरण करो
पृ॒त्सु॒षु	युद्धेषु	युद्धों में
कासु	कासु+चित्, प्रत्येकेषु	प्रत्येक में
चि॒त्	+चित्	–
न॒हि	नहि	नहीं
त्वा॒	त्वाम्	तुझ को
श॒त्रुः	शत्रुः	शत्रु

स्तरते	तरति	उलांघता है
स्तृणोषि	आच्छादयसि	ढक लेते हो
यम्	यम्	जिस को
विश्वम्	सर्वम्	सब को
शत्रुम्	शत्रुजातम् (जातावेकवचनम्)	शत्रुओं को
स्तृणोषि	आच्छादयसि	ढक लेते हो
यम्	यम्	जिस को

संस्कृतार्थः ।

(हे आर्याः! वयम्) युष्मद्रक्षार्थम् अस्मत्सखायं सर्वेषां जीवनभूतं प्रबलं सहचरम् इन्द्रं कामयामहे, युद्धेषु प्रबलं सहचरम् (इन्द्रं कामयामहे) (हे इन्द्र! त्वम्) सर्वेषु युद्धेषु रक्षार्थम् अस्माकं स्तोत्रं प्रेरय, त्वां शत्रुर्नतरति यम् (त्वम्) आच्छादयसि, यं सर्वं शत्रुजातमाच्छादयसि ॥ ४ ॥

भाषार्थः।

(हे आर्यो!) आप की रक्षा के लिये, हम अपने सखा, सब के जीवन रूप, प्रबल साथी इन्द्र की कामना करते हैं, युद्ध में प्रबल साथी (इन्द्रकी कामना करते हैं) (हे इन्द्र!) आप सब युद्धों में रक्षा के लिये हमारे स्तोत्र को प्रेरण करो, आप को शत्रु नहीं उलांघ सकता जिसको (आप) आच्छादन कर लेते हो, जिस सब शत्रुसमूह को आप आच्छादन कर लेते हो ॥ ४ ॥

इन्द्रोदेवता,विराडत्यष्टिश्छन्दः।१२।१२।८।७।८।१२।७

निषूनमातिमतिंकयस्यचित्ते-
जिष्ठाभिररणिभिर्नोतिभिरुग्राभि-
रुग्रोतिभिः। नेषिणीयथापुरानेनाः
शूरमन्वसे। विश्वानियूरोरयपर्षिव-
ङ्गिरासावङ्गिर्नोअच्छ ॥ ५ ॥

नि	नि +	–
सु	सु +	–
नम	नि+सु + नम, नितरांनमय (अन्तर्भावितण्यर्थः)	खूब नमाओ
अतिऽमतिम्	मिथ्यागर्वम् (अतिक्रान्तामतिर्येन तम)	झूठे अभिमान को
कयस्य	कस्य+चित्, प्रत्येकस्य यकारोपजनश्छान्दसः)	प्रत्येक के
चित्	+चित्	–
तेजिष्ठाभिः	अतिज्वलद्भिः	अत्यन्त जलते हुओं से
अरणिऽभिः	काष्ठैः	काष्ठों से
न	इव	की न्याईं
ऊतिऽभिः	रक्षाभिः	रक्षाओं से

उग्राभिः	प्रबलाभिः	प्रबलों से
उग्र	हे उग्र !	हे उग्र
ऊतिऽभिः	रक्षाभिः	रक्षाओं से
नेषि	नय (लोडर्थेलट्, छान्दसः शपोलुक्)	ले चलो
नः	अस्मान्	हम को
यथा	यथा	जैसे
पुरा	पुरा	पहिले
अनेनाः	पापरहितः	पाप से रहित
शूर	हे शूर !	हे शूरवीर
मन्यसे	ज्ञायसे	जाने जाते हो
विश्वानि	सर्वाणि	सब को

पूरोः	मनुष्यस्य (निघं० २।३)	मनुष्य के
अप	अप+	—
पर्षि	अप+पर्षि, अपवारयसि	दूर हटाते हो
वन्हिः	नेता	अगवैया
आसा	समीपम् (निघं० २।१६, विभक्तेरात्वम्)	समीप
वन्हिः	नेता	अगवैया
नः	अस्मान्	हम को
अच्छ	अभिलक्ष्य	लक्ष रखकर

संस्कृतार्थः ।

हे उग्र ! (त्वम्) प्रत्येकस्य (शत्रोः) मिथ्यागर्वम् अतिज्वलद्भिः काष्ठैरिव नितरां नमय, अस्मान् (च) (स्व-) रक्षाभिः प्रबलाभिरक्षाभिः पूर्वकालइव नय, हे शूर ! (त्वम्) पापरहितो ज्ञायसे (अतः) नेता (सन्)

मनुष्यस्यसर्वाणि (पापानि) अपवारयसि, (स त्वम्) अस्मानभिलक्ष्य समीपे (स्थित्वा)नेता(भव) ॥ ५ ॥

भावार्थः ।

हे उग्र!आप प्रत्येक(शत्रु)के मिथ्या अभिमान को खूब नमन करो,जैसे अत्यन्त जलते हुए काष्ठों से (करतेहैं) और हमें (अपनी) रक्षाओ से प्रबल रक्षाओं से पहले की न्याईं रस्ता दिखाओ, हे शूरवीर ! आप पाप से रहितजाने गए हो (इसलिये) अगवैया होकर मनुष्यके सब (पापों)को दूर हटाते हो, (वह आप) हमारे समीप ठैर कर(हमारे) अगवैया बनो ॥ ५ ॥

इन्दुर्देवता, अत्यष्टिश्छन्दः।१२।१२।८।८।८।१२।८

प्रतद्वोचेयंभव्यायेन्दवे हव्योनयङ्-

षवान्मन्मरेजति रक्षोहामन्मरेज-

ति । स्वयंसो अस्मदानिदो वधैरजे-

तदुर्मतिम् । अवस्रवेदघशंसोव-

तर मवक्षुद्रमिवस्रवेत् ॥ ६ ॥

प्र	प्र+	–
तत्	एतत् (एकारोपजनः)	यह
वोचेयम्	प्र + वोचेयम् प्रकर्षेणकथयेयम् (वचेर्लिङ्याशियङ्, वचउम्)	भली प्रकार कहूं
भव्याय	वर्तमानाय	वर्तमान के लिये
इन्दवे	सोमाय	सोम के लिये
हव्यः	आह्वातव्यः (इन्द्रः)	बुलाने योग्य [इन्द्र]
न	इव	की न्याईं
यः	यः	जो
इषऽवान्	बलवान्	बलवान्
सन्म	स्तोत्रम्	स्तोत्र को
रेजति	प्रेरयति	प्रेरण करता है

रक्षःऽहा	रक्षोघ्नम् (विभक्तेर्डा)	राक्षसों के मारने वाले को
मन्म	स्तोत्रम्	स्तोत्र को
रेजति	प्रेरयति	प्रेरण करता है
स्वयम्	स्वयम्	अपने आप
सः	सः	वह
अस्मत्	अस्मत्तः	हम से
आ	आ+	—
निदः	निन्दितुः (णिदिकुत्सायाम्, क्विप् प्रत्ययः)	निन्दा करने वाले की
वधैः	हननसाधनैः	वध के साधनों से
अजेत	आ + अजेत, अपनयेत् (अजक्षेपणे)	दूर हटावे

दुःऽमतिम्	दुर्बुद्धिम्	खोटी बुद्धि को
अव	अव+	–
स्रवेत्	अव+स्रवेत्,पतेत्	गिरे
अघऽशंसः	पापस्यप्रशंसिता	पाप की प्रशंसा करने वाला
अवऽतरम्	अधोऽधः	अत्यन्त नीचे
अव	अव+	–
क्षुद्रम्ऽइव	अणुरिव (आ०को०)	अणु की न्याईं
स्रवेत्	अव + स्रवेत्, विनश्येत्	नष्ट हो

संस्कृतार्थः।

(अहमस्मै) विद्यमानाय सोमाय एतत्(वक्ष्यमाण-मभ्यर्थनम्)प्रकर्षेण कथयेयम्,यो बलवान्आह्वानव्यः (इन्द्रः) इव स्तोत्रं प्रेरयति,रक्षोघ्नंस्तोत्रं प्रेरयति,-स स्वयं निन्दितदुर्बुद्धिं हननसाधनैः अस्मत्तो-

ऽपनयेत्, पापशंसिता (च) अधाऽधः निपतेत्,अणुरिव (च) विनश्येत् ॥ ६ ॥

भावार्थः ।

(मैं इस) वर्तमान सोम के लिये यह (प्रार्थना) करूं, जो बलवान बुलाने योग्य (इन्द्र) की न्याईं स्तोत्र को प्रेरण करता है, राक्षसों के मारने वाले स्तोत्र को प्रेरण करता है, वह निन्दा करने वाले की खोटी बुद्धि को बध के साधनों द्वारा स्वयं हम से दूर हटावे, पाप की प्रशंसा करने वाला अत्यन्त नीचे गिरे (और) अणु की न्याईं नष्ट हो ॥ ६ ॥

इन्द्रोदेवता, विराडत्यष्टिश्छन्दः।११।१२।८।८।८।११।८

वनेमतद्वोचयाचितन्त्या वने-
मरयिंरयिवः सुवीर्यं रणवंसन्तंसु-
वीर्यम् । दुर्मन्मानंसमन्तुभि रेमि-
षापृचोमहि। आसत्याभिरिन्द्रंद्यु-
म्नहूतिभि र्यजंचद्युम्नहूतिभिः ।७।

वनेम	याचेम (आ०को०)	हम माँगें
तत्	एतत् (एकारलोपः)	यह
होत्रया	वाचा (निघ० १।११)	वाणी से
चितन्त्या	ध्यानपरया	ध्यानयुक्त से
वनेम	याचेम	हम माँगें
रयिम्	धनम्	धन को
रयिऽवः	हे धनवन् !	हे धन वाले
सुऽवीर्यम्	महाशौर्योपेतम्	बड़ी वीरता वाले को
रयवम्	रमणीयम्	रमणीय को
सन्तम्	सत्	हुए २ को
सुऽवीर्यम्	महाशौर्योपेतम्	बड़ी वीरता वाले को

दुःऽमन्मानम्	अतियत्नेन मन्तुं शक्यम्	अत्यन्त यत्न से मनने योग्य को
सुमन्तुऽभिः	शोभनैःस्तोत्रैः	सुन्दर स्तोत्रों से
आ	आ +	—
ईम्	(पूरणः)	—
इषा	(हवीरूपेण) अन्नेन (निघं० २।७)	(हवीरूप) अन्न से
पृचीमहि	आ+पृचीमहि, तर्पयाम	हम प्रसन्न करें
आ	आ(पृचीमहि), तर्पयाम	हम प्रसन्न करें
सत्याभिः	सत्याभिः	सच्चियों से
इन्द्रम्	इन्द्रम्	इन्द्र को
द्युम्नहूतिऽभिः	प्रबलाभिर्हूतिभिः (आ०को०)	प्रबल पुकारों से

यजत्रम्	यजनीयम्	पूजने योग्य को
द्युम्नहू-तिऽभिः	प्रबलाभिर्हूतिभिः	प्रबल पुकारों से

संस्कृतार्थः ।

हे धनवन्! (इन्द्र!) वयं ध्यानपरया वाचा एतत् (वरम्) याचेम, महाशौर्योपेतं धनं याचेम, रमणीयं सद् महाशौर्योपेतम् (धनंयाचेम) अतियत्नेन मन्तुं शक्यं शोभनैः स्तोत्रैः (हवीरूपेण) अन्नेन (च) तर्पयाम, इन्द्रं सत्याभिः प्रबलाभिः[च]हूतिभिः[तर्पयाम,] यजनीयं प्रबलाभिर्हूतिभिः तर्पयाम ॥ ७ ॥

भाषार्थः ।

हेधनवान् [इन्द्र!] हम ध्यानयुक्त वाणी से यह (वर)मांगें, बड़ी वीरता वाले धनको मांगें, रमणीय और साथ ही बड़ी वीरता वाले धन को मांगें, अत्यन्त यत्न से मनने योग्य को सुन्दर स्तोत्रोंसे[औरहविरूप]अन्न से प्रसन्न करें, इन्द्र को सच्ची प्रबल पुकारों से प्रसन्न करें, पूजने योग्य को प्रबल पुकारों से प्रसन्न करें ॥७॥

इन्द्रोदेवता, अतिशक्करीछन्दः।१२।१०।७।८।७।८।८॥

प्रप्रावोअस्मेस्वयशोभिरूती परि-
वर्गइन्द्रोदुर्मतीनां दरीमन्दुर्मती-
नाम् । स्वयंसारिषयध्यै यानउपेषे
अचैः। हतेमसन्नवक्षतिक्षिप्ताजूर्णि-
र्नवक्षति ।८।

प्रऽप्र	अग्रेऽग्रे	आगे आगे
वः	युष्माकम्	तुम्हारा
अस्मे०	अस्माकम् (विभक्तेः शे आदेशः)	हमारा
स्वयशःऽभिः	निजयशोभिः	अपने यशों से
ऊती	रक्षकः (पूर्वसवर्णदीर्घः)	रक्षा करने वाला

अत्रैः	राक्षसैः	राक्षसों से
हता	विनष्टा	नष्ट हुई २
ईम्	एव	ही
असत्	भवेत् (अस्भुवि,लेटयडागमः)	हो
न	न	नहीं
वक्षति	प्राप्नोतु (वहतेर्लेटयडागमः)	प्राप्त हो
क्षिप्ता	क्षिप्ता	फैंकी हुई
जूर्णिः	शक्तिः (निघं० ४।३)	बरछी
न	न	नहीं
वक्षति	प्राप्नोतु	प्राप्त हो

संस्कृतार्थः ।

[हे आर्य्याः!] निजयशोभिः युष्मान्[illegible]
[च] रक्षक इन्द्रः दुर्मतियुक्तानान् [विरोधिनान्]

परिवर्जने अग्रेऽग्रे (भवतु,) दुर्मतियुक्तानां विदारणे [अग्रेऽग्रे भवतु,] या [शक्तिः] अस्मान् प्रति प्राप्तुं राक्षसैः[प्रेरिता] सा स्वयं [तान् एव]हिंसितुम् [निवर्तेत,] [सा] हताएव भवेत्. [अस्मान्] न प्राप्नोतु, प्रक्षिप्ता [सा] शक्तिः (अस्मान्) न प्राप्नोतु ॥ ८ ॥

भाषार्थः ।

[हे आर्य्यो!] अपने यशोंके द्वारा तुम्हारे [और] हमारे रक्षक इन्द्र खोटी बुद्धि वाले [विरोधियों] के दूर हटाने में आगे आगे [हों,] खोटी बुद्धि वालों के चीर डालने में (आगे आगे हों,) जो (बरछी) हमारी-ओर आने के लिये राक्षसों ने चलाई है)वह स्वयं(उन हो को)मारने के लिये(लौटे,)हमारे पास न पहुंचे,फैंकी हुई(वह) शक्ति (हमारे पास) न पहुंचे ॥ ८ ॥

इन्द्रो देवता, अतिशक्वरीछन्दः १०।८।८।८।७।११।८

त्वंनइन्द्रायापरीणसा याहि पथाँअनेहसा परोयाह्यरक्षसा। सचस्वनःपराक्रा सचस्वास्तमीक्रा।

पाहिनोदूरादारादभिष्टिभिः सदा पाह्यभिष्टिभिः ॥ ९ ॥

त्वम्	त्वम्	तू
नः	अस्माकम्	हमारे
इन्द्र	हे इन्द्र !	हे इन्द्र !
राया	धनेन सह	धन के साथ
परीणसा	बहुना (निघं०३।१)	बहुत के साथ
याहि	प्राप्नुहि	प्राप्त हो
पथा	मार्गेण	मार्ग से
अनेहसा	विघ्नरहितेन	निर्विघ्न से
पुरः	अग्रतः	आगे

याहि	प्राप्नुहि	प्राप्त हो
अरक्षसा	राक्षसरहितेन	राक्षसोंसे रहित हुए २ से
सचस्व	आ+सचस्व, सहगच्छ	साथ रहो
नः	अस्मान्	हम को
पराके	दूरे (निघं० ३।२६)	दूर में
आ	+आ	–
सचस्व	आ+सचस्व, सहतिष्ठ	साथ ठैरो
अस्तमऽइके	समीपे (निघं० २।१६)	समीप में
आ	+आ	–
पाहि	पाहि	पालन करो
नः	अस्मान्	हम को

दूरात्	दूरात्	दूर से
आरात्	समीपात् (अव्ययम्)	समीप से
अभिष्टि-ऽभिः	रक्षाभिः	सहायताओं से
सदा	सदा	सदा
पाहि	पाहि	पालन करो
अभिष्टि-ऽभिः	रक्षाभिः	सहायताओं से

संस्कृतार्थः ।

हे इन्द्र ! त्वमस्मान् बहुनाधनेन विघ्नरहितेन मार्गेण प्राप्नुहि, राक्षसरहितेन मार्गेण अग्रतः प्राप्नुहि, दूरे (सन्) अस्माभिः सह वर्तस्व, समीपे (सन्) (अस्माभिः)सह तिष्ठ, अस्मान् दूरात् समीपात् (च स्व-)रक्षाभिः पाहि, सदा रक्षाभिः पाहि ॥ ९ ॥

भाषार्थः।

हे इन्द्र! आप हमको बहुत धन के साथ निर्विघ्न मार्ग से प्राप्त हों, राक्षस रहित मार्ग से सामने (आकर) प्राप्त हों, आप दूर होने पर हमारेसाथ रहें, (और) समीप होने पर साथ ठैरें,आप दूर से (और) समीप से (अपनी)रक्षाओं द्वारा हमारा पालन करें, सदा रक्षाओं के द्वारा पालन करें ॥ ९ ॥

इन्द्रोदेवता,निचृदत्यष्टिश्छन्दः।११।१२।८।८।८।१२।८

त्वंनइन्द्रराय्यातरुषसोग्रंचित्त्वा

महिमासच्चदवसे महेमिचंनावसे ।

ओजिष्ठचात्रविता रथंकञ्चिद-

मर्त्यं । अन्यमस्मद्रिरिषेःकञ्चिद-

द्रिवो रिरिक्षन्तंचिदद्रिवः ॥ १० ॥

त्वम् | त्वम् | तू

नः	अस्मान	हम को
इन्द्र	हे इन्द्र!	हे इन्द्र
राया	धनेन	धन से
तरुषसा	तारयित्रा (निपातनात्साधुः)	तारने वाले से
उग्रम्	उग्रम्	उग्र को
चित्	खलु	सचमुच
त्वा	त्वाम्	तुझ को
महिमा	बलम् (आ०को०)	बल
सचत्	प्राप्नोतु (सक्षतिर्गतिकर्म्मा निघं० २।१४, लडर्थेलङ्यडभावः)	प्राप्त हो
अवसे	यशोऽर्थम् (आ० को०)	यश के लिये

महे	महते	महान् के लिये
मित्रम्	मित्रम्	मित्र
न	इव	की न्याईं
अवसे	रक्षणार्थम्	रक्षा के लिये
ओजिष्ठ	हे बलवत्तम !	हे सब से अधिक बल वाले
त्रातः	हे पालयितः !	हे पालने वाले
अवितः०	हे रक्षक !	हे रक्षक
रथम्	रथोपलक्षितं वीरम्	वीर को
कम्	कम् + चित्, प्रत्येकम्	प्रत्येक को
चित्	+चित्	–
अमर्त्य	हे मरणरहित !	हे मरण से रहित

अन्यम्	अन्यम्	दूसरे को
अस्मत्	अस्मत्तः	हम से
रिरिषेः	पीडय (रिषहिंसायां लिङिविकरणस्य श्लुश्छान्दसः)	पीड़ा दो
कम्	कम् + चित्	किसी को
चित्	+ चित्	–
अद्रिऽवः	हे वज्रिन् !	हे वज्रधारी
रिरिक्षन्तम्	पीडयितुमिच्छन्तम् (सनि कित्त्वाद् गुणाभावः)	पीड़ा देने की इच्छा करते हुए को
चित्	खलु	सच मुच
अद्रिऽवः	हे वज्रिन् !	हे वज्रधारी

संस्कृतार्थः ॥

हे बलवत्तम ! पालयितः ! मरणरहित ! इन्द्र ! त्वमस्मान् तारयित्रा धनेन (प्राप्नुहि,) उग्रं त्वां मित्रमिव यशोऽर्थं बलं प्राप्नोतु, महते यशसे (बलं

प्राप्नोतु), हे प्रत्येकं वीरं रक्षितः ! वज्रिन् ! अस्मत्तो-ऽन्यं कञ्चित् पीडय ! हे वज्रिन् ! (अस्मान्) पीडयितुमिच्छन्तं खलु (पीडय)॥ १० ॥

भाषार्थः ।

हे सब से अधिक बल वाले ! पालने वाले ! मरण से रहित ! इन्द्र ! आप हमें तारने वाले धन के साथ (प्राप्त हों,) उग्ररूप आपको मित्र की न्याईं यश के लिये बल प्राप्त हो, बड़े यश के लिये (बल प्राप्त हो) हे प्रत्येक वीर के रक्षक ! वज्रधारी ! हमसे दूसरे किसी को पीडित करो, हे वज्री ! जो (हमको) पीड़ा देने की इच्छा करता है सचमुच उस को (पीडित करो) ॥ १० ॥

इन्द्रोदेवता,स्वराडत्यष्टिश्छन्दः।१०।११।७।८।८।१२।१०

प्राहिनइन्द्रसुष्टुतस्त्रिधो वयाता-सदमिहुर्मतीनां देवःसन्दुर्मती नाम्। हन्तापापस्यरक्षसस्चाताविप्रस्य मावतः। अधाहित्वाजनिताजी-

जनद्वसो रक्षोहणंत्वाजीजनद्वसो।११।

पाहि	पाहि	रक्षा करो
नः	अस्मान्	हम को
इन्द्र	हे इन्द्र !	हे इन्द्र !
सुऽस्तुत	हे सुष्टुत !	हे भली प्रकार से स्तुति किये गए
स्रिधः	पीडातः	पीडा से
अवऽयाता	अधः प्रापयिता (अन्तर्भावितण्यर्थः)	नीचे लेजानेवाला
सदम्	सदा	सदा
इत्	एव	ही
दुःऽमतीनाम्	पापबुद्धीनाम्	पापबुद्धि वालों के
देवः	देवः	देव

सन्	सन्	हुआ २
दुःऽमतीनाम्	पापबुद्धीनाम्	पापबुद्धि वालों के
हन्ता	हन्ता	नाश करने वाला
पापस्य	पापिनः	पापी के
रक्षसः	राक्षसस्य	राक्षस के
त्राता	रक्षिता	रक्षा करने वाला
विप्रस्य	स्तोतुः	स्तुतिकरनेवालेकी
माऽवतः	मादृशस्य	मुझ सरीखे की
अध	अतः (सा० भा०)	इस लिये
हि	एव	ही
त्वा	त्वाम्	तुझ को

जनिता	पिता	पिता ने
जीजनत्	उत्पादितवान् (अडभावः)	उत्पन्न किया है
वसो०	हे धनवन्!	हे धन वाले
रक्षःऽहनम्	राक्षसानांहन्तारम्	राक्षसों के मारने वाले को
त्वा	त्वाम्	तुझ को
जीजनत्	उत्पादितवान् (,,)	उत्पन्न किया है
वसो०	हे धनवन्!	हे धन वाले

संस्कृतार्थः ।,

हे सुष्टुत ! इन्द्र ! सदैव पापबुद्धीन् अधः प्रापयिता, देवःसन् पापबुद्धीन् अधः प्रापयिता पापिनोराक्षसस्य हन्ता मादृशस्य स्तोतुस्त्राता (च त्वम्)अस्मान् पीडातः पाहि,हे धनवन्! अतएव पिता त्वामुत्पादितवान्,हे धनवन्! राक्षसानां हन्तारं त्वामुत्पादितवान् ।११ ।

भाषार्थः।

हे भली प्रकार से स्तुति किये गए! इन्द्र! सदा पाप बुद्धि वालों को नीचे ले जाने वाले, देवता होकर पापबुद्धि वालों को (नीचे ले जाने वाले,)पापी राक्षसों के नाश करने वाले (और) मुझ सरीखे स्तोता की रक्षा करने वाले आप हमें पीडा से बचावें, हेधन वाले ! इसी लिये पिता ने आपको उत्पन्न किया है, हेधनवान ! राक्षसों के मारने वाले आप को उत्पन्न किया है॥ ११ ॥

इत्येकोनत्रिंशदुत्तरशततमं सूक्तम् ।

ऋ० मं० १ सू० १३० ।

अग्निर्देवता, परुच्छेपऋषिः ।

विनियोग :-

१-१० । एतत्सूक्तं पृष्ठ्यषडहस्य षष्ठेऽहनि निष्केवल्यम् (आ०८।१।१७

१ । 'एन्द्र'-इत्येषा महाव्रते माध्यन्दिनसवने ब्राह्मणाच्छंसिनोऽनुरूपतृचेऽपि विनियुक्ता (ऐ०आ० ५।१।१।७)

२ । 'पिबासोममिन्द्र-'इत्येषा होतुः पुरस्ताद् विनियुक्ता,"षष्ठेऽहनि-माध्यन्दिनसवने प्रस्थितयाज्यानां पुरस्तादन्याऋचःप्रक्षेपणीयाः" इत्युक्तेः ।

सूक्त का भावार्थ ।

हे इन्द्र ! आप दूर से हमारे पास आओ, जैसे सत्पुरुषों के पालक अग्निदेव यज्ञों में आते हैं और जैसे सत्पुरुषों के पालक राजा किसी के घर में आते हैं, हम सोम को निचोड़ कर हवियों को लिये हुए इकट्ठे मिलकर आप को बल की प्राप्ति के लिये बुलाते हैं, जैसे पुत्र पिता को बुलाते हैं, वैसे पूज्य आप को हम बल की प्राप्ति के लिये बुलाते हैं ।१। हे इन्द्र ! आप पत्थरों से निचोड़े हुए सोम को पीवें, जैसे मेघ से सींचे हुए तलाओं को बैल पीता है, अत्यन्त प्यासा बैल पीता है, वह सोम आप के लिये अत्यन्त बलकारक प्राप्त हो, मदकारी और कान्ति के देने वाला हो, आप को घोड़े सूर्य्य की न्याईं लावें, जैसे सब दिन सूर्य्य को लाते हैं । २ । पर्वत में छिपे हुए निधि को जो गुफा में रक्खा हुआ था जैसे पक्षी का अण्डा पाथरों के बीच में छिपा रहता है ऐसे सीमारहित पत्थरों में छिपे हुए सूर्य्यके प्रकाशरूपी निधि को अङ्गिरामों में प्रधान इन्द्र आकाश में से निकाल कर लाए, जैसे कोई गौओं के गोष्ठ को प्राप्त करने की इच्छा करता है ऐसे यज्ञों इन्द्र ने छिपे हुए प्रकाश के गोष्ठ

को प्राप्त करके बलों को खोल दिया, छिपे हुए बलों के द्वार को खोल दिया। ३। इन्द्र ने वज्र को दोनों हाथों में दृढ़ पकड़ कर फैंकने के लिये ऐसा बनाया है कि जिस से जल की सी पतली धार हो, हे इन्द्र! आप तेज, बल, और सामर्थ्य से युक्त होकर वृत्र को ऐसे काटते हो जैसे बढ़ई वन के वृक्षों को, ऐसे काटते हो जैसे कोई कुल्हाड़े से काटता है। ४। हे इन्द्र! आप ने नदियों को समुद्र में जाने के लिये सहज से रथों की न्याईं हांक दिया है जैसे बल की इच्छा से रथों को हांकते हैं, इस संगम से आगे इन उपकारी नदियों ने अपने क्षयरहित इकट्ठे धन को मिला दिया है, मानो ये मनुष्य के लिये सब धनों को देने वाली गोएँ इकट्ठी हुई २ हैं, जैसे मनुष्य जातिके लिये सब धनों को देने वाली गौएँ इकट्ठी होती हैं। ५। हे मेधावी इन्द्र! धन की इच्छा करने वाले मनुष्यों ने इस स्तोत्र को आपके लिये ऐसे बनाया है जैसे बुद्धिमान कारीगर रथ को बनाते हैं, आपको सिंगारने के लिये यह स्तोत्र बनाया है जैसे युद्ध में वेग वाले यशस्वी घोड़े को सिंगारते हैं, जैसे बल और धनों की प्राप्ति के लिये घोड़े को सिंगारते हैं, सब धनों की प्राप्ति के लिये सिंगारते हैं। ६। हे नट! इन्द्र! आपने पूरु के लिये और परम भक्त दिवोदास के लिये शत्रुओं के नव्वे गढ़ों को तोड़ा है, हे नट! आपने वज्र से गढ़ों को तोड़ा है, भयानक इन्द्र ने अपने बल के द्वारा अतिथिग्व को बड़े बड़े धन देते हुए शम्बर दस्यु को पर्वत से नीचे गिराया है, अपने बल द्वारा सब धनों को देते हुए नीचे गिराया है। ७। सैंकड़ों रक्षाओं के साथ आकर इन्द्र ने अपने भक्त आर्य्य की युद्धों में खूब रक्षा की है, सब युद्धों में रक्षा की है, इस दस्युभूमि में उच्च सभ्यता का प्रकाश फैलाने

---

३ सूर्य्य का प्रकाश ही इस पृथिवी पर सब बलों का उत्पादक है।

के निमित्त किये हुए युद्धों में खूब रक्षा की है, व्रतहीन दस्युओं को खब दंड देते हुए काले चमड़े* को मनु की सन्तान के अधीन किया है, वह अत्यन्त लोभी दस्युओं को जलाते हुए की न्याईं नाश करते हैं, दुःखदाई दस्युजाति का अत्यन्त नाश करते हैं। ।८। सूर्य्य ने उदय होकर बल से प्रकाश की परिधि को बढ़ाया है, वह लाली के होते ही असुरों की वाणी को हर लेते हैं, ईशन करते हुए सब ओर से हरलेते हैं, हे इन्द्र ! आप जो प्रेम करते हुए रक्षा के लिये दूर से आए हो, वह शीघ्रता करने वाले आप मनुष्य मित्र की न्याईं संपूर्ण सुखों के देने वाले हो, सब दिनों शीघ्रता करते हुए की न्याईं सुखों के देने वाले हो ।९। हे वीरों के कर्म करने वाले ! गढ़ों के तोड़ने वाले ! इन्द्र ! आप हम को नए स्तोत्र सुझा कर और हम से शुभ कर्म करवा कर अपनी रक्षाओं से हमारा पालन करो, और दिवोदास के वंश में उत्पन्न हुए जो हम हैं उन हम से स्तुति किये जाकर रूप बढ़ो जैसे दिन के प्रकाश से आकाश बढ़ता है ॥ १० ॥

इन्द्रोदेवता, अत्यष्टिश्छन्दः । १२।१२।८।८।८।१२।८

एन्द्रया ह्युपनःपरावतो नाय-

मच्छाविदथानीवसत्पतिरस्तंरा-

जेवसत्पतिः । हवामहेत्वावयं प्र-

---

*काले चमड़े से काले रङ्ग वाली दस्युजाति अभिप्रेत है।

यस्वन्तःसुतेसचा। पुचासोनपित-
रंवाजसातये संहिष्ठंवाजसातये ।१।

आ	आ +	—
इन्द्र	हे इन्द्र !	हे इन्द्र !
याहि	आ+याहि	आओ
उप	प्रति	की ओर
नः	अस्मान्	हम को
पराऽवतः	दूरदेशात् (निघं० ३।२६)	दूरदेश से
न	यथा	जैसे
अयम्	अयम्	यह
अच्छ	प्रति	की ओर

विदथानि-ऽइव	यजनस्थानानीव (निघं०।३।१७)	यज्ञ के स्थानों को जैसे
सत्ऽपतिः	सतां पालकः	सज्जनों के पालने वाला
अस्तम्	गृहम् (निघं०।३।४)	घर को
राजाऽइव	राजेव	राजा की न्याईं
सत्ऽपतिः	सतांपालकः	सज्जनोंके पालने वाला
हवामहे	आह्वयामः	बुलाते हैं
त्वा	त्वाम्	तुझ को
वयम्	वयम्	हम
प्रयस्वन्तः	(हवीरूपेण)अन्नेन युक्ताः	(हवीरूप) अन्न से युक्त
सुते	(सोमे)निष्पीडिते	[सोमके] निचोड़े जाने पर

सचा	सहभूत्वा (यास्कः)	मिल कर
पचासः	पुत्राः (जसोऽसुगागमः)	पुत्र
न	इव	जैसे
पितरम्	पितरम्	पिता को
वाजऽसातये	बलस्य प्राप्तये	बल की प्राप्ति के लिये
मंहिष्ठम्	पूजनीयम्	पूजनीय को
वाजऽसातये	बलस्य प्राप्तये	बलकी प्राप्ति के लिये

संस्कृतार्थः।

हे इन्द्र ! (त्वम्) दूरादिवाऽस्मान्प्रत्यागच्छ यथा सतांपतिरयम् (अग्निः) यजनस्थानानि यथा (च) सतांपतीराजा (कस्यचित्) गृहम् (आगच्छति,) (सोमे) निष्पीडिते (हवीरूपेण)अन्नेनयुक्ता वयं सहभूत्वा त्वां बलस्य प्राप्तये आह्वयामः यथा पुत्राःपितरम् (आह्वयन्ति,) पूज्यम् (त्वाम्) बलस्य प्राप्तये (आह्वयामः) ॥ १ ॥

भाषार्थः ।

हे इन्द्र ! आप दूरसे मानो हमारे पास आओ जैसे सज्जनों के पालक यह (अग्नि) यजनके स्थानों की ओर (आते हैं और) जैसे सज्जनों के पालक राजा (किसी के) घर में (आते हैं,) (सोम के) निचोड़े जाने पर (हवीरूप) अन्न से युक्त हम इकट्ठे होकर आपको बलकी प्राप्ति के लिये बुलाते हैं, जैसे पुत्र पिता को (बुलाते हैं,) (वैसे) पूज्य आप को (हम) बल की प्राप्ति के लिये बुलाते हैं ॥ १ ॥

इन्द्रोदेवता, अत्यष्टिश्छन्दः ।१२।१२।८।८।८।१२।८

पिबासोममिन्द्रसुवानमद्रिभिः

कोशेनसिक्तमवतंनवंसग स्तातृषा-

णोनवंसगः । मदायहर्य्यतायते तु-

विष्टमायधायसे । आत्वायच्छन्तु

हरितोनसूर्य्य महाविश्वेवसूर्य्यम् ।२।

पिब	पिब	पीओ
सोमम्	सोमम्	सोम को
इन्द्र	हे इन्द्र !	हे इन्द्र !
सुवानम्	सूयमानम् (कर्मणिकर्तृप्रत्ययः)	निचोडे जाते हुए को
अद्रिऽभिः	ग्रावभिः	पत्थरों से
कोशेन	मेघेन (निघं०१।१०)	मेघ के द्वारा
सिक्तम्	सिक्तम्	सींचे हुए को
अवतम्	जलाशयम् (आ०को०)	तलाओ को
न	इव	जैसे
वंसगः	बलीवर्दः	बैल
तृषाणः	अतितृषितःसन्	अत्यन्त प्यासा हुआ २

न	इव	जैसे
वंसगः	बलीवर्दः	बैल
मदाय	मदाय	मद के लिये
हर्य्यताय	कान्तये (हर्यतिःकान्तिकर्मा, निघं०२।८)	कान्ति के लिये
ते	तव	तेरे
तुविःऽतमाय	बलवत्तमाय	अत्यन्त बलवान् के लिये
धायसे	पानाय (धेट्पाने छान्दसोऽसुन्)	पान करने के लिये
आ	आ +	—
त्वा	त्वाम्	तुझ को
यच्छन्तु	आ+यच्छन्तु, आवहन्त	लावें

हरितः	अश्वाः	घोड़े
न	इव	जैसे
सूर्य्यम्	सूर्य्यम्	सूर्य्य को
अहा	अहानि (शेर्लोपः)	दिन
विश्वाऽइव	सर्वाणीव (,,)	सचकी न्याईं
सूर्य्यम्	सूर्य्यम्	सूर्य्य को

संस्कृतार्थः ।

हे इन्द्र! (त्वम्) ग्रावभिःसूयमानं सोमं पिब, यथा मेघेन सिक्तं जलाशयं वलीवर्दः (पिबति,) अतीव तृपितःवलीवर्दः(पिबति, स सोमः)तव मदाय,कान्तये, बलवत्तमाय पानाय (च भवतु) त्वामश्वा सूर्य्यमिव आवहन्तु यथा सर्वाणिदिनानि सूर्य्यम् (आवहन्ति)।२

भाषार्थः ।

हे इन्द्र ! आप पत्थरों से निचोड़े जाते हुए सोम को पीवें जैसे मेघ से सींचे हुए तलाओं को

बैल पीता है, अत्यन्त प्यासा बैल पीता है, (वह सोम) आप के मद के लिये, कान्तिके लिये और अत्यन्त बलकारक पानके लिये (हो,) आपको घोड़े सूर्य्य की न्याईं लावें जैसे सब दिन सूर्य्य को (लाते हैं) ॥२॥

इन्द्रोदेवता, निचृदत्यष्टिश्छन्दः।१२।११।८।८।८।१२।८

अविन्दद्दिवोनिहितंगुहानिधिं वेर्नगर्भंपरिवीतमश्मन्य न्तेअन्तरश्मनि। व्रजंवजीगवामिव सिषासन्नङ्गिरस्तमः। अपावृणोदिषइन्द्रः परीवृताद्वारइषःपरीवृताः। ३।

अविन्दत्	अन्विष्यलब्धवान्	ढूंढकर प्राप्तकिया
दिवः	दिवः	द्यौ से

निऽहितम्	स्थापितम्	रक्खी हुई को
गुहा	गुहायाम् (सप्तम्यालुक्)	गुफा में
निऽधिम्	निधिम्	निधि को
वेः	पक्षिणः	पक्षी के
न	इव	की न्याईं
गर्भम्	अण्डम्	अण्डे को
परिऽवीतम्	परिवेष्टितम् (वीगतौ)	चारों ओर से ढके हुए को
अश्मनि	अश्मनि	पत्थर में
अनन्ते	सीमारहिते	सीमा से रहित में
अन्तः	मध्ये	बीच
अश्मनि	पर्वते	पर्वत में

व्रजम्	गोष्ठम्	गोष्ठ को
वज्री	वज्रधारी	वज्रधारी
गवाम्ऽइव	गवामिव	गौओं के जैसे
सिसासन्	प्राप्तुमिच्छन् (पण सम्भक्तौ)	प्राप्त करने की इच्छा करता हुआ
अङ्गिरःऽतमः	अङ्गिरस्सु मुख्यः	अंगिराओं में मुख्य
अप	अप +	—
अवृणोत्	अप+अवृणोत्, अपावृतवान्	खोल दिया है
इषः	बलानि	बलों को
इन्द्रः	इन्द्रः	इन्द्र ने
परिऽवृताः	परिवेष्टितानि	ढके हुओं को
द्वारः	द्वाराणि	द्वारों को

दूषः	अन्नस्य	अन्न के
परिऽवृताः	परिवेष्टितानि	ढके हुओं को

संस्कृतार्थः।

अङ्गिरस्सु मुख्य इन्द्रः पक्षिणः अण्डमिव अश्मनि परिवेष्टितं सीमारहितपर्वतमध्ये (परिवेष्टितम्) गुहायां निहितं निधिं दिवोऽन्विष्य लब्धवान्, वज्री (सः) गवांगोष्ठमिव (ज्योतिर्गोष्ठम्) प्राप्तुमिच्छन् परिवेष्टितानि वलानि अपावृतवान्, परिवेष्टितानि वलस्य द्वाराणि अपावृतवान् ॥ ३ ॥

भाषार्थः।

अंगिराओं में मुख्य इन्द्र ने पक्षी के अंडे की न्याईं पत्थर में चारों ओर से ढके हुए सीमारहित पर्वत में (ढके हुए) गुफा में रखे हुए खजाने को द्यौ से ढूंढकर प्राप्त किया, (उस) वज्री ने गौओं के गोष्ठ की न्याईं (प्रकाश के गोष्ठ) को प्राप्त करने की इच्छा करते हुए ढके हुए वलों को खोल दिया, ढके हुए वल के द्वारों को खोल दिया ॥ ३ ॥

इन्द्रोदेवता, अत्यष्टिश्छन्दः ।१२।१२।८।८।८।१२।८

दाहहाणोवज्रमिन्द्रोगभस्त्योः

क्षमेवतिग्ममसनायसंश्य दृहिह-
त्यायसंश्यत्। संविव्यानओजसा श-
वोभिरिन्द्रमज्मना। तष्टेवद्वृक्षंवनि-
नोनिवश्चसि परश्वेवनिवश्चसि ।४।

दृहाणः	दृढं गृह्णन् (दृहवृद्धौ, लिटः कानच्)	दृढ पकड़ता हुआ
वज्रम्	वज्रम्	वज्र को
इन्द्रः	इन्द्रः	इन्द्र ने
गभस्त्योः	बाह्वोः (निघं०२।४)	दोनों भुजाओं में
क्षमऽइव	उदकमिव (निघं० १।१२)	जल की न्याईं
तिग्मम्	तीक्ष्णंयथास्यात्तथा	जैसे पैना हो

असनाय	क्षेपणाय	फेंकने के लिये
सम्	सम्+	–
श्यत्	सम्+श्यत्,सम्यक् तनूकृतवान् (शोतनूकरणे,ओतःश्य नीत्योकारलोपोऽ डमावश्च)	खूब पैनाया है
अहिऽहत्याय	वृत्रस्यहननाय (लिङ्गव्यत्ययः)	वृत्र के मारने के लिये
सम्	सम्+	–
श्यत्	सम् +श्यत्, सम्यक् तनूकृतवान्	खूब पैनाया है
समऽविव्यानः	संयुक्तःसन् (योगतो लिटःकानच्)	मिला हुआ
ओजसा	तेजसा	तेज से

शवःऽभिः	शक्तिभिः	शक्तियों से
इन्द्र	हे इन्द्र !	हे इन्द्र
मज्मना	बलेन	बल से.
तष्टाऽइव	तष्टेव	जैसे तक्षक
वृक्षम्	वृक्षम्	वृक्ष को
वनिनः	वनसम्बन्धिनः	वनों के
नि	नि+	–
वृश्चसि	नि+ वृश्चसि, नितरां छिनत्सि (व्रश्च छेदने)	खूब काटते हो
परशुवाऽइव	परशुनेव	कुल्हाड़े से मानो
नि	नि+	–
वृश्चसि	नि+वृश्चसि, नितरां छिनत्सि	खूब काटते हो

संस्कृतार्थः ।

इन्द्रः वज्रं बाह्वोः दृढंधारयन् क्षेपणार्थं उदकमिवतीक्ष्णीकर्तुं सम्यक्तनूकृतवान्, वृत्रस्यहननाऽर्थं सम्यक्तनूकृतवान्,हे इन्द्र! (त्वम्)तेजसा शक्तिभिर्बलेन (च) संयुक्तःसन् तष्टावनवृक्षमिव (तं वृत्रम्) नितरांछिनत्सि, परशुना इव छिनत्सि ॥ ४ ॥

भाषार्थः ।

इन्द्रने वज्र को दोनों भुजाओं में दृढ पकड़ कर फैंकने के लिये जलकी न्याईं धार देने के लिये खूब पैनाया है, वृत्रके मारने के लिये खूब पैनाया है, हे इन्द्र!आप तेजसे शक्तियोंसे(और)बलसे युक्त होकर उस(वृत्र)को खूब काटते हो जैसे तक्षक (बढ़ई) वन के वृक्षों को (काटता है,आप उस वृत्रको) ऐसे काटते हो मानो कुल्हाड़े से (कोई काटता है) ॥ ४ ॥

इन्द्रोदेवता अत्यष्टिश्छन्दः । १२।१२।८।८।१२।८

त्वंह्यथानद्यइन्द्रसर्तवे च्छास-

[illegible]

[illegible] समानमर्थमक्षि-

तम् । धेनूरिवमनवेविश्वदोहसो ज-
नायविश्वदोहसः ॥ ५ ॥

त्वम्	त्वम्	तू ने
वृथा	अनायासेन	सहज से
नद्यः	नदीः (द्वितीयार्थे प्रथमा)	नदियों को
इन्द्र	हे इन्द्र !	हेइन्द्र
सर्तवे	गन्तुम्	चलने के लिये
अच्छ	प्रति	की ओर
समुद्रम्	समुद्रम्	समुद्र को
असृजः	सृष्टवानसि	छोड़ा है
रथान्ऽइव	रथानिव	जैसे रथों को

वाजऽयतः	बलमिच्छतः	बल की इच्छा करने वालों को
रथान्ऽइव	रथानिव	जैसे रथों को
इतः	इतः	यहां से
ऊतीः	साहाय्यदात्र्यः (सुपामितिपूर्वसवर्ण-दीर्घः)	सहायता देने वालियों ने
अयुज्जत	योजितवत्यः	मिलाया है
समानम्	समानम् (क्रियाविशेषणम्)	इकट्ठे को
अर्थम्	धनम् (,,)	धन को
अक्षितम्	क्षयरहितम्	नाश न होने वाले को
धेनूःऽइव	गावइव	गौओं की न्याईं
मनवे	मनुष्याय	मनुष्य के लिये

विश्वऽदो हसः	सर्वार्थदोग्ध्र्यः	सम्पूर्ण धनों के देने वालीं
जनाय	मनुष्यजातये	मनुष्य जाति के लिये
विश्वऽदो हसः	सर्वार्थदोग्ध्र्यः	सम्पूर्ण धनों के देने वालीं

संस्कृतार्थः ।

हे इन्द्र ! त्वं नदीः अनायासेन समुद्रं प्रति गन्तुं रथानिव विसृष्टवानसि, बलमिच्छतो रथानिव (विसृष्टवानसि,) साहाय्यदात्र्यः (एताः) क्षयरहितं समानंधनमितोऽग्रेयोजितवत्यः यथा सर्वार्थदोग्ध्र्यः गावोमनुष्याय, यथा सर्वार्थदोग्ध्र्यो मनुष्यजातये ।५।

भाषार्थः ।

हे इन्द्र ! आपने सहज से नदियों को समुद्र की ओर जाने के लिये रथों की न्याईं छोड़ा है, बल चाहने वाले रथों की न्याईं (छोड़ा है) इन सहायता देने वालियों ने नाश न होने वाले समान धन को यहां से आगे मिलाया है जैसे मनुष्य के लिये सब धनों

को देने वाली गौएँ, मनुष्य जाति के लिये सब धनों को देने वाली (गौएँ) ॥ ५ ॥

इन्द्रोदेवता, अत्यष्टिश्छन्दः ।१२।१२।८।८।८।१२।८

इमांतेवाचंवसूयन्तआयवो रथंन धीरःस्वपाअतक्षिषुः सुम्नायत्वामतक्षिषुः। शुम्भन्तोजेन्यंयथा वाजेषुविप्रवाजिनम्। अत्यमिवशवसेसातयेधना विश्वाधनानिसातये ॥ ६ ॥

इमाम्	इमाम्	इस को
ते	तुभ्यम्	तेरे लिये
वाचम्	वाणीम्	वाणी को

वसुऽयन्तः	धनं कामयमानाः	धन की कामना करते हुए
आयवः	मनुष्याः (निघं० २।३)	मनुष्यों ने
रथम्	रथम्	रथ को
न	इव	जैसे
धीरः	धीमन्तः (सुपामिति विभक्तेःसुः)	बुद्धिमान्
सुऽअपाः	कर्मकुशलः (अपइति कर्मनाम निघं० २।१ सुपामिति विभक्तेः सुः)	कारीगर
अतक्षिषुः	निर्मितवन्तः	बनाया है
सुम्नाय	सुखाय (निघं० ३।६)	सुख के लिये
त्वाम्	त्वाम्	तुझ को
अतक्षिषुः	निर्मितवन्तः	बनाया है

शुम्भन्तः	अलङ्कुर्वन्तः	सिंगारते हुए
जेन्यम्	जयशीलम्	जीतने वाले को
यथा	यथा	जैसे
वाजेषु	सङ्ग्रामेषु (निघं०२।७)	युद्धों में
विप्र	हे मेधाविन् !	हे विशेषबुद्धिवाले
वाजिनम्	वेगवन्तम्	वेगवाले को
अत्यम्ऽइव	अश्वमिव	घोड़े को जैसे
शवसे	बलाय	बल के लिये
सातये	प्राप्तये	प्राप्त के लिये
धना	धनानि (शेर्लोपः)	धनों को
विश्वा	सर्वाणि (,,)	सब को

धनानि	धनानि	धनों को
सातये	प्राप्तये	प्राप्ति के लिये

संस्कृतार्थः ।

हे मेधाविन् ! (इन्द्र !) धनंकामयमानामनुष्याः तुभ्यमिमाम् (स्तोत्ररूपाम्) वाचं निर्मितवन्तः यथा बुद्धिमन्तः कर्मकुशलाः (तक्षकाः) रथम् (निर्मिमते) त्वामलङ्कुर्वन्तः (सन्तः) सुखाय (इदंस्तोत्रं निर्मितवन्तः) यथा संग्रामेषु वेगवन्तः जयशीलम् (चाऽश्वमलङ्कुर्वन्ति) यथा बलाय धनप्राप्तये (च अलङ्कुर्वन्ति) सर्वाणि धनानि प्राप्तुम् (अलंकुर्वन्ति) ॥६॥

भाषार्थः ।

हे मेधावी (इन्द्र !) धन की इच्छा करने वाले मनुष्यों ने आपके लिये इस (स्तोत्ररूप) वचन को बनाया है जैसे बुद्धिमान कारीगर रथ को (बनाते हैं) आप को सिंगारते हुए सुख के लिये (यह स्तोत्र बनाया है) जैसे युद्धमें वेगवाले (और) जयशील (घोड़े) को (सिगारते हैं) जैसे बल (और) धनों की प्राप्ति के लिये घोड़े को (सिगारते हैं) सम्पूर्ण धनों की प्राप्ति के लिये (सिंगारते हैं) ॥६॥

इन्द्रोदेवता,अत्यष्टिश्छन्दः ।१२।१२।८।८।८।१२।८

भिनत्पुरो नवतिमिन्द्र पूरवे दिवो-
दासाय महि दाशुषे नृतो वज्रेण दाशु-
षे नृतो । अतिथिग्वाय शम्बरं गिरेरु-
ग्रो अवाभरत् । महो धनानि दयमान-
ओजसा विश्वा धनान्योजसा ॥ ७ ॥

भिनत्	विदारितवानसि (अडभावोवचन व्यत्ययश्च)	तूने तोड़ा है
पुरः	पुराणि	गढ़ों को
नवतिम्	नवतिम्	नव्वे को
इन्द्र	हे इन्द्र !	हे इन्द्र !
पूरवे	पूरवे	पूरु के लिये

दिवःऽ दासाय	दिवोदासाय	दिवोदास के लिये
महि	महते (चतुर्थ्यर्थे सप्तमी)	महान के लिये
दाशुषे	भक्ताय	भक्त के लिये
नृतो०	हे नर्तक !	हे नट
वज्रेण	वज्रेण	वज्र से
दाशुषे	भक्ताय	भक्त के लिये
नृतो०	हे नर्तक !	हे नट
अतिथिऽ ग्वाय	अतिथिग्वाय	अतिथिग्व के लिये
शम्बरम्	शम्बरम्	शम्बर को
गिरिः	पर्वतात्	पर्वत से

उग्रः	उग्रः	उग्र ने
अव	अव+	–
अभरत्	अव+अभरत्, अधःपातितवान्	नीचे गिराया है
महः	महान्ति	महानों को
धनानि	धनानि	धनों को
दयमानः	ददानः (दयदाने)	देता हुआ
ओजसा	तेजसा	तेज से
विश्वा	सर्वाणि (शेर्लोपः)	सब को
धनानि	धनानि	धनों को
ओजसा	बलेन	बल से

संस्कृतार्थः।

हे नर्तक! इन्द्र! (त्वम्) पूर्वे, महते भक्ताय दिवो

ऋ० सं० ७५-७६ अङ्कयोः शुद्धाशुद्धि पत्रम्।

पृ०	पं०	अशुद्धम्	शुद्धम्
३३९४	१२	सुऽ	सुऽ
३३९८	७	घोरणा	घोराणा
३३९९	१३	घतस्य	घृतस्य
३४०९	१	सुग्रतः	सुव्रताः
३४१३	११	य	यः
३४१७	७	कक्षा	कक्षी
३४१८	११	अस्थः	अस्थुः
३४२२	१३	मन	मनु
३४२२	१४	सबन्ध	सुबन्ध
३४२२	१६	पजाः	पज्राः
३४२४	२	जिन्होंने	जो
३४२५	१५	परऽ	परिऽ
३४२६	६	ह्यम्	मह्यम्
३४२८	१४	सम्यक	सम्यक्
३४३७	२	जतये	जूतये
३४३८	१	शक	शुक
३४४३	१५	का	की
३४४४	४	पुरूणि	पुरूणि
३४४४	१२	अन+	अनु+
३४४५	१०	हांव	हवि
३४४८	१०	सदर्शऽ	सुदर्शऽ
३४४९	१२	आयवे	आयुवे
३४५२	१५	शमेन	शुभेन
३४५४	१३	(णलोंप)	(णेलोंपः)
३४५५	२	हषी	हषी
३४६०	१०	भुजे	मुजे
३४६३	४	देवेप	देवेषु
३४६४	१३	त्वम	त्वम्
३४६६	८	उत	उत
३४६७	१३	सेवितम्	सेवितुम्
३४६७	१२	देवान	देवान्
३४६७	१४	अतो	अतो
३४६८	१०	ग्नये।	ग्नये।
३४७०	११	(गुङ	(गुङ्
३४७४	३	मांह	महि
३४७५	१२	(आहार)	(आहर)
३४८०	९	यगेय	योग्य
३४८३	७	मपा	मुपा
३४८४	११	त्वम)	त्वम्)
३४८५	२	ऽऽङ्	ऽऽङु

अंक ७९-८०] [मार्गशीर्ष-पौष १९६९

ऋग्वेद संहिता

(वैदिक जीवनव्याख्यायुता)

पदपाठ, शब्दार्थ, संस्कृत और भाषा अनुवाद
टिप्पणी और मन्त्रों के आशय पर
व्याख्यान से युक्त

जिसको मुलतानिवासी पं० शङ्करदत्तशास्त्री
की सहायता से शिवनाथ आहिताग्नि ने
सम्पादन किया।

लाहौर
पञ्जाब एकाउंटेंसी यन्त्रालय में प्रिण्टर लाला
लालमन के अधिकार से छपा।

१२ अंकों का अग्रिम मूल्य २)
पहले २४ अंकों का मूल्य ५॥)
८० अंकों का मूल्य १४॥।/)

दासाय(च)नवतिम्(शत्रु-)पुराणि विदारितवानसि, हे नर्तक ! (त्वम्) भक्ताय वज्रेण (विदारितवानसि,) उग्रः (स इन्द्रः) तेजसा अतिथिग्वाय महान्ति धनानि ददानः (सन्) शम्बरं पर्वतादधःपातितवान्, तेजसा सर्वाणि धनानि (ददानःसन्नधःपातितवान्) ॥ ७ ॥

भाषार्थः ।

हे नट ! इन्द्र ! आपने पूरुके लिये [और] बड़े भक्त दिवोदास के लिये [शत्रुओं के] नव्वे गढ़ों को तोड़ा है, हे नट ! अपने भक्तके लिये वज्र से (तोड़ाहै) उसउग्र ने (अपने) तेज से अतिथिग्व को बड़े बड़े धन देते हुए शम्बर को पर्वत से नीचे गिराया है, ने सब धनों को (देते हुए नीचे गिराया है) ॥७

देवता, अत्यष्टिश्छन्दः १२।१२।८।८।८।१२।८

इन्द्रःसमत्सुयजमानमार्य्यं प्रा-

वेषुशतमूतिराजिषु स्वर्मीळ्-

हेष्वाजिषु। मनवेशासदव्रतान् त्वचं

कृष्णामरन्धयत्। दक्षन्नविश्वंत-
तृषाणमोषति न्यर्शसानमोषति।८।

इन्द्रः	इन्द्रः	इन्द्र ने
समत्ऽसु	सङ्ग्रामेषु (निघं० २।१७)	युद्धों में
यजमानम्	यजमानम्	यजन करते हुए को
आर्य्यम्	आर्य्यम्	आर्य को
प्र	प्र+	–
आवत्	प्र+आवत्, प्रकर्षेण रक्षितवान्	खूब रक्षा की है
विश्वेषु	सर्वेषु	सब में
शतम्ऽऊतिः	शतरक्षोपेतः	सैकड़ों रक्षाओं से युक्त
आजिषु	सङ्ग्रामेषु	युद्धों में

स्वःऽ मीळ्हेषु	ज्योतिर्निमित्तेषु सङ्ग्रामेषु	प्रकाश के निमित्त युद्धों में
आजिषु	सङ्ग्रामेषु	युद्धों में
मनवे	मनोः प्रजायै	मनु की प्रजा के लिये
शासत्	शासत्	दंड देता हुआ
अव्रतान्	व्रतरहितान्	व्रतहीनों को
त्वचम्	त्वचम्	त्वचा को
कृष्णाम्	कृष्णाम्	काली को
अरन्धयत्	आयत्तीकृतवान्	वस में किया है
धक्षत्	दहन्	जलाता हुआ
न	इव,	मानो
विश्वम्	सर्वम्	सब को

तृषाणम्	अतिलोभिनम्	अत्यन्त लोभी को
ओषति	नाशयति (भा० को०)	नाश करता है
नि	नि +	–
अर्शसानम्	दुःखदायिनम्	दुःख देने वाले को
ओषति	नि + ओषति, नितान्तं नाशयति	अत्यन्त नाश करता है

संस्कृतार्थः ।

शतरक्षोपेतइन्द्रः संग्रामेषु विश्वेषुसंग्रामेषु यजमानमार्य्यं प्रकर्षेण रक्षितवान्,ज्योतिर्निमित्तेषुसंग्रामेषु(प्ररक्षितवान्) व्रतरहितान् शासत् (सन्) कृष्णां त्वचं मनोःप्रजायै आयत्तीकृतवान्, (सः) सर्वमतिलोभिनम् (दस्युसमूहम्) दहन्निव नाशयति, दुःखदायिनम्(दस्युजातम्) नितान्तं नाशयति ॥८॥

भाषार्थः ।

सैकड़ों रक्षाओं से युक्त इन्द्र ने युद्धों में सब युद्धों में आर्य्य भक्त की खूब रक्षा की है, प्रकाश निमित्त युद्धों में (खूब रक्षा की है) व्रत हीनों को

दंड देते हुए काली त्वचा को मनु की सन्तान के अधीन किया है,वह सब अत्यन्त लोभी (दस्यु समूह को) जलाते हुए की न्याईं नाश करते हैं, दुःख देने वाली (दस्युजाति का) अत्यन्त नाश करते हैं ॥ ८॥

इन्द्रोदेवता, अत्यष्टिश्छन्दः ।१२।१२।८।८।८।१२।८

सूरश्चक्रंप्रवृहज्जातओजसा प्र-

पित्वेवाचमरुणोमुषायती शानआमु-

षायति।उशनायत्परावतो ऽजगन्नू-

तयेकवे।सुम्नानिविश्वामनुषेवतर्व-

णि रहाविश्वेवतुर्वणिः ॥९॥

सूरः	सूर्य्यः	सूर्य
चक्रम्	परिधिम्	घेरे को

प्र	प्र+	–
बृहत	प्र+बृहत्,प्रवर्धितवान्	बढ़ाया
जातः	उदितः(सन्)	उदय होकर
ओजसा	बलेन	बल से
प्रऽपित्वे	सामीप्ये (निघं० ३।२९)	निकट आने पर
वाचम्	वाचम्	वाणी को
अरुणाः	अरुणतायाः (प्रत्ययलोपे सति विभक्तेः सुः)	लाली के
मुषायति	अपहरति (मुषस्तेये, अहावपि शायजादेशश्छान्दसः)	हरता है
ईशानः	ऐश्वर्यं दधानः	ऐश्वर्यवान्
आ	आ +	–
मुषायति	आ+मुषायति, सर्वतोऽपहरति	सब ओरसे हरता है

उशना	कामयमानः	कामना करता हुआ
यत्	यः (सुपामिति विभक्तेर्लुक्)	जो
पराऽवतः	दूरदेशात् (निघं०) ३।२६	दूर देश से
अजगन्	प्राप्तवानसि (गमेःसिपि शपः श्लु-श्छान्दसः,हल्ङ्या-ब्लोपे'मोनोधातोः' इतिनत्वम)	प्राप्त हुए हो
ऊतये	रक्षणार्थम्	रक्षा के लिये
कवे	हे मेधाविन्!	हे विशेषबुद्धिवाले
सुम्नानि	सुखानि (निघं०३।६)	सुखों को
विश्वा	सर्वाणि (शेर्लोपः)	सब को
मनुषाऽइव	मनुष्य इव (विभक्तेरात्वम्)	मनुष्य की न्याईं

तुर्वणिः	त्वरायुक्तः (निघं० ४।३)	शीघ्रता से युक्त
अहा	अहानि (अत्यन्तसंयोगे द्वितीया)	दिनों में
विश्वाऽइव	सर्वाणीव	सब में मानो
तुर्वणिः	त्वरायुक्तः	शीघ्रता से युक्त

संस्कृतार्थः ।

सूर्य्यउदितः (सन्) बलेन[1] [प्रकाशस्य] परिधिं प्रवर्धितवान्, (सः) अरुणतायाः सामीप्ये (रक्षसाम्) वाचमपहरति, ईशानः (सन्) सर्वत अपहरति, हे मेधाविन्! (इन्द्र!) यः (त्वम्) कामयमानः (सन्) रक्षणार्थं दूरदेशात्प्राप्तवानसि (सः) त्वरमाणः (त्वम्) मनुष्य इव सर्वाणि सुखानि (ददासि,) सर्वाणि अहानि त्वरायुक्त इव (सुखानि ददासि) ॥ ९ ॥

भाषार्थः ।

सूर्य्य ने उदय होकर बलद्वारा (प्रकाश की परिधि को बढ़ाया है (वह) लाली के आते ही (राक्षसों की) वाणी को हरते हैं, ईशन करते हुए सब ओर से हरते हैं, हे मेधावी इन्द्र! आप जो प्रेम करते

हुए दूर से रक्षा के लिये आए हो, वह शीघ्रता करने वाले आप मनष्य (मित्र)की न्याईं सब सुखों को देते हो, सब दिनों शीघ्रता करते हुए की न्याईं (सुखों को) देते हो ॥९॥

इन्द्रोदेवता, निचृत्त्रिष्टुप्छन्दः ।११।११।१०।११

सनोनव्येभिर्वृषकर्म्मन्नुक्थैः पुरांदर्तःपायुभिःपाह्यिशस्तैः । दिवोदासेभिरिन्द्रस्तवानो वावृधीथाअहोभिरिव्द्यौः । १० ।

सः	सः	वह
नः	अस्मान्	हम को
नव्येभिः	नूतनैः	नयों से
वृषऽकर्म्मन्	हे वीरकर्मन् !	हे वीरता के काम करने वाले

उक्थैः	स्तोत्रैः	स्तोत्रों से
पुराम्	पुराणाम्	गढ़ों के
दर्तः०	हे दारयितः !	हे तोड़ने वाले
पायुऽभिः	रक्षाभिः	सहायताओं से
पाहि	पाहि	रक्षा करो
शग्मैः	कर्मभिः (निघं०२।१)	कर्मों से
दिवःऽदासेभिः	दिवोदासवंशीयैः	दिवोदास-वंशियों से
इन्द्र	हे इन्द्र !	हे इन्द्र
स्तवानः	स्तूयमानः (कर्मणि कर्तृप्रत्ययः)	स्तुति किया जाता हुआ
वृधीथाः	प्रवर्धस्व (वृधेर्लिङि शपः श्लुश्छान्दसः)	बढ़ो

अहोभिःऽइव	दिनैरिव	जैसे दिनों से
द्यौः	द्यौः	आकाश

संस्कृतार्थः ।

हे पुराणांदारयितः ! वीरकर्मन् ! इन्द्र ! सः (त्वम्) अस्मान् नूतनैः स्तोत्रैः कर्मभिः (स्व-) रक्षाभिः (च) पाहि, दिवोदासवशीयैः [च] स्तूयमानः (सन्) दिनेराकाशइव प्रवर्धस्व ॥ १० ॥

भाषार्थः ।

हे गढ़ों के तोड़ने वाले ! वीरता के काम करने वाले ! इन्द्र ! वह (आप) नए स्तोत्रों से, कर्मों से (और अपनी) सहायताओं से हमारी रक्षा करो (और) दिवोदासवशियों से स्तुति किये जाकर खूब बढ़ो जैसे दिन से आकाश [बढ़ता है] ॥१०॥

इति त्रिंशदुत्तरशततमं सूक्तम् ॥

ऋ० मं० १ सू० १३१ ।

इन्द्रोदेवता परुच्छेपऋषिः ।

विनियोगः-

१-७। पृष्ठ्यस्य षष्ठेऽहनि माध्यन्दिनसवने आद्यास्तिस्रो मैत्रावरुणस्य, तृतीयाद्यास्तिस्रो ब्राह्मणाच्छंसिनः, पञ्चम्याद्यास्तिस्रोऽच्छावाकस्य। (आ० ७। १। ४०) तत्रैवाऽहनि तस्मिन्नेव सवने प्रशास्तादीनां प्रस्थितयाज्याभ्यःपुरस्ताद् आदितः षड्चः प्रक्षेपणीयाः (आ० ८। १।१४) 'इन्द्रायहि' इति तृचो महाव्रते निष्केवल्ये वैकल्पिकानुरूपद्वितीयः (ऐ०आ०५।१)

सूक्त का भावार्थ ।

बलवान आकाश इन्द्र के सामने झुका है, यह विशाल पृथिवी जिस में बड़े २ चौड़े देश हैं इन्द्र के सामने झुकी है, चौड़े देशों के साथ प्रकाश की प्राप्ति के लिये झुकी है, सब देवताओं ने एकचित्त होकर इन्द्र को भगवैया बनाया है, इसलिये मनुष्यों के यज्ञ इन्द्रके लिये हों, मनुष्यों के दान इन्द्र के लिये हों ॥ १ ॥ हे इन्द्र ! सब मनुष्य यज्ञों में सब के साझे आप को ही वीर मानते हुए अलग अलग आपको प्राप्त होते हैं, प्रकाश की कामना करते हुए अलग अलग आप को प्राप्त होते हैं, उस नाव की न्याई पार लंघाने वाले आपको यज्ञों से मानो चेत कराते हुए हम मनुष्य बलों का धुरंधर बनाते हैं,हम मनुष्य स्तोत्रों द्वारा इन्द्रको बलों का धुरंधर बनाते हैं ॥ २ ॥ हे इन्द्र ! रक्षा चाहने वाले स्त्री पुरुषों के जोड़े गौओं के झुंड की प्राप्ति के लिये हवि छोड़ते हुए आपको चारों ओर से घेरे हुए हैं, आपके पास जाते हुए और हवि को छोड़ते हुए चारों ओर से घेरे हुए हैं। हे इन्द्र ! जब दो जातियाँ गौओं की इच्छा करती

हुई और प्रकाश* की इच्छा करती हुई एक देश में इकट्ठी होती हैं तब आप साथ में रहने वाले अपने वीर्यवान वज्र को प्रकट करते हो, साथ में रहने वाले वज्र को प्रकट करते हो † ॥ ३ ॥ हे इन्द्र ! आप के इस पराक्रम को मनुष्य जानते हैं जो आपने शरद ऋतु में बनाए हुए गढ़ों को तोड़ा है, दस्युओं को दबाते हुए आपने गढ़ों को तोड़ा है, हे सब बलों के स्वामी ! आपने यज्ञ न करने वाले दस्यु को दण्ड दिया है और इस विशाल पृथिवी और इन बलों को आर्य्यभक्त के लिये हरण किया है, मदयुक्त होकर पृथिवी और जलों को हरण किया है ॥ ४ ॥ हे वीर ! जब २ आपने सोम के मद में भक्तों की रक्षा की है और जब २ आपने मित्रता चाहने वालों की रक्षा की है तब २ आपके इस वीर्य्य को मनुष्यों ने प्रख्यात किया है, आपने इन आर्य्यभक्तों को युद्ध में प्रवृत्त करने का यत्न किया है, इसीलिये इन्हों ने एक एक करके सब नदियों को ‡ जीत लिया है यश की इच्छा से जीत लिया है ॥ ५ ॥ आज की प्रभात में इन्द्र हमपर अवश्य प्रसन्न हों और पुकारों के साथ की हुई स्तुति और हवि की ओर ध्यान दें, प्रकाश की प्राप्ति के लिये पुकारों के साथ की हुई स्तुति और हवि की ओर ध्यान दें, हे वज्र-धारी वीर ! आप जो शत्रुओं के मारने की इच्छा करते हो वह आप सब से नए इस कवि के स्तोत्र को सुनो, इस सब से नए के स्तोत्र को सुनो ॥ ६ ॥ हे इन्द्र ! जो आप बल के लिये उत्पन्न हुए

---

* प्रकाश से आन्तरिक प्रकाश वा सभ्यता का प्रकाश अभिप्रेत है ॥

† वज्र को प्रकट करने से तात्पर्य्य यह है कि उन जातियों में अवश्य युद्ध रहता है ॥

‡ अर्थात् पहले सिन्धु को फिर वितस्ता, असिक्नी, परुष्णी, विपासा, शतद्रु, गंगा, यमुना आदि को ॥

हो, खूब बढ़ते हुए और हम को चाहते हुए वह आप शत्रुता करने वाले उस मनुष्य को मारो जो हमें दुःख देने की इच्छा करता है, आप जो बड़े यशवाले हो वह आप हमारी सुनो और जैसे छोड़ता हुआ कष्ट दूर हो जाता है ऐसे हमारी दुर्बुद्धि को दूर करो, सम्पूर्ण दुर्बुद्धि को दूर करो ॥ ७॥

इन्द्रोदेवता, अत्यष्टिश्छन्दः१२।१२।८।८।८।१२।८

इन्द्रायहिद्यौरसुरोअनम्नतेन्द्रायमहीपृथिवीवरीमभिर्दुम्नसातावरीमभिः । इन्द्रंविश्वेसजोषसोदेवासोदधिरेपुरः। इन्द्रायविश्वासवनानिमानुषा रातानिसन्तुमानुषा ॥ १ ॥

इन्द्राय	इन्द्राय	इन्द्र के लिये
हि	खलु	सचमुच

द्यौः	द्युलोकः	द्युलोक
असुरः	प्राणवान्, बलवानित्यर्थः	बलवान
अनम्नत	नतवान् (नमेर्लङिकर्मकर्तर्य्यात्मनेपदं यगभावः छान्दसःशपःश्लुः, अनुनासिकलोपश्च)	झुका है
इन्द्राय	इन्द्राय	इन्द्र के लिये
मही	महती	विशाल
पृथिवी	पृथिवी	पृथिवी
वरीमऽभिः	उरुप्रदेशैः	चौड़े देशों के साथ
द्युम्नऽसाता	प्रकाशस्य प्राप्तये (विभक्तेरात्वम्)	प्रकाश की प्राप्ति के लिये
वरीमऽभिः	उरुप्रदेशैः	चौड़े देशों के साथ
इन्द्रम्	इन्द्रम्	इन्द्र को

विश्वे	सर्वे	सब
स॒ऽजोष॑सः	समानमनस्काः	एक चित्त वाले
दे॒वासः॑	देवाः (जसोऽसुगागमः)	देवताओं ने
द॒धि॒रे॒	स्थापितवन्तः	रक्खा है
पु॒रः	अग्रे	आगे
इन्द्रा॑य	इन्द्राय	इन्द्र के लिये
विश्वा॑	विश्वाः (शेर्लोपः)	सब
सव॑नानि	सोमाहुतयः	सोम की आहूतियाँ
मानु॑षा	मनुष्यैर्दत्ताः (शेर्लोपः)	मनुष्यों से दी हुई
रा॒तानि॑	दानानि	दान
स॒न्तु॒	सन्तु	हों

मानुषा | मनुष्य-सम्बन्धानि (शेर्लोपः) | मनुष्य संबंधा

संस्कृतार्थः ।

इन्द्राय खलु बलवान् द्युलोको नतवान्, इन्द्राय उरुप्रदेशैः सह महती पृथिवी (नतवती,) उरुप्रदेशैः सह प्रकाशस्य प्राप्तये (नतवती,) इन्द्रं समान-मनस्काः सर्वे देवा अग्रे स्थापितवन्तः, इन्द्राय मनुष्यैर्दत्ताः सर्वाः सोमाहुतयो मनुष्यसम्बन्धीनि दानानि (च) सन्तु । १ ।

भाषार्थः ।

सचमुच इन्द्र के लिये बलवान द्युलोक झुका है, इन्द्र के लिये चौड़े देशों के साथ विशाल पृथिवी झुकी (है,) चौड़े देशों के साथ प्रकाश का प्राप्ति के लिये (झुकी है,) इन्द्र को एकचित्त होकर सब देवताओं ने आगे रक्खा है, इन्द्र के लिये मनुष्यों से दी हुई संपूर्ण सोम की आहुतियाँ (और) मनुष्यों के (सब) दान हों । १ ।

इन्द्रोदेवता, अत्यष्टिश्छन्दः ।१२।१२।८।८।८।१२।८

विश्वेषुहित्वासवनेषुतुञ्जते

समानमेकं वृषमण्यवः पृथक् स्वः सनिष्यवः पृथक् । तं त्वा नावं न पर्षणिं प्रूषस्य धुरि धीमहि। इन्द्रं नयन्त्रैश्चितयन्त आयवः स्तोमेभिरिन्द्रमायवः ॥ २ ॥

विश्वेषु	सर्वेषु	सब में
हि	खलु	सचमुच
त्वा	त्वाम्	तुझ को
सवनेषु	सोमयज्ञेषु	सोमयज्ञों में
तुञ्जते	प्राप्नुवन्ति	प्राप्त होते हैं
समानम्	समानम्	साझे को

एकम्	एकम्	एक को
वृषऽमन्यवः	वीरं जानन्तः	वीर जानते हुए
पृथक्	पृथक्	अलग
स्वः०	प्रकाशम्	प्रकाश को
सनिष्यवः	प्राप्तुकामाः	प्राप्त करने की कामना वाले
पृथक्	पृथक्	अलग
तम्	तम्	उस को
त्वा	त्वाम्	तुझ को
नावम्	नावम्	नाओ को
न	इव	की न्याईं
पर्षणिम्	पारयितारम्	पार करने वाले को

शूषस्य	बलरूपस्य (निघं० २।९)	बलरूप के
धुरि	धुरि	धुरे में
धीमहि	स्थापयामः	हम स्थापन करतेहैं
इन्द्रम्	इन्द्रम्	इन्द्र को
न	इव	मानो
यज्ञैः	यज्ञैः	यज्ञों से
चितयन्तः	चेतयन्तः	चेत कराते हुए
आयवः	मनुष्याः	मनुष्य
स्तोमेभिः	स्तोत्रैः	स्तोत्रों के द्वारा
इन्द्रम्	इन्द्रम्	इन्द्र को
आयवः	मनुष्याः (निघं०२।३)	मनुष्य

संस्कृतार्थः ।

(हे इन्द्र ! सर्वे मनुष्याः) सर्वेषु खलु सोमयज्ञेषु (सर्वेषाम्) समानमेकं त्वां वीरंजानन्तः(सन्तः) पृथक् प्राप्नुवन्ति प्रकाशप्राप्तिकामाः पृथक् (प्राप्नुवन्ति) नावमिव पारयितारं तं त्वामिन्द्रं यज्ञैश्चेतयन्तइव (वयम्) मनुष्या बलस्यधुरि स्थापयामः, (वयम्) मनुष्याः स्तोत्रैरिन्द्रम् (बलस्य धुरि स्थापयामः)॥२॥

भाषार्थः ।

(हे इन्द्र! सब मनुष्य) सचमुच संपूर्ण सोमयज्ञों में (सब के) सांझे एक आपको वीर जानते हुए अलग२ प्राप्त होते हैं, प्रकाश की प्राप्ति की कामना वाले अलग २ (प्राप्त होते हैं,) नाओ की न्याईं पार करने वाले उस आप इन्द्र को यज्ञों से मानो चेत कराते हुए (हम) मनुष्य बल के धुरे पर स्थापन करते हैं, (हम) मनुष्य स्तोत्रों से इन्द्र को (बल के धुरे पर स्थापन करते हैं)॥ २ ॥

इन्द्रोदेवता, अत्यष्टिश्छन्दः ।१२।१२।८।८।८।१२।८

वित्वाततस्रेमिथुनाअवस्यवो

व्रजस्यसातागव्यस्यनिःसृजःसच्च-

न्तइन्द्रनिःसृजः । यद्गव्यन्ताद्वा जना स्वर्यन्तासमूहसि। आविष्करिक्रद्वृषणंसचाभुवंवज्रमिन्द्रसचाभुवम् । ३ ।

वि	वि +	–
त्वा	त्वाम्	तुझ को
ततस्रे	वि+ततस्रे परिवेष्टितवन्तः (लिटि'इरयोरे'इतिरे भावः)	चारों ओर से घेरे हुए हैं
मिथुनाः	पत्नीसहिता-मनुष्याः	पत्नीसहित मनुष्य
अवस्यवः	रक्षाकामाः	रक्षा की कामना वाले
व्रजस्य	यूथस्य	समूह की
साता	प्राप्तये (विभक्तेर्लुक्)	प्राप्ति के लिये

गव्यस्य	गवांसम्बन्धिनः	गौओं के
निःसृजः	(हविः) उत्सृजन्तः (क्विप्)	(हविको)छोड़ते हुए
सञ्चन्तः	गच्छन्तः (निघं० २ १४)	जाते हुए
इन्द्र	हे इन्द्र !	हे इन्द्र
निःऽसृजः	(हविः)उत्सृजन्तः	(हवि को)छोडते हुए
यत्	यदा	जब
गव्यन्ता	गाः कामयमानौ (विभक्तेरात्वम्)	गौओं की कामना वालों को
द्वा	द्वौ (,,)	दो को
जना	जनसमूहौ (,,)	जन समूहों को
स्वः	स्वः+	–
यन्ता	स्वः + यन्ता, प्रकाशंकामयमानौ	प्रकाश की इच्छा वालों को

सम्ऽ ऊहसि	सङ्गमयसि	इकट्ठा कराते हो
आविः	आविः+	–
करिक्रत्	आविः+करिक्रत्, प्रादुष्कुर्वन्	प्रकट करता हुआ
वृषणम्	वीर्य्यवन्तम्	वीर्य्यवान को
सचाऽभुवम्	सहभवितारम्	साथ रहनेवाले को
वज्रम्	वज्रम्	वज्र को
इन्द्र	हे इन्द्र !	हे इन्द्र
सचाऽभुवम्	सहभवितारम्	साथ रहने वाले को

संस्कृतार्थः ।

हे इन्द्र ! रक्षाकामाः सपत्नीका मनुष्या गोयूथस्य प्राप्तये (हविः) उत्सृजन्तः (सन्तः) त्वां परिवेष्टितवन्तः (त्वां प्रति) गच्छन्तः (हविः) उत्सृजन्तः (च परिवेष्टितवन्तः) यदा (त्वम्) गाःकामयमानो

प्रकाशं कामयमानौ (च) द्वौ जनसमूहौ सङ्गमयसि (तदा) सह भवितारं वीर्य्यवन्तम् (वज्रम्) प्रकटयन् तिष्ठसि, हे इन्द्र! सह भवितारं वज्रम् (प्रकटयन्) तिष्ठसि ॥ ३ ॥

भाषार्थः ।

हे इन्द्र! रक्षा की कामना वाले सपत्नीक मनुष्य गौओं के समूह की प्राप्ति के लिये (हवि को) छोड़ते हुए चारों ओर से आपको घेरे हुए हैं, आप की ओर जाते हुए (और हवि को) छोड़ते हुए (घेरे हुए हैं) हे इन्द्र! जब आप गौओं की कामना वाले (और) प्रकाशकी कामना वाले दो मनुष्यसमुदाय को इकट्ठा करते हो तब साथ रहने वाले वीर्य्यवान वज्र को प्रकटकरते हुए (ठैरते हो, हे इन्द्र! (आप) साथ रहने वाले वज्रको (प्रकट करते हुए ठैरते हो) ॥३॥

इन्द्रोदेवता, अत्यष्टिश्छन्दः १२।१२।८।८।८।१२।८

विदुष्टेअस्यवीर्य्यस्यपूर्वः पुरो यदिन्द्रशारदीरवातिरः सासहानो अवातिरः। शासस्तमिन्द्रमर्त्यमय-

ज्युंशवसस्पते। मही मनुष्याः पृथिवी

मिमा अपो मन्दसानइमा अपः ।४।

विदुः	जानन्ति	जानते हैं
ते	तव	तेरे
अस्य	इदम् (कर्म्मणिषष्ठी)	इस को
वीर्य्यस्य	वीर्य्यम् (,,)	बल को
पूरवः	मनुष्याः (निघं०२।३)	मनुष्य
पुरः	पुराणि	गढ़ों को
यत्	यत्	जो
इन्द्र	हे इन्द्र !	हे इन्द्र
शारदीः	शरत्सम्बन्धीनि	शरत् संबंधियों को

अवऽअतिरः	विनाशितवानसि (निघं०२।१९)	तूने नाश-किया है
ससहानः	भृशमभिभवन् (यङ्लुगन्तात्सहेस्ताच्छीलिकश्चानश्)	खूब दबाता हुआ
अवऽअतिरः	विनाशितवानसि	तूने नाश किया है
शासः	शिष्टवानसि (अडभावः)	तूने शासन किया है
तम्	तम्	उस को
इन्द्र	हे इन्द्र !	हे इन्द्र
मर्त्यम्	मनुष्यम्	मनुष्य को
अयज्युम्	अयष्टारम्	यज्ञ न करने वाले को
शवसः	बलस्य	बल के
पते	हे पत !	हे स्वामी
महीम्	महतीम्	विशाल को

अमुष्णाः	अपहृतवानसि	तूने हरण किया है
पृथिवीम्	पृथिवीम्	पृथिवी को
इमाः	इमाः	इन को
अपः	अपः	जलों को
मन्दसानः	मोदमाः	मोद को प्राप्त होता हुआ
इमाः	इमानि	इन को
अपः	अपः	जलों को

संस्कृतार्थः ।

हे इन्द्र ! तवेदं वीर्य्यं मनुष्या जानन्ति यत् (त्वम्) शरत्सम्बन्धीनि पुराणि विनाशितवानसि, (दस्यून) अभिभवन् (सन्) विनाशितवानसि, हे वलस्य पते ! इन्द्र! (त्वम्) अयष्टारं तं मनुष्यं शिष्टवानसि, महतीं पृथिवीमिमाअपः(च)अपहृतवानसि, मोदमानः (सन्) इमा अपः (अपहृतवानसि) ॥४॥

भाषार्थः।

हे इन्द्र ! आपके इस वीर्य्य को मनुष्य जानते हैं, जो आपने शरद्ऋतु के गढ़ों को नाश किया है, (दस्युओं को) दबाते हुए नाश किया है, हे बल के स्वामी इन्द्र ! आपने यज्ञ न करने वाले उस मनुष्य को दंडदिया है, (और) विशाल पृथिवी (और) इन जलों को हरण किया है, मोद करते हुए इन जलों को (हरण किया है) ॥ ४ ॥

इन्द्रोदेवता, अत्यष्टिश्छन्दः ।१२।१२।८।८।८।१२।८

आदित्तेअस्यवीर्य्यस्यचविरन्

मदेषुवृषन्नशिजोयदाविथ सखीय-

तोयदाविथ । चकर्थकारमेभ्यः पृत-

नासप्रवन्तवे। तेअन्यामन्यांनद्यं स-

निष्णत श्रवस्यन्तःसनिष्णत।५।

आत् | अनन्तरम् | पीछे

इत्	खलु	सचमुच
ते	तव	तेरे
अस्य	एतत् (द्वितीयार्थे षष्ठी)	इस को
वीर्यस्य	वीर्य्यम् (,,)	वीर्य्य को
चकिरन्	प्रथितवन्तः (यङ्लुगन्तादस्मादव्यत्ययेन शः)	फैलाया है
मदेषु	मदेषु	मदों में
वृषन्	हे वीर !	हे वीर
उशिजः	भक्तान् (यशकान्तौ)	भक्तों को
यत्	यदा	जब
आविथ	प्रवर्धितवानसि (मयशृद्धौ, अन्तर्भावितण्यर्थः)	तूने बढ़ाया है
सखिऽयतः	मित्रत्वंकामयमानान्	मित्रता की कामना वालों को

यत्	यत्	जो
आविथ	रक्षितवानसि	तूने रक्षा की है
चकर्थ	कृतवानसि	तूने किया है
कारम्	यत्नम्	यत्न को
एभ्यः	एभ्यः	इन के लिये
पृतनासु	संग्रामेषु	युद्धों में
प्रऽवन्तवे	प्रवर्त्तितुम् (तुमर्थेतवेन्)	लगने के लिये
ते	एते (एकारलोपश्छान्दसः)	ये
अन्याम्ऽअन्याम्	एकामेकाम्	एक एक को
नद्यम्	नदीम् (यणादेशश्छान्दसः)	नदी को
सनिष्णत	प्राप्तवन्तः (सनेर्लेटिसिप)	प्राप्त किया

श्रवस्यन्तः	यशःकामयमानाः	यश की कामना करने वालों ने
सनिष्णत	प्राप्तवन्तः (,,)	प्राप्त किया

संस्कृतार्थः।

हे वीर! अनन्तरं खलु तवैतद् वीर्य्यम् (मनुष्याः) प्रथितवन्तः यदा (त्वम्) मदेषु भक्तान् रक्षितवानसि, मित्रत्वं कामयमानान् रक्षितवानसि, (त्वम्) एभ्यः सङ्ग्रामेषु प्रवर्तितुं यत्नं कृतवानसि, (अतएव) एतैः एकामेकां नदीम् (जयेन) प्राप्तवन्तः यशस्कामाः [सन्तः] प्राप्तवन्तः ॥ ५ ॥

भाषार्थः।

हे वीर! पीछे सचमुच आपके इस वीर्य्य को (मनुष्यों ने) प्रख्यात किया जब (आपने) मद में भक्तों की रक्षा की मित्रता की कामना वालों की रक्षा की,(आपने) इनके लिये युद्धों में प्रवृत्त होने का यत्न किया(इसीलिये)इन्होंने एक एक नदीको (जीत कर) प्राप्त, किया यश की इच्छा से (प्राप्त किया)॥५॥

इन्द्रोदेवता, अत्यष्टिश्छन्दः। १२।१२।८।८।८।१२।८

उतोनोअस्याउप्रसोजपेतह्य १

र्कस्यवोधिहविषोहवीमभिः स्वर्षा-
ताहवीमभिः । यदिन्द्र हन्तवेमृधो
वृषावजिञ्चिकेतसि । आमे अस्यवे-
धसोनवीयसो मन्मश्रुधिनवीयसः॥६॥

उतो०	अपिच	और भी
नः	अस्मभ्यम्	हमारे लिये
अस्याः	अस्याम् (सप्तम्यर्थे षष्ठी)	इस में
उषसः	उषसि	उषा में
जुषेत	" प्रीयेत	प्रसन्न हो
हि	खलु	सचमुच
अर्कस्य	स्तुतिम् (आ०क्रो०,द्वितीयार्थे षष्ठी)	स्तुति को

बोधि	बुध्येत (लिङर्थे लुङ्यडभावः)	जाने
हविषः	हविः (द्वितीयार्थे षष्ठी)	हवि को
हवीमऽभिः	आह्वानैः	पुकारों से
स्वःऽसाता	ज्योतिःप्राप्त्यै (विभक्तेराख्यम)	प्रकाश की प्राप्ति के लिये
हवीमऽभिः	आह्वानैः	पुकारों से
यत्	यत्	जो
इन्द्र	हे इन्द्र !	हे इन्द्र
हन्तवे	हन्तुम् (तुमर्थे तवेन्)	मारने के लिये
मृधः	शत्रून् (आ०को०)	शत्रुओं को
वृषा	वीरः	वीर
वज्रिन्	हे वज्रिन् !	हे वज्रधारी

चिकेतसि	इच्छसि (,,)	इच्छा करते हो
आ	खलु (आ०को०)	सचमुच
मे	मम	मेरे
अस्य	अस्य	इस के
वेधसः	कवेः (निघं० ३।१५)	कवि के
नवीयसः	नवतरस्य	अत्यन्त नवीन के
मन्म	स्तोत्रम्	स्तोत्र को
श्रुधि	शृणु	सुनो
नवीयसः	नवतरस्य	अत्यन्त नवीन के

संस्कृतार्थः ।

अपिच (इन्द्रः) अस्यामुषसि अस्मभ्यं प्रीयेत, आह्वानैः सह (कृताम्) स्तुतिं हविः (च) खलु बुध्येत, प्रकाशस्यप्राप्त्ये आह्वानैः सह (कृतां) स्तुतिं बुध्येत, हे वज्रिन् ! इन्द्र! यद् वीरः (त्वम्) शत्रून्

हन्तुमिच्छसि, (स त्वम्) खलु अस्य मम नवतरस्य कवेः स्तोत्रं शृणु, नवतरस्य (स्तोत्रं शृणु) ॥६॥

भावार्थः ।

और (इन्द्र) इस प्रभात में हम पर प्रसन्न हों (और) पुकारों के साथ (की हुई) स्तुति को (और) हमारी) हवि को सचमुच जानें, प्रकाश की प्राप्ति के लिये पुकारों के साथ (की हुई स्तुति को जानें,) हे वज्रधारी इन्द्र! जो वीर(आप) शत्रुओं को मारने की इच्छा करते हो (वह आप) इस मुझ अत्यन्त नवीन कवि के स्तोत्र को सुनो, अत्यन्त नवीन के (स्तोत्र को सुनो) ॥ ६ ॥

इन्द्रोदेवता, अत्यष्टिश्छन्दः । १२।१२।८।८।८।१२।८

त्वंतमिन्द्रवाह्वधानोअस्मयु रमिच्च-
यन्तंतुविजातमर्त्यं वज्रेणशूरमर्त्यम् ।
जहियोनोअघायति शृणुष्वसुश्रव-
स्तमः । रिष्टंनयामन्नपभूतुदुर्म्म-
ति विश्वापभूतदर्म्मतिः । ७ ।

त्वम्	त्वम्	तू
तम्	तम्	उस को
इन्द्र	हे इन्द्र !	हे इन्द्र
वृधानः	प्रवर्धमानः	खूब बढ़ता हुआ
अस्मऽयुः	अस्मान् कामयमानः	हमें चाहता हुआ
अमित्रऽयन्तम्	शत्रुवदाचरन्तम्	शत्रु की न्याईं आचरण करते हुए को
तुविऽजात	हे बलाय जात !	हे बलके लिये उत्पन्न !
मर्त्यम्	मनुष्यम्	मनुष्य को
वज्रेण	वज्रेण	वज्र से
शूर	हे शूर !	हे शूरवीर
मर्त्यम्	मनुष्यम्	मनुष्य को
जहि	जहि	मारो

यः	यः	जो
नः	अस्मान्	हम को
अघऽयति	दुःखयितुमिच्छति	दुःख देने की इच्छा करता है
शृणुष्व	शृणुष्व	सुनो
सुश्रवःऽतमः	अतिशयेनसुयशाः	अत्यन्त सुन्दर यश वाला
रिष्टम्	कष्टम्	कष्ट
न	इव	की न्याईं
यामन्	गच्छत्	जाता हुआ
अप	अप+	–
भूतु	अप+भूतु, दूरीभवतु (शपोलुक्)	दूर हो
दुःऽमतिः	दुर्बुद्धिः	दुष्ट बुद्धि
विश्वा	सर्वा	सम्पूर्ण

अप	अप+	—
भूतु	अप+भूतु, दूरीभवतु	दूर हो
दुःऽमतिः	दुर्बुद्धिः	दुष्ट बुद्धि

संस्कृतार्थः ।

हे बलाय जात ! इन्द्र ! प्रवर्धमानोऽस्मान्कामयमानः (च) त्वं शत्रुवदाचरन्तं तं मनुष्यं जहि योऽस्मान् दुःखयितुमिच्छति, हे शूर ! वज्रेण (तम्) मनुष्यं जहि,अतिशयेन सुयशाः (त्वम्) शृणु, गच्छत्, कष्टमिव दुर्बुद्धिर्दूरीभवतु सर्वादुर्बुद्धिर्दूरीभवतु ॥७॥

भाषार्थः ।

हे बल के लिये उत्पन्न ! इन्द्र ! खूब बढ़ते हुए (और) हमें चाहते हुए आप शत्रु की न्याईं आचरण करने वाले उस मनुष्य को मारें जो हमें दुख देने की इच्छा करता है, हे शूरवीर वज्र से (उस) मनुष्य को मारें, अत्यन्त सुन्दर यश वाले आप सुनें, जाते हुए कष्ट की न्याईं दुष्टबुद्धि दूर हो, सब दुष्टबुद्धि दूर हो ॥ ७ ॥

इत्येकत्रिंशदत्तरशततमं सूक्तम् ।

ऋ० मं १ सू०१३२।

इन्द्रोदेवता परुच्छेपऋषिः।

विनयोगोलैङ्गिकः।

सूक्त का भावार्थ।

हे धनी इन्द्र! आप जो प्राचीन समय में युद्ध में हमारी रक्षा करते थे ऐसे आप के साथ हम वैरियों को दमन करें और सताने वालों को सतावें, आज के दिन यज्ञ में, मुझ सोम निचोड़ने वाले के लिये आप आशीर्वाद दो जिससे हम इस युद्ध में खूब लूट को बटोरें, हम बल की इच्छा करते हुए खूब लूट को बटोरें ॥१॥ यह प्रसिद्ध है कि जो अत्यन्त उत्साही है जो उषा काल में उठ कर इन्द्र को बुलाता है और जो स्वयं शीघ्रता करता है उसके शत्रुओं को प्रकाशनिमित्त* किए हुए युद्धों में इन्द्र ने मारा है, आलस्य-हीन और स्वयं शीघ्रता करने वाले के शत्रुओं को मारा है, इस लिये वह सब से सिर झुका कर प्रणाम करने योग्य है, हे इन्द्र! आपके दान हमारा साथ न छोड़ें, आप कल्याणकारक के दान हमारा कल्याण करें। २। हे इन्द्र! यह चमकता हुआ हवि का अन्न पूर्व की न्याईं आपही के लिये है, क्योंकि पूर्वकाल में हमारे पूर्वज सृष्टि नियम की हानि को रोकने वाले आप ही की पूजा से हानि को रोकते थे, इसलिये आओ हम सब स्त्री पुरुषों के जोड़े इस वचन को कहें, क्योंकि चमकती हुई हवि के देने वाले ही किरणों द्वारा अपने शरीर के भीतर देख सकते हैं, और इन्द्र गौओं के भी लोभी हैं, जो उनके साथ बन्धुभाव रखते हैं उनके लिये शत्रुओं

---

* जिन से पृथिवी में प्रकाश फैले और अविद्या और असभ्यता रूपी अन्धकार का नाश हो ॥

को गौओं के भी लोभी हैं *। ३। हे इन्द्र ! यह आप का कर्म पूर्व की न्याईं अब भी प्रख्यात करने योग्य है जो आपने अंगिरा-वंशियों के लिये गौओं के गोठ को खोल दिया, गौओं को बाँटते हुए गोठ को खोल दिया, † जिस प्रकार आपने उन के लिये अन्धकार रूपी असुरों से युद्ध करके जय को प्राप्त किया वैसे हमारे लिये भी करें, आप प्रत्येक व्रतहीन दस्यु को सोम निचोड़ने वालों के अधीन करें, क्रोध करने वाले व्रतहीन को हमारे अधीन करें ।४। जब शूरवीर इन्द्र मनुष्यों को बुद्धि द्वारा विवेकी बनाते हैं तब यश की इच्छा से कोई तो युद्ध के उपस्थित होने पर शत्रु पर धावा करते हैं और कोई खूब यज्ञ करते हैं, ‡ जब कोई विपत्ति पड़ती है तो मनुष्य सन्तान और जीवन की रक्षा के लिये उसी की स्तुति के गीतों को बलपूर्वक गाते हैं, उनके स्तोत्र इन्द्र में ही आश्रय को पाते हैं, मानो देवताओं को लक्ष्य करके इन्द्र में आश्रय को पाते हैं ।५। हे इन्द्र ! हे हिमालयआदि पर्वतो ! युद्ध में हमारे आगे लड़ने वाले आप जो जो हम से लड़ने की इच्छा करे उस उस को मार कर पीछे हटाओ, वज्र से मार कर पीछे हटाओ, जो वज्र

---

* आशय यह है कि इन्द्र को यज्ञ में हवि देने से तीन लाभ हैं, एक तो यह कि सृष्टिनियम की हानि के रोकने से सब प्रकार की हानि रुक जाती है, दूसरा यह कि भीतर प्रकाश होकर अज्ञान और पापरूपी अन्धकार का नाश होजाता है, और तीसरे यह कि इन्द्रके साथ बन्धुभाव होनेसे गौ आदि धन में भाग मिलता है ॥

† गौओं का गोठ सूर्य्य की किरणों का समूह है, महीनों लंबी अनन्त जैसी मेरुसमीप देशों की रात्रि के पीछे सूर्य्य की किरणों की बखेर इन्द्र की बड़ी उदारता को प्रकट करती है ॥

‡ आशय यह है कि युद्ध में लड़ने और यज्ञ करने का एक सा पुण्य है ॥

दूर भागे हुए को भी नहीं छोडता और दुर्गम स्थान में भी पहुच जाता है, हे शूरवीर! हमारे शत्रुओं को सब ओर से खूब चीरो, चीरने वाले आप सब ओर से खूब चीरो ॥ ६ ॥

इन्द्रोदेवता, अत्यष्टिश्छन्दः। १२।१२।८।८।८।१२।८

त्वयावयंमघवन्पूर्व्येधन इन्द्र-त्वोताःसासह्यामपृतन्यतो वनु-यामवनुष्यतः। नेदिष्ठेअस्मिन्न-हन्यधिवोचानुसुन्वतेअस्मिन्यज्ञे विचयेमाभरेकृतं वाजयन्तोभरे कृतम् ।१।

त्वया	त्वया (सह)	तेरे साथ
वयम्	वयम्	हम

मघऽवन्	हे धनवन् !	हे धनवाले
पूर्व्ये	पुरातने	प्राचीन में
धने	सङ्ग्रामे	युद्ध में
इन्द्रत्वा ऽऊताः	इन्द्रेणत्वया रक्षिताः (प्रत्ययोत्तर-इतित्वादेशः, आत्व छान्दसम्)	तुझ इन्द्र से रक्षा किये हुए
सस्ह्याम	अभिभवेम	हम दबावें
पृतन्यतः	वैरिणः (आ०को०)	वैरियों को
वनुयाम	हिंसाम (वनु हिंसायाम्)	हम पीडा दें
वनुष्यतः	हिंसतः	पीड़ा देने वालों क
नेदिष्ठे	अत्यन्तं सन्निहिते	अत्यन्त निकट आने वाल में
अस्मिन्	अस्मिन्	इस में

अहनि	दिने	दिन में
अधि	अधि+	–
वोच	अधि+वोच, अधिब्रूहि (लोटि व्यत्ययेनाङ्, घचउम्)	आशीर्वाद दो
नु	खलु	सचमुच
सुन्वते	सोमं निष्पीडयते	सोम को निचोड़ते हुए के लिये
अस्मिन्	अस्मिन्	इस में
यज्ञे	यज्ञे	यज्ञ में
वि	वि+	–
चयेम	वि+चयेम, विचिनुयाम (चिनोतेर्व्यत्ययेनशप्)	हम खूब बटोरें
भरे	सङ्ग्रामे (निघं० २।१७)	युद्ध में

क्षतम्	लोप्त्रम् (आ०को०)	लूट को
वाजऽयन्तः	बलमिच्छन्तः	बल की इच्छा करते हुए
भरे	सङ्ग्रामे	युद्ध में
क्षतम्	लोप्त्रम्	लूट को

संस्कृतार्थः ।

हे धनवन्! प्राचीनेसङ्ग्रामे इन्द्रेण त्वया रक्षिता वयं त्वया (सह) वैरिणोऽभिभवेम, हिंसतः (च) हिंसाम, (त्वम्) अतिसन्निहितेऽस्मिन् दिने अस्मिन् यज्ञे सोमंनिष्पीडयते खलु आशिषंदेहि (यद् वयम्) सङ्ग्रामे लोप्त्रं विचिनुयाम, बलमिच्छन्तो लोप्त्रं विचिनुयाम ॥ १ ॥

भाषार्थः ।

हे धन वाले! प्राचीन संग्राम में आप इन्द्र से रक्षा किये हुए हम आपके साथ वैरियों को दबावें, (और) पीडा देने वालों को पीडा दें, आप अत्यन्त समीप आने वाले आज के दिन इस यज्ञ में सोम निचोड़ने वाले के लिये सचमुच आशीर्वाद दो (कि) हम युद्ध में लूट को खूब बटोरें, बल की इच्छा करते हुए लूट को खूब बटोरें ॥ १ ॥

इन्द्रोदेवता,विराडत्यष्टिश्छन्दः।१२।१०।८।८।८।१२।८

स्वर्जेषे भर आप्रस्यवक्मन्युषर्बुधः स्वस्मिन्नञ्जसि क्राणस्य स्वस्मिन्नञ्जसि। अहन्निन्द्रो यथाविदे शीष्णाशीष्णोपवाच्यः। अस्मत्राते सध्र्यक्सन्तु रातयो भद्राभद्रस्य रातयः।२।

स्वःऽजेषे	प्रकाशस्य प्राप्त्यै सञ्जाते	प्रकाश के लिये हुए २ में
भरे	सङ्ग्रामे	युद्ध में
आप्रस्य	अत्युत्सुकस्य (भा०को०)	अत्यन्तउत्साह वाले के
वक्मनि	सम्बोधने	बुलाने पर

उषःऽबुधः	उषःकालेप्रबुद्धस्य (क्विप्)	उषःकाल में जागेहुए के
स्वस्मिन्	स्वस्मिन्	अपने में
अञ्जसि	शीघ्रतायाम् (आ०को०)	शीघ्रता होने पर
क्राणस्य	कुर्वाणस्य, अनलस इत्यर्थः (करोतेःशतरिच्छान्दसः शपोलुक्)	आलस्यहीन के
स्वस्मिन्	स्वस्मिन्	अपने में
अञ्जसि	त्वरायाम् (आ०को०)	शीघ्रता होने पर
अहन्	हतवान्	मारा है
इन्द्रः	इन्द्रः	इन्द्र ने
यथा	यथा	जैसे
विदे	विज्ञायते (विकरणस्यलुक् 'लोपस्त' इतितलोपः)	प्रसिद्ध है

शीर्ष्णाऽ शीर्ष्णा	शिरसा शिरसा	प्रत्येक सिर से
उपऽवाच्यः	प्रणम्यः	प्रणाम करने योग्य
अस्मऽत्रा	अस्मासु (सप्तम्यर्थे त्रा प्रत्ययः)	हम में
ते	तव	तेरे
सध्र्यक्	सहचराणि (विभक्तेर्लक्)	साथ रहने वाले
सन्तु	सन्तु	हों
रातयः	दानानि	दान
भद्राः	कल्याणानि	कल्याण रूप
भद्रस्य	कल्याणस्य	कल्याण रूप के
रातयः	दानानि	दान

संस्कृतार्थः ।

यथा विज्ञायते, इन्द्रः उषःकाले प्रबुद्धस्य अत्युत्सुकस्य सम्बोधने(सति तस्य) स्वस्मिन् शीघ्रतायाम् (च सत्याम्) प्रकाशप्राप्त्यैसञ्जातेसङ्ग्रामे (शत्रून्) हतवान्, (तस्य) अनलसः स्वस्मिन् त्वरायाम् (सत्यां शत्रून् हतवान्) (अतःसः) शिरसा शिरसा प्रणम्यः (अस्ति, हे इन्द्र !) तव दानानि अस्मास सहचराणि सन्तु, कल्याणरूपस्य तव दानानि कल्याणरूपाणि (सन्तु) ॥ २ ॥

भाषार्थः ।

जैसा प्रसिद्ध है, इन्द्र ने उषा काल में जागने वाले अत्यन्त उत्साही के बुलाने पर (और उसकी) अपनी शीघ्रता होने पर प्रकाश के निमित्त होने वाले संग्राम में शत्रुओं को मारा है, (उस) आलस्यहीन की अपनी शीघ्रता होने पर (शत्रुओंकोमाराहै) (इसलिये वह) प्रत्येक सिर से प्रणाम करने योग्य(हैं,) (हे इन्द्र !) आप के दान हममें साथ रहनेवालेहों, कल्याणरूप (आप)के दान कल्याणकारी (हों) ॥२॥

इन्द्रोदेवता, अत्यष्टिश्छन्दः।१२।१२।८।८।८।१२।८

तत्तुप्रयःप्रत्नथातेशुशक्वनं य-

स्मिन्यज्ञेवारमक्रण्वतक्षयं मृतस्य वारमक्षयम् । वितद्वीचेरधद्वितान्तःपश्यन्तिरश्मिभिः । सघाविदे अन्विन्द्रोगविषणो बन्धुक्षिद्भ्योगविषणः ।३।

तत्	एतत् (एकारलोपः)	यह
तु	तु	तो
प्रयः	अन्नम्	अन्न
प्रत्नऽथा	पुरातनमिव (इवार्थे थाल्)	प्राचीन की न्याईं
ते	तव	तेरा

शुशुक्वनम्	अतिदीप्तम् (शुचिर्दीप्तिकर्म्मा)	अत्यन्त दीप्ति वाला
यस्मिन्	यस्मि	जिस में
यज्ञे	यज्ञे	यज्ञ में
वारम्	वारणम्	रोक को
अकृणवत	कृतवन्तः	किया है
क्षयम्	क्षयस्य (षष्ठ्यर्थे द्वितीया)	क्षय के
ऋतस्य	ऋतसम्बन्धिनः	ऋत संबंधी के
वाः	वारकः (क्विप्)	रोकने वाला
असि	असि	तू है
क्षयम्	क्षयस्य (षष्ठ्यर्थे द्वितीया)	क्षय के
वि	वि+	–
तत्	तत्	उस को

वोचेः	वि+वोचेः, ब्रुवन्तु (पुरुषवचनव्यत्ययः)	कहें
अध	अतः	इसलिये
द्विता	(दम्पत्योः) द्वन्द्वाः	(स्त्रीपुरुषोंके) जोड़े
अन्तः०	अभ्यन्तरम्	भीतर को
पश्यन्ति	पश्यन्ति	देखते हैं
रश्मिऽभिः	किरणैः	किरणों से
सः	सः	वह
घ	खलु	सचमुच
विदे	अनु+विदे, विज्ञातोऽभूत्	जाना गया है
अनु	अनु+	–
इन्द्रः	इन्द्रः	इन्द्र
गोऽएषणः	गवामेषिता	गौओं की इच्छा करने वाला

बन्धुच्चित् ऽभ्यः	बन्धुभावं प्राप्तवद्भ्यः	बंधुभाव को प्राप्त हुओं के लिये
गोऽएषणः	गवामेषिता	गौओंकी इच्छा करने वाला

संस्कृतार्थः ।

(हे इन्द्र!) एतत् अतिदीप्तं (हवीरूपम्) अन्नं पुरातनमिव तव (एवास्ति) यस्मिन् यज्ञे (अस्मत्पितरः) ह्रासस्य वारणं कृतवन्तः(यतः त्वम्) ऋतसम्बन्धिनो ह्रासस्य वारकोऽसि अतः (दम्पत्योः) द्वन्द्वाः तत् (उपर्युक्तं वचनम्) ब्रुवन्तु (ते) किरणैः अन्तः पश्यन्ति, स खलु इन्द्रः गवामेषिता विज्ञातोऽभूत् बन्धुभावं प्राप्तवद्भ्यो गवामेषिता (विज्ञातोऽभूत्) ॥ ३ ॥

भावार्थः ।

(हे इन्द्र !) यह अत्यन्त चमकता हुआ (हवी रूप) अन्न पूर्व की न्याईं आप ही का (है) जिस यज्ञ में (हमारे पूर्वजों ने) क्षय को रोक दिया (क्योंकि) आप ऋत सम्बन्धी क्षय के रोकने वाले हैं, इस लिये (स्त्री परुषों के) जोडे, उस (ऊपर

के वचन) को कहें(वे) किरणों द्वारा भीतर को देखते हैं, सचमुच वह इन्द्र गोओं की इच्छा करने वाले जाने गए हैं, बन्धुभाव को प्राप्त होने वालों के लिये गौओं की इच्छा करने वाले (जाने गए हैं) ॥३॥

इन्द्रोदेवता, अत्यष्टिश्छन्दः ।१२।१२।८।८।८।१२।८

नूइत्थातेपूर्वथाचप्रवाच्यं यदङ्गिरोभ्योऽवृणोरपव्रज मिन्द्रशिक्षन्नपव्रजम् । एभ्यःसमान्यादिशा स्मभ्यंजेषियोत्सच। सुन्वद्भ्योरन्धयाकञ्चिदव्रतंहृणायन्तंचिदव्रतम् ॥ ४ ॥

नु	इदानीम्	अब
इत्था	इत्थम्	इस प्रकार

ते	तव	तेरा
पूर्वऽथा	पूर्वमिव (इवार्थे थाल् प्रत्ययः)	पहिले की न्याइँ
च	(पूरणः)	—
प्रऽवाच्यम्	प्रख्यापनीयम्	प्रख्यात करने योग्य
यत्	यत्	जो
अङ्गिरःऽभ्यः	अङ्गिरोभ्यः	अंगिरावंशियों के लिये
अवृणोः	अप+अवृणोः, अपावृतवानसि, उद्घाटितवानसीत्यर्थः	तूने खोल दिया
अप	+अप	—
व्रजम्	गोष्ठम्	गोओं के गोठ को
इन्द्र	हे इन्द्र !	हे इन्द्र

शिक्षन्	वितरन् (शिक्षतिर्दानकर्मा निघं० ३।२०)	बाँटता हुआ
अप	अप+(अवृणोः) अपावृतवानसि	तूने खोल दिया
व्रजम्	गोष्ठम्	गोओं के गोठ को
आ	खलु (आ० को०)	सचमुच
एभ्यः	एभ्यः	इन से
समान्या	समानया (सा० भा०)	समान से
दिशा	रीत्या (,,)	रीति से
अस्मभ्यम्	अस्मभ्यम्	हमारे लिये
जेषि	जयं प्राप्नुहि (विकरणस्य लुक्)	जय को प्राप्त कर
योत्सि	युध्यस्व (व्यत्ययेन परस्मैपदम्)	युद्ध कर
च	च	और

सुन्वत्ऽभ्यः	सोमाभिषवंकुर्वद्भ्यः	सोम निचोड़ने वालों के लिये
रन्धय	आयत्तीकुरु	अधीन कर
कम्	कम्	–
चित्	कम्+चित्, प्रत्येकम्	प्रत्येक को
अव्रतम्	व्रतरहितम्	नियमसे रहित को
हृणायन्तम्	क्रुध्यन्तम् (हृणीङ् रोषे, व्यत्ययेनाकारः)	क्रोध करतेहुए को
चित्	खलु	सचमुच
अव्रतम्	व्रतहीनम्	नियमसे रहित को

सरकृतार्थः ।

हे इन्द्र ! इत्थं तव (कर्म्म) पूर्वमिव इदानीम् (अपि) प्रख्यापनीयम् (अस्ति) यत् (त्वम्) अङ्गिरोवंशीयानामर्थं गोष्ठमुद्घाटितवान्, वितरन् (सन्) गोष्ठम् (उद्घाटितवान्) एभ्यः खलु समानया रीत्या अस्मदर्थम् (अपि) युध्यस्व, जयंच प्राप्नुहि,

प्रत्येकं व्रतरहितं सुन्वद्भ्यः आयत्तीकुरु, क्रुद्ध्यन्तं खलु व्रतहीनम् (आयत्तीकुरु) ॥ ४ ॥

भावार्थः ।

हे इन्द्र ! इस प्रकार आप का (कर्म) पहिले की न्याईं अब (भी) प्रख्यात करने योग्य (है) जो आपने अंगिरावंशियों के लिये गौओं के गोठ को खोल दिया, बांटते हुए गौओंके गोठ को(खोलदिया) सचमुच आप इनके समान हमारे लिये भी युद्ध कर के जय को प्राप्त करें, प्रत्येक व्रतहीन को सोम निचोड़ने वालों के अधीन करें, क्रोध करते हुए व्रतहीन को (अधीन करें) ॥ ४ ॥

इन्द्रोदेवता, अत्यष्टिश्छन्दः ।१२।१२।८।८।८।१२।८

संयज्जनान्क्रतुभिः शूरईक्षय द्व-

नेहितेतरुषन्तश्रवस्यवः प्रयक्षन्त

श्रवस्यवः। तस्माआयुःप्रजावदिद्

वाधेअर्चन्त्योजसा। इन्द्रओक्यंदि-

धिषन्तधीतयो देवाँअच्छानधीतयः

।५।

सम्	सम्+	-
यत्	यदा	जब
जनान्	जनान्	मनुष्यों को
क्रतुऽभिः	प्रज्ञाभिः	बुद्धियों के द्वारा
शूरः	शूरः	शूरवीर
ईक्षयत्	सम+ईक्षयत्, समीक्षकान्करोति (लट्यें लङ्यडभावः)	विचारशील करता है
धने	सङ्ग्रामे	युद्ध में
हिते	स्थापिते	स्थापन होने पर
तरुषन्त	आक्रामन्ति (आ०को०लट्यैंतृच्)	धावा करते

अवस्यवः	यशइच्छन्तः	यशकी इच्छा करते हुए
प्र	प्र+	–
यक्षन्त	प्र+यक्षन्त, प्रकर्षेण यजन्ते (लडर्थे लुङि व्यत्ययेन क्सः)	खूब यजन करते हैं
अवस्यवः	यशइच्छन्तः	यश की इच्छा करते हुए
तस्मै	तस्मै	उस के लिये
आयुः	जीवनम्	जीवन को
प्रजाऽवत्	प्रजायुक्तम्	प्रजासे युक्त को
इत्	एव	ही
वाघे	विपत्तिकाले (भा०को०)	विपत्तिके समय
अर्चन्ति	गायन्ति (निघं० ३।१४)	गाते हैं

ओजसा	बलेन	बल से
इन्द्रे	इन्द्रे	इन्द्र में
ओक्यम्	निवासस्थानम् (स्वार्थेयत्)	रहने के स्थान को
दिधिषन्त	धारयन्ति (सा०भा०लडर्थे लड्)	धारण करते हैं
धीतयः	स्तोत्राणि (आ० को०)	स्तोत्र
देवान्	देवान्	देवताओं को
अच्छ	अभिलक्ष्य	लक्ष रखकर
न	इव	मानो
धीतयः	स्तोत्राणि	स्तोत्र

संस्कृतार्थः।

यदा शूरः(इन्द्रः)मनुष्यान् प्रज्ञाभिः समीक्षकान् करोति (तदा केचित्) यशइच्छन्तः युद्धे स्थापिते (सति) आक्रामन्ति, (केचित्) यश इच्छन्तः प्रकर्षेण

यजन्ते, तस्मादेव विपत्तिकाले प्रजायुक्तं जीवनम् इच्छन्तः बलेन गायन्ति, (तेषाम्) स्तोत्राणि इन्द्रे निवासस्थानं धारयन्ति, स्तोत्राणि देवानभिलक्ष्य (इन्द्रं प्राप्नुवन्ति) ॥ ५ ॥

भावार्थः ।

जब शूरवीर (इन्द्र) मनुष्यों को बुद्धियों द्वारा विवेचनशील बनाते हैं, तब (कोई) यश के चाहने वाले युद्ध के स्थापन होने पर धावा करते हैं (और कोई) यश की इच्छा करने वाले खूब यजन करते हैं, उसी के लिये विपत्तिकाल में प्रजा से युक्त जीवन की इच्छा करते हुए बल पूर्वक गाते हैं (उन के) स्तोत्र इन्द्र में निवास स्थान को धारण करते हैं, स्तोत्र मानो देवताओं को लक्ष कर के (इन्द्र रूप निवास स्थान को प्राप्त होते हैं) ॥ ५ ॥

इन्द्रापर्वतौदेवते, भुरिग्अत्यष्टिश्छन्दः ।
१२।१२।८।७।७।१२।८

युवंतमिन्द्रापर्वतापुरोयुधा योनः
पृतन्यादपतंतमिद्धतं वज्रेणातंतमि-

ह्वतम् । दूरेचत्तायच्छंत्सद् गहनंय-
दिनक्षत् । अस्माकंशत्रूनपरिशूरवि-
श्वतो दर्मादर्षीष्टविश्वतः ॥६॥

युवम्	युवम्	तुम दोनों
तम्	तम्	उस को
इन्द्रापर्वता	हे इन्द्रापर्वतौ ! (विभक्तेरात्वम्)	हे इन्द्र (और) पर्वत !
पुरःऽयुधा	पुरतोयोद्धारौ (,,)	आगे लड़ने वाले
यः	यः	जो
नः	अस्माकम्	हमारा
पृतन्यात्	योद्धुमिच्छेत्	युद्ध की इच्छा करे
अप	अप+	—

तम्ऽतम्	तंतम्	उस २ को
इत्	अवश्यम्	अवश्य
हतम्	अप + हतम्, निरस्यतम्	दूर हटाओ
वज्रेण	वज्रेण	वज्रके द्वारा
तम्ऽतम्	तंतम्	उस २ को
इत	(पूरणः)	–
हतम्	निरस्यतम्	दूर हटाओ
दूरे	दूरदेशे	दूर देश में
चत्ताः	गताय (चततिर्गतिकर्मा निघं० २।१४)	गए हुए के लिये
छंत्सत्	कामयते (निघं० २६)	कामना करता है
गहनम	दुर्गम्	दुर्गम को
यत्	यः (विभक्तेर्लुक्)	जो

इनक्षत्	प्राप्नोति (नक्षगतौ, इकारोपजनश्छान्दस.)	पहुंच जाता है
अस्माकम्	अस्माकम्	हमारे
शत्रून्	शत्रून्	शत्रुओं को
परि	परि+(दर्षीष्ट), सम्यग् दारय	खूब चीरो
शूर	हे शूर !	हे शूरवीर
विश्वतः	सर्वतः	सब ओर से
दर्म्मा	दारकः (मनिन् प्रत्ययेसति ह्रस्वश्छान्दसः)	चीरने वाला
दर्षीष्ट	दारय (लोडर्थेलुङ्)	चीरो
विश्वतः	सर्वतः	सब ओर से

संस्कृतार्थः ।

हे इन्द्रापर्वतौ ! पुरतो योद्धारौ युवां तम् (निवार-

यतम्) योऽस्माकम् (शत्रुः) योद्धुमिच्छेत्, तंतम् अवश्यं निरस्यतं, तंतं वज्रेण निरस्यतं यः (वज्रः) दूरङ्गताय कामयते योदुर्गमम् (स्थानमपि) प्राप्नोति, हे शूर! (इन्द्र!) अस्माकं शत्रून् सम्यग् विदारय, विदारकः (त्वम्) सर्वतो दारय ॥ ६ ॥

भाषार्थः।

हे इन्द्र (और) पर्वत! आगे युद्ध करने वाले आप उस को हटाओ, जो हम से लड़ने की इच्छा करे उस २ को अवश्य दूर हटाओ, उस २ को वज्र के द्वारा दूर हटाओ जो (वज्र) दूर गए हुए के लिये कामना करता है, जो दुर्गम (स्थान में भी) पहुंच जाता है, हे शूरवीर (इन्द्र!) हमारे शत्रुओं को सब ओर से खूब चीरो, चीरने वाले (आप) सब ओर से चीरो ॥ ६ ॥

इति द्वात्रिंशदुत्तरशततमं सूक्तम्।

ऋ०मं०१ सू०१३३।

इन्द्रोदेवता परुच्छेपऋषिः।

विनियोगः-

१—७ "उमेपुनामीतिपुरा रिपुघ्न्यस्तु प्रकीर्तिताः । ताजपन् प्रयतोनित्यमिष्टान्कामान्समश्नुते। ताजपन् हन्तिरक्षांसि सपत्नांश्च नियच्छति" (ऋग्वि० १।२५)

६। "अवर्महः—" इत्येषा दशरात्रस्य षष्ठेऽहनि प्रउगशस्त्रे विनियुक्ता (आ० ८।१।१२।)

७। "वनोतिहि—" इत्येषा प्रातःसवने ब्राह्मणाच्छंसिनः प्रस्थितयाज्यायाः पुरस्तात् प्रक्षेपणीया (आ० ८।१।२)

सूक्तका भावार्थ।

मैं सत्य से द्यौ और पृथिवी को पवित्र करता हूं और द्रोह करने वालों को जलाता हूं, साथ ही ऐसे स्थानों को जो इन्द्र की पूजा से रहित हैं और जहां शत्रु कुचल कर नाश किए गए हैं, जहां पर वे मरे हुए गढ़े में सोते हैं ॥१॥ हे वज्री! आप राक्षसियों के सिरों को अपने चौड़े पैर से कुचलकर तोड़ो, बहुत चौड़े पैर से कुचलकर तोड़ो ॥२॥ हे धनवान! इन राक्षसियों के वज्रको तोड़ो और उन को भीड़े गढ़े में गिराओ, खूब गहरे भीड़े गढ़े में गिराओ ॥३। हे इन्द्र! जो आपने तीन पचासे राक्षसों को कुचलकर नाश किया है मनुष्य आप के इस कर्म को बड़ा मानते हैं, यद्यपि आपके लिये यह छोटा सा कर्म है परन्तु मनुष्य इसको बड़ा मानते हैं ॥४। हे इन्द्र! क्रोध से लाल हुए इस पिशाच को मारो और सम्पूर्ण राक्षस जाति का नाश करो ॥५॥ हे वज्री! इन बड़े राक्षसों को चीर कर नीचे गिराओ, हे इन्द्र! हमारी सुनाई करो क्योंकि द्यौ और पृथिवी

इन के भय से दुःखी हैं, हे वज्री! वे ऐसे दुःखी हैं जैसे मनुष्य अग्नि में जलने के भय से दुःखी होता है, हे न दबने वाले शूरवीर! आप भयानक वध करने के शस्त्रों से बलवानों के साथ युद्ध करने जाते हो, मनुष्यों के न मारने वाले आप राक्षसों के साथ युद्ध करने जाते हो, तीन सत्ते राक्षसों के साथ अकेले युद्ध करने जाते हो ॥६॥ सचमुच सोम निचोड़ने वाला बहुतों का स्वामी बनता है, सोम निचोड़ने वाला शत्रुओं को मारकर हटाता है, देवताओं के शत्रुओं को मारकर हटाता है, सोम निचोड़ने वाला बलवान और अजेय होकर सहस्रों धनों की प्राप्ति की इच्छा करता है, सोमनिचोड़ने वाले के लिये इन्द्र पर्याप्त धनको देते हैं, पर्याप्त धन को देते हैं ॥७

इन्द्रोदेवता त्रिष्टुप्छन्दः ।११।११।११।११

उभेपुनामिरोदसीऋतेन द्रुहो-
दहामिसंमहीरनिन्द्राः । अभिव्ल-
ग्ययच्छताअमित्रा वेलस्थानंपरि
तृळ्हाअशेरन् ॥ १ ॥

उभे०	उभे	दोनों को
पुनामि	पुनामि	पवित्र करता हूं

रोदसी०	द्यावापृथिव्यौ (निघं० (३।३०)	द्यौ (और) पृथिवी को
ऋतेन	सत्येन	सत्य से
द्रुहः	द्रोग्ध्रीन्	द्रोह करनेवालोंको
दहामि	सम्+दहामि	खूब जलाता हूं
सम्	सम्+	–
महीः	भूप्रदेशान्	पृथिवीके प्रदेशों को
अनिन्द्राः	इन्द्ररहितान्	इन्द्र से शून्य हुओं को
अभिऽव्लग्य	निष्पिष्य	कुचल कर
यत्र	यत्र	जहाँ
हताः	विनाशिताः	नाश किये गए
अमित्राः	शत्रवः	शत्रु

वैलऽस्थानम्	गर्ते (सुपामितिसप्तम्याःसुः)	गढ़े में
परि	परि+	–
तृळ्हाः	मारिताः (सन्तः) (तृह हिंसायाम्)	मारे जाकर
अशेरन्	परि+अशेरन्, परिसुप्तवन्तः	सोए

संस्कृतार्थः ।

(अहम्) सत्येन उभे द्यावापृथिव्यौ पुनामि, द्रोग्धीन् इन्द्ररहितान् भूप्रदेशान् [च] संदहामि यत्र शत्रवो निष्पिष्य विनाशिताः, मारिताः (च) गर्ते परिसुप्तवन्तः ।१।

भाषार्थः ।

मैं सत्य से द्यौ [और] पृथिवी को पवित्र करता हूं, (और) द्रोह करने वालों (और) इन्द्र से रहित भूप्रदेशों को जलाता हूं, जहाँ शत्रु कुचल कर नाश किये गए(और) मारे जाकर गढे में सोए ॥१॥

इन्द्रोदेवता, निचृदनुष्टुप्छन्दः ।८।७।८।८

अभिव्लग्याचिदद्रिवः शीर्षा

महाऽवटूरिणा	महापृथुना	बहुत चौड़े से
पदा	पदा	पैर से

संस्कृतार्थः।

हे वज्रिन्! (इन्द्र!) (त्वम्) राक्षसीनांशीर्षाणि पृथुनापदा निष्पिष्य छिन्धि, महापृथुनापदा (निष्पिष्य छिन्धि)।

भाषार्थः।

हे वज्रधारी (इन्द्र!) आप राक्षसियों के सिरों को चौड़े पैर से कुचल कर तोड़ो, बहुत चौड़े पैर से (कुचल कर तोड़ो)॥

इन्द्रोदेवता निचृदनुष्टुप्छन्दः ।८।७।८।८

अवासांमघवन्जहि प्रधींयातुमतीनाम्। वैलस्थानकेअर्मके महावैलस्थेअर्मके ॥ ३ ॥

अव	अव +	–
आसाम्	आसाम्	इन के
मघऽवन्	हेधनवन् !	हे धन वा
जहि	अव + जहि, विनाशय	नाश करो
शर्धः	बलम्	बल को
यातुऽमती-नाम्	राक्षसीनाम्	राक्षसियों के
वैलऽ-स्थानके	गर्ते	गढ़े में
अर्मके	संकुचिते	भीड़े में
महाऽवैलस्थे	महागर्ते	गहरे गढ़े में
अर्मके	संकुचिते	भीड़े में

संस्कृतार्थः ।

हे धनवन्! [इन्द्र ! त्वम्] आसां राक्षसीनां बलं विनाशय, (ताः)संकुचिते गर्ते (पातय,)संकुचिते महागर्ते [पातय] ॥ ३ ॥

भाषार्थः ।

हे धन वाले [इन्द्र!] आप इन राक्षसियों के बल को नाश करो, [उनको] भीड़े गढ़े में (गिराओ) भीड़े गहरे गढ़े में [गिराओ] ॥ ३ ॥

इन्द्रोदेवता, निचृदनुष्टुप्छन्दः ।८।८।७।८

यासां तिस्रः पञ्चाशतो ऽभिव्लङ्गैरपावपः । तत्सुतेमनायति तक्तत्सुतेमनायति ॥ ४ ॥

यासाम्	यासाम्	जिन के
तिस्रः	तिस्रः	तीन को
पञ्चाशतः	पञ्चाशतः	पचासों को

अभिऽव्लङ्गैः	निष्पेषणैः	कुचलने से
अपऽअवपः	विनाशितवानसि	तूने नाश किया है
तत्	तत्	वह
सु	सु+	–
ते	तव	तेरा
मनायति	सु+मनायति, सुमन्यते	बड़ा माना जाताहै
तकत्	अत्यल्पम्	बहुत अल्प
सु	सु+	–
ते	तव	तेरा
मनायति	सु+मनायति, सुमन्यते	बडा मानाजाता है

संस्कृतार्थः ।

(हे इन्द्र !) यासां तिस्रःपञ्चाशतः निष्पेषैणै

विनाशितवानसि तत् तव (कर्म्म) बहुमन्यते तवा-
स्यल्पं तत् [कर्म] बहुमन्यते ॥ ४ ॥

भाषार्थः ।

[हे इन्द्र!] आपने जिनके तीन पचासों को कुचल कर नाश किया है उस आपके [कर्म को] बड़ा माना जाता है, उस आपके छोटे से (कामको) बड़ा माना जाता है ॥ ४ ॥

इन्द्रोदेवता, गायत्रीछन्दः ।८।८।८

पिशङ्गभृष्टिमम्भृणं पिशाचि-
मिन्द्रसम्मृण । सर्वरक्षोनिबर्हय ।५।

पिशङ्गऽभृष्टिम्	क्रोधेनरक्तवर्णम् (श्वेपतिः क्रुध्यतिकर्मा निघं० २।१२)	क्रोधसे लाल रंग वाले को
अम्भृणम्	महान्तम् (निघं० ३।३)	बड़े को
पिशाचिम्	पिशाचम्	पिशाच को

इन्द्र	हे इन्द्र !	हे इन्द्र
सम्	सम् +	–
मृण	सम्+मृण,सम्यक् मारय	खूब मारो
सर्वम्	सर्वम्	सब को
रक्षः	राक्षसजातम्	राक्षसों को
नि	नि+	–
बर्हय	नि + बर्हय, विनाशय (बृह हिंसायाम्)	नाश करो

संस्कृतार्थः ।

हे इन्द्र ! (त्वम्) क्रोधेन रक्तवर्णं महान्तं पिशाचं सम्यग् मारय, सर्वं राक्षसजातम् (च) विनाशय। ५।

भावार्थः ।

हेइन्द्र ! आप क्रोधसे लाल हुए महान पिशाच को खब मारो (और) सम र्ण राक्षसों का नाश करो ॥५॥

इन्द्रोदेवतानिचृद्धृतिश्छन्दः । १२।१२।८।८।८।१५।८

अवर्महइन्द्रदाहिश्रुधीनः शुशो-
चहिद्यौःक्षानभीषाँअद्रिवो घृणान्न
भीषाँअद्रिवः । शुष्मिन्तमोहिशु-
ष्मिभि र्वधैरुग्रेभिरीयसे। अपूरुष-
घ्नोअप्रतीतशूरसत्वभि स्चिसप्तैः
शूरसत्वभिः ॥ ६ ॥

अवः	अवस्तात् (पूर्वाधरेत्यादिनासि-प्रत्ययोऽवादेशश्च)	नीचेकी ओर
महः	महतः	महानों को
इन्द्र	हे इन्द्र !	हे इन्द्र

दृहि	विदारय	चीरो
श्रुधि	शृणु	सुनो
नः	अस्मान्	हम को
शुशोच	शशोच	शोक किया है
हि	यतः	क्योंकि
द्यौः	द्युलोकः	द्युलोक ने
क्षाः	पृथिवी	पृथिवी
न	इव	की न्याईं
भीषा	भीत्या (तृतीयाबाहुल्यात्)	भय से
अद्रिऽवः	हे वज्रिन् !	हे वज्रधारी
घृणात्	ज्वलतः	जलते हुए से
न	इव	जैसे

भीषा	भीत्या (,,)	भय से
अद्रिऽवः	हे वज्रिन्!	हे वज्रधारी
शुष्मिन्ऽतमः	बलवत्तमः	सब से अधिक बलवाला
हि	खलु	सचमुच
शुष्मिऽभिः	बलवद्भिः (सह)	बलवानों के (साथ)
वधैः	हननसाधनैः (आयुधैः)	शस्त्रों से
उग्रेभिः	उग्रैः	भयानकों से
ईयसे	गच्छसि (ईङ्गतौ इयन्)	जाते हो
अपुरुषऽघ्नः	पुरुषाणामहिंसकः	पुरुषों के न मारने वाला
अप्रतिऽइत	हे अनाक्रान्त!	हे न दबने वाले

शूर	हे शूर !	हे शूरवीर
सत्वऽभिः	राक्षसैः (आ०को०)	राक्षसों के साथ
त्रिऽसप्तैः	त्रिसप्तभिः	तीनसातों के साथ
शूर	हे शूर !	हे शूरवीर
सत्वऽभिः	राक्षसैः	राक्षसों से

संस्कृतार्थः ।

हे वज्रिन् ! इन्द्र ! (त्वम्) महतः (राक्षसान्) अवदारय, अस्मान् (च)शृणु, यतो द्युलोकः पृथिवीव भयेन शुशोच,हे वज्रिन्! यथा ज्वलनः (अग्नेः)भीत्या (कश्चित् शोचति, तथा शुशोच) बलवत्तमः(त्वम्) बलवद्भिः (सह युद्धे)उग्रैरायुधैर्गच्छसि, हेअनाक्रान्ताशूर! पुरुषाणामहिंसकः(त्वम्) राक्षसैः (सहयोद्धुं गच्छसि) त्रिसप्तैः राक्षसैः(सह योद्धुं गच्छसि) ॥६॥

भावार्थः ।

हे वज्रधारी इन्द्र ! आप महान (राक्षसों) को चीर कर नीचे गिराओ (और) हमारी सुनो, क्योंकि

भीषा	भीत्या (,,)	भय से
अद्रिऽवः	हे वज्रिन्!	हे वज्रधारी
शुष्मिन्ऽतमः	बलवत्तमः	सब से अधिक बलवाला
हि	खलु	सचमुच
शुष्मिऽभिः	बलवद्भिः (सह)	बलवानों के (साथ)
वधैः	हननसाधनैः (आयुधैः)	शस्त्रों से
उग्रेभिः	उग्रैः	भयानकों से
ईयसे	गच्छसि (ईङ्गतौ इयन्)	जाते हो
अपुरुषऽघ्नः	पुरुषाणामहिंसकः	पुरुषों के न मारने वाला
अप्रतिऽइत	हे अनाक्रान्त!	हे न दबने वाले

शूर	हे शूर !	हे शूरवीर
सत्वऽभिः	राक्षसैः (आ०को०)	राक्षसों के साथ
त्रिऽसप्तैः	त्रिसप्तभिः	तीनसातों के साथ
शूर	हे शूर !	हे शूरवीर
सत्वऽभिः	राक्षसैः	राक्षसों से

संस्कृतार्थः ।

हे वज्रिन् ! इन्द्र ! (त्वम्) महतः (राक्षसान्) अवदारय, अस्मान् (च)शृणु, यतो द्युलोकः पृथिवीव भयेन शुशोच,हे वज्रिन्! यथा ज्वलनः (अग्नेः)भीत्या (कश्चित् शोचति, तथा शुशोच) बलवत्तमः(त्वम्) बलवद्भिः (सह युद्धे)उग्रैरायुधैर्गच्छसि, हेअनाक्रान्तशूर! पुरुषाणामहिंसकः(त्वम्) राक्षसैः (सहयोद्धुं गच्छसि) त्रिसप्तैः राक्षसैः(सह योद्धुं गच्छसि) ॥६॥

भाषार्थः ।

हे वज्रधारी इन्द्र ! आप महान (राक्षसों) को चीर कर नीचे गिराओ (और) हमारी सुनो, क्योंकि

द्युलोक ने पृथिवी की न्याईं भय से शोकको प्रकट किया है, हे वज्रधारा ! जैसे जलती हुई (अग्नि) के भय से (कोई डर कर शोक प्रकट करता है वैसे शोक प्रकट किया है) सचमुच सब से अधिक बलवान आप बलवानों के साथ (युद्ध में) भयानक शस्त्रों के साथ जाते हो, हे न दबने वाले शूरवीर ! पुरुषों के न मारने वाले (आप) राक्षसों के साथ (युद्ध करने जाते हो) तीन सत्ते राक्षसों के साथ [युद्ध करने जाते हो] ॥ ६ ॥

इन्द्रोदेवता, अत्यष्टिश्छन्दः । १२।१२।८।८।८।१२।८

वनोति हि सुन्वन्क्षयं परीणसः

सुन्वानो हि ष्मा यजत्यवद्विषो देवा-

नामवद्विषः । सुन्वान इत्सिषासति

सहस्रा वाज्यवृतः । सुन्वानायेन्द्रो-

ददात्याभुवं रयिं ददात्याभुवम् ।७।

वनोति	लभते (आ० को०)	पाता है
हि	खलु	सचमुच
सुन्वन्	सुन्वन्	निचोड़ता हुआ
क्षयम्	ईशत्वम् (क्षयतिरैश्वर्यकर्मा) (निघं० ३।१)	स्वामित्व को
परीणसः	बहोः (निघं० ३।१)	बहुत के
सुन्वानः	सुन्वानः	निचोड़ता हुआ
हि	खलु	सचमुच
स्म	(पूरणः)	–
यजति	अव + यजति, अपसारयति	हटाता है
अव	अव +	–
द्विषः	शत्रून्	शत्रुओं को

देवानाम्	देवानाम्	देवताओं के
अव	अव+(यजति), अपसारयति	हटाता है
द्विषः	शत्रून्	शत्रुओं को
सुन्वानः	सुन्वानः	निचोड़ता हुआ
इत्	(पूरणः)	–
सिसासति	लब्धुमिच्छति (सनेःसनीडमाधेसत्वा-त्वम्) (भा०को०)	पाने की इच्छा करता है
सहस्रा	सहस्राणि (शेर्लोपः)	सहस्रों को
वाजी	बलवान्	बल से युक्त
अहतः	अनाक्रान्तः	न दबाया हुआ
सन्वानाय	सुन्वानाय	निचोड़ते हुए के लिये
इन्द्रः	इन्द्रः	इन्द्र

द॒दा॒ति॒	ददाति	देता है
आऽभु॑वम्	पर्य्याप्तम् (आ० को०)	पर्य्याप्त को
र॒यिम्	धनम्	धन को
द॒दा॒ति॒	ददाति	देता है
आऽभु॑वम्	पर्य्याप्तम् (आ० को०)	पर्य्याप्त को

संस्कृतार्थः ।

(सोमम्) सुन्वन् बहूनां खलु ईशत्वं लभते, (सोमम्) सुन्वन् शत्रून् खलु अपसारयति देवानां शत्रूनपसारयति, (सोमम्)सुन्वन् बलवान्अनाक्रान्तः (च भूत्वा) सहस्राणि (धनानि) लब्धुमिच्छति, (सोमम्) सुन्वानाय इन्द्रः पर्य्याप्तं ददाति,पर्य्याप्त धनं ददाति ॥ ७ ॥

भाषार्थः ।

(सोम को) निचोड़ता हुआ सचमुच बहुतों का स्वामी बनता है, (सोम को) निचोडता हुआ सच-

मुच शत्रुओं को हटाता है देवताओं के शत्रुओं को हटाता है,[सोम को] निचोड़ता हुआ बलवान् [और] अजेय हो कर सहस्रों(धनों) के पाने की इच्छा करता है,[सोम को] निचोड़ने वाले के लिये इन्द्र पर्य्याप्त [धन] को देते हैं, पर्य्याप्त धन को देते हैं ॥७॥

इतित्रयस्त्रिंशदुत्तरशततमंसूक्तम् ।

ऋ० मं० १ सू० १३४

वायुर्देवता, परुच्छेपऋषिः ।

विनियोगोलैङ्गिकः ।

सूक्त का भावार्थ ।

हे वायु ! आप को वेग वाले शीघ्रगामी घोड़े हमारे सोम की-ओर सब से पहले पीने के लिये लावें, सब से पहले सोम पीने के लिये लावें, हमारी ऊपर उठी हुई स्तुति की ध्वनि आपके गुणों को जानती हुई आप के मन के अनुकूल हो, आप देने वाले के पास घोड़ों से जुड़े हुए रथ के द्वारा आवें, हे वायु ! आप यज्ञ के देने वाले के पास घोड़ों से जुड़े हुए रथ के द्वारा आवें ॥ १ ॥ हे वायु ! हमारे सुन्दर बनाए हुए बलदायक सोम की बूंदें जो मदकारक हैं और जिनकी द्युलोक की ओर दृष्टि है आप को मद से युक्त करें, जो दूध के मिलाने से बलदायक हैं और जिनकी द्युलोक की ओर दृष्टि है आप को मद से युक्त करें, जिस सोम से आप के घोड़े (जो इकट्ठे चलने वाले बड़े प्रभावशाली और भक्तों के रक्षक हैं) स्तुतियों के अर्पण करने वाले की ओर जाने के लिये बल को प्राप्त करते हैं, सचमुच स्तुतियों को उच्चारण करने वाले की ओर जाने के लिये बल को प्राप्त करते हैं ॥ २ ॥ वायु लाल रंग के घोड़ोंको जोड़ते हैं, वायु सुनहरी रंग के घोड़ों को जोड़ते हैं, वायु रथ को चलानेके लिये धुरे में शीघ्रगामी घोड़ोंको जोड़ते हैं, चलाने के लिये धुरेमें अत्यन्त शीघ्रगामी घोड़ोंको जोड़ते हैं, हे वायु ! पृथिवी को जगाओ जैसे जार घोड़ी सोई हुई स्त्री को जगाता है, हम को धो और पृथिवी के दर्शन कराओ और

उषाओं को स्थिर करो, यश के लिये उषाओं को स्थिर करो* ॥३॥ हे वायु ! आप के लिये चमकती हुई उषाएँ किरणरूप घरों में शुभ वस्त्रों को फैलाती हैं, नई किरणों में नाना रंग के वस्त्रों को फैलाती हैं, आप के लिये अमृत को दोहने वाली गौ† सब धनों को दोहती है, आप ने उदर से मरुतों को उत्पन्न किया है, सचमुच आकाश के उदर से मरुतों को उत्पन्न किया है‡ ॥ ४ ॥ हे वायु ! चमकते हुए पवित्र सोम जो वेग के देने वाले और तीव्र मद वाले हैं आप को शीघ्रता से प्राप्त हुए हैं, वे जलों को शीघ्रता से प्राप्त हुए हैं, शरण लेने योग्य आप को प्राप्त हो कर शत्रुओं से दुर्बल किया हुआ मनुष्य वेग के लिये स्तुति करता है, आप अपने नियम द्वारा सब लोकों से रक्षा करते हो, आप नियम द्वारा असुर के भय से रक्षा करते हो ॥ ५ ॥ हे वायु ! सब से पहले पीने के योग्य आप इन हमारे सोमों को सब से पहले पान करो, निचोड़े हुए सोमों को पान करो, ये जो नित्य होम करने वाली और पाप को त्यागने वाली आर्य्य प्रजा हैं इन की सब गौएँ आप ही के लिये सोम में मिलाने को दूध देती हैं, आप ही के होम के लिये घी को और सोम में मिलाने के लिये दूध को देती हैं§ ॥ ६ ॥

---

* ऋषि इस मंत्र में वायु को सूर्य्यरूप से देखते हैं, क्योंकि ये सब कर्म सूर्य्य के हैं।

† अमृत को दोहने वाली गौ द्यौ है जो सूर्यरूपी बछड़े के लिये किरणरूपी दूध को देती है, इस मंत्र में भी वायु को सूर्य्य-रूप से देखा है, किरणरूपी दूध ही सब प्रकार के धनों का मूल होने से "सब धनों को दोहती है" ऐसा कहा गया है।

‡ आकाशके उदरसे मरुतों को उत्पन्न करने वाले भी सूर्य्य हैं।

§ इसलिये आप इन आर्य्य लोगों की रक्षा करो ॥

वायुर्देवता, अत्यष्टिश्छन्दः १२।१२।८।८।८।१२।८

आत्वाजुवोररहाणाअभिप्रयो
वायोवहन्तिवहपूर्वपीतये सोमस्य
पूर्वपीतये। ऊर्ध्वातेअनुसूनृता मन-
स्तिष्ठतुजानती। नियुत्वतारथेना-
याहिदावने वायोमखस्यदावने ॥१॥

आ	आ+	–
त्वा	त्वाम्	तुझ को
जुवः	वेगवन्तः	वेग वाले
ररहाणाः	शीघ्रगामिनः	शीघ्रगामी
अभि	प्रति	की ओर

प्रयः	अन्नम्	अन्न
वायो०	हे वायो !	हे वायु
वहन्तु	आ+वहन्तु	लावें
इह	इह	यहाँ
पूर्वऽपीतये	पुरापानाय	पहिले पीने केलिये
सोमस्य	सोमस्य	सोम के
पूर्वऽपीतये	पुरापानाय	पहिलेपीने के लिये
ऊर्ध्वा	उत्थिता	उठी हुई
ते	तव	तेरे
अनु	अनुकूलम्	अनुकूल
सूनृता	(स्तुतिरूपा) वाक्	(स्तुति रूप) वाणी

मनः	मनः	मन को
तिष्ठतु	तिष्ठतु	ठहरे
जानती	जानती	जानती हुई
नियुत्वता	नियुद्भिरश्वैर्युक्तेन	घोड़ोंसे जुड़ेहुएसे
रथेन	रथेन	रथ से
आ	आ +	—
याहि	आ+याहि	आओ
दावने	प्रदात्रे (निघं०४।१)	देने वाले के लिये
वायो०	हे वायो !	हे वायु
मखस्य	यज्ञस्य	यज्ञ के
दावने	प्रदात्रे	देने वाले के लिये

संस्कृतार्थः।

हे वायो ! त्वां वेगवन्तः शीघ्रगामिनः (च अश्वाः सोमरूपम्) अन्नं प्रति पुरापानाय अत्र आवहन्तु, सोमस्य पूर्वपानाय (आवहन्तु) उत्थिता (अस्मत्-स्तुतिरूपा) वाक् (तवगुणान्,) जानती (सती) तवमनोऽनुकूलं तिष्ठतु, हेवायो ! (त्वम्) अश्वैर्युक्तेन रथेन प्रदात्रे (मह्यम्) आयाहि, यज्ञस्य प्रदात्रे (मह्यम्) आयाहि॥ १ ॥

भाषार्थः।

हे वायु ! आप को वेग वाले (और) शीघ्रगामी घोड़े (सोमरूप) अन्न के प्रति पहले पीने के लिये यहां लावें, सोमको पहले पीने के लिये (लावें), उठी हुई (हमारी स्तुतिरूपवाणी) (आपके गुणोंको) जानती हुई आप के मन के अनुकूल हो, हे वायु ! (आप) घोड़ों से जुड़े हुए रथ के द्वारा (मुझ) देने वाले के लिये आवें, (मुझ) यज्ञ के देने वाले के लिये आवें ॥ १ ॥

वायुर्देवता, अत्यष्टिश्छन्दः १२।१२।८।८।८।१२।८

मन्दन्तुत्वामन्दिनोवायविन्दवो स्मत्क्राणासःसकताअभिप्रवी

गोभिःक्राणाअभिद्यवः । यद्वक्राणा इरध्यै दक्षंसचन्तऊतयः । सध्रीचीनानियुतोदावनेधिय उपब्रुवतइंधियः ॥ २ ॥

मन्दन्तु	मादयन्तु	मदयुक्त करें
त्वा	त्वाम्	तुझ को
मन्दिनः	मादयितारः	मदयुक्त करनेवाले
वायो०	हे वायो !	हे वायु
इन्दवः	सोमबिन्दवः (आ०को०)	सोम की बूंदें
अस्मत्	अस्माकम्	हमारी
क्राणासः	सप्रभावाः	प्रभाव वालीं

सुऽकृताः	सुष्ठुकृताः	अच्छी बनी हुई
अभिऽद्यवः	दिवोऽभिमुखाः	द्यौ की ओर दृष्टि वाली
गोभिः	पयोभिः	दूध से
क्राणाः	सप्रभावाः	प्रभाव वालीं
अभिऽद्यवः	दिवोऽभिमुखाः	द्यौ की ओर दृष्टि वालीं
यत्	यतः	जिस से
ह	खलु	सचमुच
क्राणाः	सप्रभावाः	प्रभाव से युक्त
इरध्यै	गमनाय	चलने के लिये
दक्षम्	बलम्	बल को
सचन्ते	प्राप्नुवन्ति	प्राप्त करते हैं

ऊतयः	रक्षकाः	रक्षक
सध्रीचीनाः	सहगन्तारः	साथ चलने वाले
निऽयुतः	अश्वाः	घोड़े
दावने	प्रदात्रे	देने वाले के लिये
धियः	स्तुतीः	स्तुतियों को
उप	उप +	—
ब्रुवते	उप + ब्रुवते, उप-वक्ते	उच्चारण करने वाले के लिये
इम्	खलु	सचमुच
धियः	स्तुतीः	स्तुतियों को

संस्कृतार्थः।

हे वायो ! अस्माकं सुकृताः सप्रभावाः दिवोऽभिमुखाः मादयितारः सोमबिन्दवः त्वां मादयन्तु, पयोभिः सप्रभावाः (कृताः) दिवोऽभिमुखाः (सोम-

REVIEW.

MESSRS. R. V. PATVARDHAN, B. A., LL. B.,

A. B. KOLHATKAR, B. A., LL. B.

AND D. A. TULZAPURKAR, B. A., LL. B.

have commenced bringing out a translation of Rigveda in English, Hindi, Gujrati and Mahratti languages from July 1912. The English translation has a prose rendering of each mantra in foot-notes. The Editors have avoided the use of a commentary, so that the reader may draw his own conclusions without being biassed with the personal opinion of the Editors. This a good idea but the difficulty is that many mantras are unintelligible without a commentary.

The attempt is a most laudable one and every Hindu who can afford, should consider it his duty to encourage such attempts by subscribing to the work and by inducing his friends to do so.

Apply to Manager, Srutibodh Office, 47, Kalbadevi, Road, Bombay.

FEROZEPORE,
19th *January*, 1918.

SHIV NATH,
Editor, Rigveda Sanhita.

अंक ८१-८२] [वैशाख-ज्येष्ठ १९७०

ऋग्वेद संहिता

(वैदिकजीवनव्याख्यायुता)

पदपाठ, शब्दार्थ, संस्कृत और भाषा अनुवाद
टिप्पणी और मन्त्रों के आशय पर
व्याख्यान से युक्त

जिसको मुलतानिवासी पं० शङ्करदत्तशास्त्री
की सहायता से शिवनाथ आहिताग्नि ने
सम्पादन किया।

लाहौर
पञ्जाब एकानोमीकल यन्त्रालय में प्रिण्टर लाला
लालमन के अधिकार से छपा।

१२ अंकों का अग्रिम मूल्य २)
पहले २४ अंकों का मूल्य ५॥)
८० अंकों मूल्य १४॥।/)

सतामिव। प्रचक्षयरोदसीवासयोषसः

श्रवसेवासयोषसः॥ ३॥

वायुः	वायुः	वायु
युङ्क्ते	योजयति	जोड़ता है
रोहिता	रोहितवर्णौ (विभक्तेरात्वम्)	लाल रंग के वालों को
वायुः	वायुः	वायु
अरुणा	पिङ्गलवर्णौ	सुनहरी रंग वालों को
वायुः	वायुः	वायु
रथे	रथे	रथ में
अजिरा	शीघ्रगामिनौ	शीघ्र चलने वालों को
धुरि	धुरि	धुरी में

वोळ्हवे	वहनाय	चलाने के लिये
वहिष्ठा	अतिशयेन वोढारौ	चलाने में अत्यन्त समर्थों को
धुरि	धुरि	धुरी में
वोळ्हवे	वहनाय	चलाने के लिये
प्र	प्र +	—
बोधय	प्र + बोधय	जगाओ
पुरम्ऽधिम्	पृथिवीम् ('पुरन्धी' इतिद्यावापृथिव्योर्नाम निघं०३।३०)	पृथिवी को
जारः	जारः	जार
आ	आ+	—
ससतीम्-ऽइव	आ+ससतीमिव, ईषत्स्वपन्तीमिव	जैसे थोड़ी सोती हुई को

प्र	प्र+	—
चक्षय	प्र+चक्षय, प्रदर्शय	दर्शन कराओ
रोदसी०	द्यावापृथिव्यौ	द्यौ (और) पृथिवी को
वासय	स्थिरीकुरु	स्थिर करो
उषसः	उषसः	उषाओं को
श्रवसे	यशोऽर्थम्	यश के लिये
वासय	स्थिरीकुरु	स्थिर करो
उषसः	उषसः	उषाओं को

संस्कृतार्थः ।

वायुः रोहितवर्णौ (अश्वौ) योजयति, वायुः पिङ्गलवर्णौ (अश्वौ) योजयति, वायुः रथस्य धुरि वहनाय शीघ्रगामिनौ (अश्वौ योजयति,) धुरि वहनाय अतिशयेन वहनसमर्थौ (अश्वौ योजयति),

